हिन्दी सांध्य दैनिक

# प्रखर पूर्वांचल

अखबार नहीं आंदोलन

RNI:UPHIN/2016/68754 | www.prakharpurvanchal.com | Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com

गाजीपुर से प्रकाशित व वाराणसी, चंदौली, सोनभद्र, मऊ, बलिया, आजमगढ़, भदोही, मिर्जापुर, जौनपुर, लखनऊ, प्रयागराज, गोरखपुर, कुशीनगर, महाराजगंज तथा देवरिया से प्रसारित

वर्षः 7, अंकः 325, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00, आमंत्रण मूल्य 2.00 | 19 मई, 2023 दिन शुक्रवार | गाजीपुर/वाराणसी

## पीएम मोदी ने ओडिशा की पहली वंदे भारत को दिखाई हरी झंडी

### कहा– जब यह ट्रेन गुजरती है तो देश की प्रगति दिखाई देती है

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को पश्चिम बंगाल के लोगों को 'वंदे भारत ट्रेन' का उपहार दिया है। पीएम मोदी ने वर्चुअली ओडिशा के पुरी-हावड़ा रूट पर वंदे भारत एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाई। इसके साथ ही पीएम ने 8200 करोड़ रुपये की रेल परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि 'वंदे भारत ट्रेन' आधुनिक भारत और आकांक्षी भारतीय दोनों का प्रतीक बन रही है। कार्यक्रम में पीएम मोदी दिल्ली से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए जुड़े थे, जबकि ओडिशा के गवर्नर गणेशी लाल, मुख्यमंत्री नवीन पटनायक, रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव और केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान शरकत हुए।




**वंदे भारत गुजरती है तो...**– प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि आज ओडिशा और पश्चिम बंगाल के लोगों को वंदे भारत ट्रेन का उपहार मिल रहा है। वंदे भारत ट्रेन आधुनिक भारत और आकांक्षी भारतीय, दोनों का प्रतीक बन रही है। आज जब वंदे भारत एक स्थान से दूसर स्थान पर यात्रा करते हुए गुजरती है तो उसमें भारत की गति और प्रगति दिखाई देती है। उन्होंने आगे कहा कि भारत इस साल अपनी आजादी का अमृत काल मना रहा है। भारत की एकता को और मजबूत करने का यह सही समय है, जितनी अधिक एकता होगी, भारत की सामूहिक क्षमता उतनी ही अधिक बढ़ेगी। इस अमृतकाल में वंदे भारत ट्रेनें विकास का इंजन भी बन रही हैं और एक भारत-श्रेष्ठ भारत की भावना को भी आगे बढ़ा रही हैं।

**विकास में हर राज्य की भागीदारी**– वर्चुअली शामिल हुए पीएम मोदी ने कहा कि बीते वर्षों में भारत ने कठिन से कठिन वैश्विक हालातों में भी अपने विकास की गति को बनाए रखा है। इसके पीछे का कारण हर राज्य की भागीदारी है। देश हर राज्य को साथ लेकर आगे बढ़ रहा है। आज का नया भारत टेक्नोलॉजी भी खुद बना रहा है और नई सुविधाओं को तेजी से देश के कोने-कोने में पहुंचा भी रहा है।

**देश में 17 वंदे भारत ट्रेन**– उन्होंने कहा कि यह वंदे भारत ट्रेन, भारत ने अपने बलबूते ही बनाई है। वंदे भारत एक्सप्रेस हावड़ा और पुरी के बीच धार्मिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक संबंध को और मजबूत करेगी। उन्होंने कहा कि आज देश में 17 वंदे भारत ट्रेनें चल रही हैं। ये कनेक्टिविटी और देश की अर्थव्यवस्था दोनों को बढ़ावा दे रहे हैं। हमारी वंदे भारत ट्रेनें भी अब उत्तर से लेकर दक्षिण तक, पूरब से लेकर पश्चिम तक देश के हर किनारे को स्पर्श करती हैं।

**8,200 करोड़ की परियोजना का उद्घाटन**– वहीं, केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि पीएम मोदी आज 8,200 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन किया है। हमारा उद्देश्य ओडिशा के पूरे रेलवे नेटवर्क को विश्व स्तरीय बनाना है। केंद्र सरकार ने ओडिशा में रेलवे इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास के लिए 10000 करोड़ रुपये आवंटित किए हैं। ओडिशा की पहली वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन 16 कोच वाली होगी और पुरी से हावड़ा की दूरी 6.30 घंटे में पूरी करेगी। यह ट्रेन पुरी से खुलने के बाद खड़गपुर, भद्रक, बालासोर, कटक, भुवनेश्वर, खुर्दा स्टेशनों पर रुकते हुए हावड़ा में टर्मिनेट होगी। पुरी-हावड़ा वंदे भारत एक्सप्रेस गुरुवार को छोड़कर सप्ताह में 6 दिन चलेगी। यह सुबह 6.10 बजे हावड़ा से निकलेगी और दोपहर 12.35 बजे पुरी पहुंचेगी। वापसी में यह दोपहर 1.50 बजे पुरी से चलेगी और रात 8.30 बजे हावड़ा पहुंचेगी।

## बिहार में फिलहाल नहीं होगी जातीय गणना, एससी ने हाईकोर्ट के आदेश को रखा बरकरार

पटना/नई दिल्ली। बिहार में जातीय गणना मामले में नीतीश सरकार को गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट से फिर झटका लगा है। सुप्रीम कोर्ट ने जाति आधारित गणना से संबंधित याचिका पर सुनवाई करते हुए पटना हाईकोर्ट के फैसले को बरकरार रखा है। अब इस मामले पर 14 जुलाई को सुनवाई होगी। नीतीश सरकार की ओर से जाति आधारित गणना पर रोक लगाने के पटना हाई कोर्ट के आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई। इससे पहले, सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश संजय करोल ने बुधवार को बिहार में जाति आधारित गणना से संबंधित याचिका पर सुनवाई से खुद को अलग कर लिया। इस कारण बुधवार को याचिका पर सुनवाई नहीं हो सकी थी। न्यायमूर्ति करोल को 6 फरवरी 2023 को सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश के रूप में पदोन्नत किया गया था। गुरुवार को जस्टिस अभय ओक और जस्टिस राजेश बिंदल के कोर्ट में इस मामले की सुनवाई हुई। गुरुवार को सुनवाई करते हुए सर्वोच्च न्यायालय ने जातीय गणना को लेकर पटना हाईकोर्ट के आदेश पर रोक लगाने से इनकार कर दिया।

## यूपी पुलिस ने पहली बार पकड़ी 300 करोड़ की ड्रग्स, 9 विदेशी नागरिक हुए गिरफ्तार

ग्रेटर नोएडा। ग्रेटर नोएडा के सेक्टर थीटा दो स्थित तीन मंजिला मकान में चल रही अंतरराष्ट्रीय ड्रग्स फैक्ट्री का स्वाट टीम ने भंडाफोड़ किया है। मौके से अफ्रीकी मूल के नौ आरोपितों को गिरफ्तार किया गया है। उनके कब्जे से 46 किलोग्राम ड्रग्स बरामद की गई है। पुलिस ने दावा किया है कि बरामद ड्रग्स की कीमत 300 करोड़ रुपये है। उत्तर प्रदेश पुलिस ने पहली बार ड्रग्स की इतनी बड़ी खेप पकड़ी है। आरोपित पिछले एक साल से फैक्ट्री चला रहे थे। फैक्ट्री का संचालन लैब के तरीके से होता था। यही ड्रग्स बनाई जाती थी। उसको पैकेट के रूप में फ्लाइट से विदेश भेजा जाता था। कैलीफोर्निया व नाइजीरिया समेत कई अन्य देश में यहां से ड्रग्स भेजने की पुष्टि हुई है। इसके अलावा भारत के नार्थ ईस्ट में भी सप्लाई की जाती थी। गौतमबुद्ध नगर पुलिस आयुक्त लक्ष्मी सिंह ने बताया कि ड्रग्स कार्टेल, क्रिप्टो करेंसी और टेरर फंडिंग से ड्रग्स फैक्ट्री के तार जुड़े है। आरोपितों ने ड्रग्स बनाने के लिए लैबोरेट्री और डिस्ट्रीब्यूशन के लिए बेस बना रखा था। यहां एक फैक्ट्री सेट अप बनाया था। ड्रग मैन्युफैक्चरिंग के बाद विदेश के अलावा दिल्ली एनसीआर में होने वाली रेव पार्टी में भी सप्लाई की जाती थी। आरोपितों के कब्जे से बरामद 46 किलोग्राम



मैथाफीटामाइन (एमडीएमए) उच्च गुणवत्ता वाला ड्रग है। सेंट्रल नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के अनुमान पर बरामद ड्रग्स 300 करोड़ की आंकी गई है। ड्रग्स बनाने के लिए इस्तेमाल होने वाला केमिकल भी बरामद किया गया हैं। ड्रग्स की फैक्ट्री पिछले एक साल से चल रही थी। ड्रग कार्टेल का पुलिस पता लगाने में जुटी हुई है। डीसीपी ग्रेटर नोएडा साद मियां खान व स्वाट टीम प्रभारी यतेंद्र कुमार ड्रग्स माफिया का पिछले तीन महीने से पीछा कर रही थी। जब पक्की सूचना मिली कि फैक्ट्री में करोड़ों की ड्रग्स बन रही है तब ही पुलिस ने दबिश देकर आरोपितों को धर दबोचा। अफ्रीकी मूल के नागरिकों के पास कोई बैंक खाता, एटीएम या फाइनेंशियल कागजात नहीं मिले है। आरोपित बिना वीजा के रह रहे थे। पूछताछ में पता चला है कि ड्रग्स सप्लाई के बाद मिलने वाली रकम का लेनदेन क्रिप्टोकरंसी के जरिए किया जाता था। आरोपितों के फाइनेंसियल ट्रांजैक्शन और इंटरनेशनल कनेक्शन को भी पुलिस खंगाल रही है। आरोपितों के बैकग्राउंड और फारवर्ड लिंकेज का पुलिस जल्द ही पदार्फाश करेगी।

**टेरर फंडिंग से जुड़े तार**– आरोपितों के तार टेरर फंडिंग से जुड़े हुए है। पुलिस ने केंद्रीय एजेंसियों को इस बारे में सूचना दी है। पकड़े गए नौ आरोपितों में एक पूर्व में नालेज पार्क से नशीला पदार्थ की तस्करी में जेल जा चुका है।

**यह आरोपित हुए गिरफ्तार**– अनुडुम इमैनुएल, जोकू उबाका, डेनियल अजूह, ड्रामेमोंड, लीवी जू, जैकेब एमिली, कोफी, चिडी जीयागवा, जोकू लेची। सभी अफ्रीकी मूल के नाइजीरिया के रहने वाले है।

## जेल में 35 किलो वजन घट गया, कंकाल हो गया हूं... सत्येंद्र जैन ने सुप्रीम कोर्ट में जमानत के लिए लगाई गुहार

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को दिल्ली के पूर्व स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन की जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) से जवाब मांगा है। सत्येंद्र जैन मनी लॉन्ड्रिंग के केस में बीते कई महीने से दिल्ली की तिहाड़ जेल में बंद हैं। जस्टिस एएस बोपन्ना और हिमा कोहली की बेंच ने ईडी को नोटिस जारी करते हुए जैन को यह स्वतंत्रता दी है कि वह अदालत की वैकेशन बेंच में राहत के लिए अपील कर सकते हैं।



सत्येंद्र जैन की तरह से जिरह करने वाले वरिष्ठ वकील अभिषेक सिंघवी ने दलील दी कि पूर्व मंत्री का जेल में रहने के दौरान 35 किलो वजन घट गया है और वह कंकाल बनकर रह गए हैं। वह कई बीमारियों से भी ग्रस्त हैं। एडिशनल सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू जो ईडी की ओर से पक्ष रख रहे थे, ने कहा कि हम याचिका का विरोध करते हैं। इस पर अदालत ने अगली सुनवाई की कोई स्पष्ट तारीख नहीं दी और कहा कि राहत के लिए जैन वैकेशन बेंच में अपील कर सकते हैं। 6 अप्रैल को दिल्ली हाईकोर्ट ने मनी लॉन्ड्रिंग मामले में सत्येंद्र जैन को जमानत देने से इनकार करते हुए कहा था कि वह एक प्रभावशाली व्यक्ति हैं और गवाहों को प्रभावित कर सकते हैं। सत्येंद्र जैन पर मनी लॉन्ड्रिंग का केस ईडी ने साल 2017 में रजिस्टर किया था, जो सीबीआई की द्वारा दर्ज एफआईआर पर आधारित था। उन्हें सीबीआई द्वारा दर्ज मामले में 6 सितंबर, 2019 को नियमित बेल मिली थी। साल 2022 में निचली अदालत ने ईडी द्वारा फाइल आरोपपत्र का संज्ञान लिया था जिसके बाद जैन की गिरफ्तारी हुई थी। इस आरोप पत्र में जैन उनकी पत्नी और आठ अन्य समेत चार फर्मों पर मनी लॉन्ड्रिंग का आरोप लगा था।

## ममता सरकार को झटका, सुप्रीम कोर्ट ने प. बंगाल में 'द केरल स्टोरी' से हटाया बैन

नई दिल्ली। पश्चिम बंगाल सरकार ने फिल्म द केरल स्टोरी को लेकर सुप्रीम कोर्ट में जवाबी हलफनामा दायर किया था। सुप्रीम कोर्ट ने पश्चिम बंगाल सरकार के 8 मई के आदेश पर राज्य द्वारा फिल्म 'द केरला स्टोरी' के प्रदर्शन पर बैन लगाने के फैसले पर रोक लगा दिया है। इसी के साथ सुप्रीम कोर्ट ने पश्चिम बंगाल में फिल्म 'द केरल स्टोरी' पर लगे बैन को हटा दिया। इस मामले की सुनवाई करते हुए सीजेआई ने कहा हम पश्चिम बंगाल सरकार की तरफ से फिल्म पर 8 मई को लगाई गई रोक को हटा रहे हैं। इस रोक का कोई पुख्ता आधार नजर नहीं आ रहा है। 'द केरल स्टोरी' मामले में गुरुवार को सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि कानून का इस्तेमाल सार्वजनिक असहिष्णुता को बढ़ावा देने के लिए नहीं किया जा सकता है, वरना सभी फिल्मों को लेकर ऐसी ही स्थिति पैदा होगी। सुप्रीम कोर्ट ने निमार्ताओं को कहा कि, 'निमार्ता भी डिस्क्लेमर लगाएं कि 32000 लड़कियों के गायब होने का आंकड़ा पुख्ता नहीं है।'

CJI ने कहा कि फि ल्म पर रोक से मना करने के मद्रास और केरल HC के आदेश के खिलाफ




18 जुलाई को सुनवाई होगी। तब जरूरत पड़ने पर जज फि ल्म देखेंगे। बता दें कि इससे पहले बीते शुक्रवार को फिल्म 'द केरल स्टोरी' के निमार्ताओं की ओर से दायर याचिका पर पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु सरकार से सुप्रीम कोर्ट ने जवाब मांगा था। पश्चिम बंगाल सरकार ने सिनेमाघरों में दिखाए जाने के तीन दिन बाद ही इस फिल्म पर प्रतिबंध लगा दिया था।

## बिहार की पूर्व सीएम राबड़ी देवी पूछताछ के लिए ईडी के दफ्तर पहुंची, नौकरी के बदले जमीन मामले में पूछताछ


नई दिल्ली। बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी दिल्ली में नौकरी के बदले जमीन मामले से जुड़े धनशोधन के आरोपों के संबंध में पूछताछ के लिए ईडी के सामने पेश हुईं। जांच एजेंसी के एक अधिकारी ने इसकी जानकारी दी। नौकरी के बदले जमीन लेने के मामले में बिहार की पूर्व सीएम राबड़ी देवी से सीबीआई भी पूछताछ कर चुकी है। अब अब ईडी मनी लॉन्ड्रिंग के आरोपों के तहत उनका बयान दर्ज कर रही है। बता दें कि नौकरी के बदले जमीन मामले में सीबीआई ने बीते साल 18 मई को केस दर्ज किया था। 18 अक्टूबर को इस मामले में चार्जशीट दाखिल कर दी गई थी। इस मामले में 16 लोगों को आरोपी बनाया गया था। सीबीआई ने इस मामले में भोला यादव को गिरफ्तार किया था, जो लालू प्रसाद के रेल मंत्री रहते उनके ओएसडी थे। इस मामले में सीबीआई लालू यादव के बेटे बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी



यादव से भी तीन बार पूछताछ कर चुकी है। राष्ट्रीय जनता दल (राजद) प्रमुख लालू प्रसाद की पत्नी 68 वर्षीय राबड़ी देवी इस मामले में धनशोधन रोकथाम कानून (पीएमएलए) के तहत अपना बयान दर्ज करा रही हैं। वहीं, लालू प्रसाद की बेटी सांसद बेटी मीसा भारती से भी हाल के दिनों में संघीय एजेंसी ने इस मामले में पूछताछ की है। नौकरी के बदले जमीन का यह मामला 14 साल पुराना है। आरोप हैं कि बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री और राबड़ी देवी के पति लालू यादव जब रेलमंत्री थे तो उन्होंने रेलवे में लोगों को नौकरी दिलाने के बदले उनसे जमीन ले ली थी। लालू यादव संयुक्त प्रजातांत्रिक गठबंधन-1 सरकार में 2004 से 2009 तक रेल मंत्री थे। सीबीआई के मुताबिक लोगों को पहले रेलवे में ग्रुप डी के पदों पर सब्स्टीट्यूट के तौर पर भर्ती किया गया और जब उनके परिवार ने जमीन का सौदा किया तब तब उन्हें स्थायी कर दिया गया।

## 'ये न्यायपालिका की जीत है', किरेन रिजिजू का मंत्रालय बदले जाने पर राउत का तंज, कांग्रेस ने भी ली चुटकी

मुंबई। केंद्रीय मंत्रिमंडल में आज एक बड़ा फेरबदल देखने को मिला। सरकार ने किरेन रिजिजू को कानून मंत्री के पद से हटाकर अर्जुन राम मेघवाल को कानून मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) बना दिया है। रिजिजू का मंत्रालय बदले जाने पर शिवसेना (यूबीटी) नेता संजय राउत और कई विपक्षी नेताओं ने तंज कसा है। राउत ने कहा कि केंद्र सरकार ने किरेन रिजिजू के प्रति न्यायपालिका की नाराजगी पर ध्यान दिया है और इसलिए उनका मंत्रालय बदला गया है। राज्यसभा सांसद ने संवाददाताओं से आगे कहा कि यह न्याय व्यवस्था की जीत है। उन्होंने आरोप लगाया कि रिजिजू ने न्यायपालिका के कामकाज में दखल देने की कोशिश की और यहां तक कि भारत के मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और कई अन्य का अपमान किया। दूसरी ओर राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के मुख्य प्रवक्ता क्लाइड क्रैस्टो ने कहा कि रिजिजू अपने कर्तव्य से ऊपर होने की कोशिश कर रहे थे। उन्होंने कहा कि ऐसा करने वाले सभी केंद्रीय मंत्रियों के लिए यह एक उदाहरण होना चाहिए। क्रेस्टो ने कहा कि केंद्र सरकार को कम प्रदर्शन करने वाले मंत्रियों के लिए भी यही मानक तय करना चाहिए।




कांग्रेस ने भी रिजिजू पर तंज कसा और सांसद मणिकम टैगोर ने कहा कि वे नाकाम मंत्री थे, इसलिए उनका मंत्रालय बदला गया है। वहीं, राज्यसभा सांसद कपिल सिब्बल ने तंज कसते हुए कहा कि कानूनों के पीछे के विज्ञान को समझना आसान नहीं है। बता दें कि रिजिजू को पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय का कार्यभार दिया गया है।

## बसपा की समीक्षा बैठक : मायावती ने दिए निर्देश, 'वोट हमारा राज तुम्हारा नहीं चलेगा' अभियान गांव-गांव चलाएं

लखनऊ। यूपी निकाय चुनाव में करारी हार के बाद बसपा सुप्रीमो मायावती ने गुरुवार को लखनऊ स्थित पार्टी मुख्यालय पर सभी छोटे बड़े पदाधिकारियों की बैठक की। उन्होंने कहा कि वोट हमारा राज तुम्हारा नहीं चलेगा का अभियान गांव-गांव तेजी के साथ चलाया जाए। स्टेट कमेटी और सभी 18 मंडलों में जिलों के पदाधिकारियों की बैठक लेते हुए मायावती ने कहा कि अब लोकसभा चुनाव की तैयारियों में मिशनरी लक्ष्य के साथ लगन से जुट जाना है। उन्होंने निकाय चुनाव की जिलेवार समीक्षा की और फीडबैक लिया। कहा कि चुनाव में भाजपा और समाजवादी पार्टी ने साम दाम दंड भेद जैसे घिनौने हथकंडे अपनाये। भाजपा ने सरकारी मशीनरी का दुरुपयोग करते हुए दमन की कार्रवाई की। वोटर लिस्ट में गड़बड़ी की शिकायत रही। उन्होंने कहा कि यह लोकतंत्र एवं भविष्य के लिए बेहद दुखद है। इसका जवाब लोकसभा चुनाव में जनता देगी। निकाय चुनाव में लोगों की आपसी गुटबाजी, रंजिश और मनमुटाव तथा चुनाव में टिकट नहीं मिल पाने आदि के कारण हालात थोड़े दिन अलग जरूर रहते हैं। इसे आगे ध्यान में रखकर संगठन को मजबूत किया जाए। भाजपा ने कहा कि चाहे



जो भी दावा करे लेकिन वास्तविकता यह है कि ओबीसी आरक्षण तथा महिला सीटों के आरक्षण समेत शुरू से लेकर अंत तक निकाय चुनाव को हर तरह से मैनेज व मैनिपुलेट किया गया। बावजूद इसके मेयर चुनाव को छोड़कर भाजपा की दाल लोगों ने बहुत ज्यादा नहीं गलने दी। मायावती ने कहा कि मेयर का चुनाव भी यदि ईवीएम की जगह बैलेट पेपर से होता तो परिणाम कुछ और होते। उन्होंने कहा कि आगरा और सहारनपुर के मेयर चुनाव में बसपा को घिनौना षड्यंत्र करके हरा दिया गया। उन्होंने कहा की पार्टी कार्यकर्ता चुनावी खर्च के लिए पार्टी को आर्थिक रूप से मजबूत रखने को कभी ना भूलें।

## डिप्टी सीएम केशव ने अखिलेश को बताया 'पराजय का धनी', एक और हार की अग्रिम बधाई दी

लखनऊ। यूपी के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव पर तंज कसते हुए उन्हें पराजय का धनी करार दिया है। गुरुवार को उन्होंने ट्वीट कर कहा कि पराजय के धनी सपा बहादुर अखिलेश यादव की पार्टी सपा को विधान परिषद उपचुनाव में प्रत्याशी उतार कर नगरीय निकाय चुनाव में करारी शिकस्त के बाद एक और सुनिश्चित पराजय के लिए अग्रिम बधाई! सपा ने प्रदेश की दो विधान परिषद सीटों पर हो रहे उप चुनाव में अपने प्रत्याशी उतार दिए हैं। अब हार-जीत का फैसला मतदान से होगा। हालांकि, चुनाव में भाजपा का पलड़ा भारी बताया जा रहा है। सपा ने विधान परिषद चुनाव के लिए पूर्व एमएलसी रामजतन राजभर और रामकरण निर्मल को उम्मीदवार बनाया है। इस दोनों प्रत्याशियों ने सपा नेता व कार्यकताओं की मौजूदगी में गुरुवार को नामांकन दाखिल कर दिया है।

## इमरान खान को कभी भी गिरफ्तार कर सकती है पुलिस, घर में आतंकियों को छिपाने का आरोप

लाहौर। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री और पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के अध्यक्ष इमरान खान की मुश्किलें कम नहीं हो रही हैं। इमरान खान के लाहौर में स्थित आवास के बाहर पुलिस ने बुधवार से डेरा डाला हुआ है। पुलिस उन्हें कभी भी गिरफ्तार कर सकती है। पुलिस का दावा है कि इमरान खान के आवास पर कई आतंकवादी छिपे हुए हैं। आतंकियों को गिरफ्तार करने के लिए पुलिस कभी भी ऑपरेशन शुरू कर सकती है। पाकिस्तान की स्थानीय मीडिया ने बताया कि जमां पार्क की ओर जाने वाली सभी सड़कों को बंद कर दिया गया है और इलाके में भारी पुलिस बल तैनात है।



**'आतंकियों' को 24 घंटे का अल्टीमेटम**– पंजाब सरकार ने पूर्व प्रधानमंत्री के घर में शरण लेने वाले कथित आतंकवादियों को सौंपने के लिए 24 घंटे का अल्टीमेटम दिया था। अल्टीमेटम खत्म हो गया है। सूत्रों का कहना है कि अल्टीमेटम खत्म होने के बाद बड़ी कार्रवाई की जा सकती है।

**पुलिस को सतर्क रहने के निर्देश**– एजेंसी ने बताया कि पंजाब पुलिस के महानिरीक्षक और राजधानी शहर के पुलिस अधिकारी ने पुलिस को सतर्क रहने के लिए कहा है। पंजाब के कार्यवाहक सूचना मंत्री आमिर मीर ने बुधवार रात कहा कि पीटीआई के अध्यक्ष इमरान खान को गिरफ्तार करने की प्रांतीय सरकार की अब तक कोई योजना नहीं है। पाकिस्तान सरकार के एक मंत्री ने कहा, 'पहले 24 घंटे की समय सीमा खत्म होने दें, फिर सरकार अपनी योजनाओं का खुलासा करेगी।

## संपादकीय

### मीठा खतरा

किसी रोग के इलाज या उससे बचाव के क्रम में अमूमन सभी चिकित्सा पद्धतियों में यह सलाह दी जाती है कि खानपान में क्या बदलाव किया जाना चाहिए या फिर क्या खाने-पीने से बचा जाना चाहिए। इसके अलावा, बाजार में मौजूद कई उत्पादों के विज्ञापनों में यह दावा किया जाता है कि उसके उपयोग से किसी खास रोग से बचाव संभव है। सवाल है कि खाने-पीने को लेकर अनेक प्रकार के दावे करते हुए बाजार में उपलब्ध उत्पाद किसी बीमारी को दूर करने में क्या सचमुच सहायक साबित होते हैं? या फिर वे शरीर में एक नई जटिलता पैदा करते हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन यानी डब्लूएचओ ने मंगलवार को गैर-चीनी मिठास को लेकर जो नई चेतावनी जारी की है, वह वैसे लोगों के लिए सावधान हो जाने का वक्त है, जो ऐसी कृत्रिम मिठास का सेवन करते हुए यह मान कर चलते हैं कि उन्होंने शरीर में मीठे की जरूरत भी पूरी कर ली और वे चीनी से इस्तेमाल से भी बच गए। पिछले कुछ दशकों के दौरान जीवनशैली से जुड़े सेहत के सवालों को लेकर अनेक प्रकार के अध्ययन होते रहे हैं। खासतौर पर मधुमेह और हृदय रोगों को लेकर विशेष चिंता जताई जाती रही है और सबसे ज्यादा जोर खानपान में परहेज और संतुलन पर दिया जाता रहा है। इसी क्रम में मधुमेह के जोखिम के बीच कृत्रिम मिठास का विकल्प लोकप्रिय हुआ था। अब डब्लूएचओ ने शरीर के वजन को नियंत्रित करने या फिर गैर-संचारी बीमारियों के खतरे को कम करने के लिए आम इस्तेमाल में आ चुके मिठास पैदा करने वाले पदार्थ या गैर-चीनी मिठास को लेकर आगाह किया है। डब्लूएचओ के मुताबिक गैर-चीनी मिठास के सेवन को लेकर नया सुझाव उपलब्ध सबूतों की समीक्षा के नतीजों पर आधारित है। जिससे पता चलता है कि इसके इस्तेमाल से वयस्कों या बच्चों के शरीर का वजन कम करने में लंबे समय के दौरान कोई फायदा नहीं मिलता। बल्कि अध्ययन के नतीजों से ये तथ्य भी उजागर हुए है कि ज्यादा वक्त तक इसके इस्तेमाल से घातक असर हो सकते हैं। मसलन, टाइप-2 मधुमेह, दिल की बीमारियों का खतरा हो सकता है और इसकी वजह से वयस्कों के बीच मृत्यु-दर भी बढ़ सकती है। जाहिर है, जिस चीज का इस्तेमाल करके लोग खुद को सुरक्षित महसूस करते रहे हैं, वही उनकी सेहत को नई जटिलता में डाल सकती है। विडंबना यह है कि एक समय किसी खास वस्तु को जहां सेहत के लिए या किसी रोग से बचाव के मकसद से उपयोगी बताया जाता है, उसी को कभी जोखिम से भरा हुआ बता दिया जाता है। ऐसे में एक आम इंसान के सामने स्वाभाविक ही दुविधा खड़ी हो जाती है, जो अपनी किसी बीमारी की हालत में चिकित्सकों या चिकित्सा संबंधी सलाहों पर निर्भर रहता है। निश्चित रूप से अगर कोई प्रशिक्षित चिकित्सक सभी प्रकार की जांच करके किसी चीज के सेवन या उससे बचने की सलाह देता है तो इसका कोई आधार होता है। लेकिन अगर लोकप्रिय प्रचार के दबाव में खानपान में कोई ऐसी चीज शामिल की जाती है, जिसका कोई लाभ नहीं हो, तो संभव है कि उसके दुष्परिणाम से कोई नई बीमारी जकड़ ले। ऐसे में लोगों को फल या अन्य प्राकृतिक रूप से मिठास वाले पदार्थों का विकल्प चुनना चाहिए, जो वास्तव में लाभ पहुंचा सकते हैं। डब्लूएचओ की ओर से गैर-चीनी मिठास के बारे में जारी चेतावनी इस बात की ताकीद है कि लोग लोकप्रिय प्रचारों के प्रभाव में आए बिना अपनी सेहत को लेकर वास्तविक जरूरतों का ही ध्यान रखें।


### कर लिए स्वीकार!



मान गए वो झटपट ।
कर लिए स्वीकार ।।
फैसला है पार्टी का ।
व्यक्त किए उद्गार ।।
आने वाले कल का ।
हैं वही सितारा ।।
सार्वजनिक है सहमति ।
ना उसे नकारा ।।
आएगा अब जल्द ।
लगता अमृतलाल ।।
टल गया है संकट ।
शांत हैं सवाल ।।
फायदे का सौदा ।
चुपचाप ही रहना ।।
है ऐसी कहावत ।
बुजुर्गो का भी कहना ।।

–कृष्णोन्द्र राय

# सुशासन और गाँधीय रामराज्यः एक समीक्षा



आधुनिक व व्यवस्थित रूप में सुशासन का विचार 1980 के दशक के अंत मे उत्पन्न हुआ। 1992 में विश्व बैंक ने ' गवर्नेंस एंड डेवोलोपमेंट' नामक रिपोर्ट में सुशासन को परिभाषित करते हुए कहा कि ,"किसी देश के द्वारा अपने आर्थिक व सामाजिक संसाधनों का प्रभावी प्रबंधन ही सुशासन है"। महात्मा गांधी के समाज और शासन व्यवस्था तथा जीवन को लेकर जो विचार थे, जिनका प्रतिपादन दैनिक साधन के माध्यम से गुजरते हुए किया था, जिसमें व्यावहारिकता का पक्ष प्रबल दिखाई पड़ता है गांधीजी के सामने आजादी के बाद के भारत की तस्वीर साफ थी सुशासन का उनके लिए क्या मतलब हो सकता था, उसे उनकी इस बात से समझा जा सकता है वे कहते हैं- मैं ऐसे भारत के लिए कोशिश करूंगा, जिसमें गरीब से गरीब आदमी भी यह महसूस करे कि यह उनका देश है, जिसके निर्माण में उसकी आवाज का महत्व है मैं ऐसे भारत के लिए कोशिश करूंगा, जिसमें ऊंच-नीच का कोई भेद न हो जातियां मिलजुल कर रहती हों ऐसे भारत में अस्पृष्यता व शराब तथा नशीली चीजों के अनिष्टों के लिए कोई स्थान न होगो उसमें स्त्रियों को पुरूषों के समान अधिकार मिलेंगे सारी दुनिया से हमारा सम्बंध शांति और भाईचारे का होगो स्पष्टतः महात्मा गांधी के सुशासन की अवधारणा सिर्फ कानून या पुलिस व्यवस्था तक सीमित नहीं थी वह जितनी भौतिक उन्नति चाहते थे उतनी ही आत्मिक उन्नति भी दोनों के मेल को वह स्वस्थ समाज के लिए आवश्यक मानते थे यही वजह है कि उनका ईश्वर और कर्म दोनों ही में अटल विश्वास थो गांधीजी के स्वराज्य की संकल्पना में ही बेहतर सुशासन का अर्थ निहित है सबसे पहले गांधीजी के स्वराज्य का निहितार्थ समझें उनकी दृष्टि में स्वराज्य का अर्थ है यह देश जितना किसी राजा का होगा उतना ही किसान का, जितना किसी धनवान जमींदार के लिए होगा उतना ही भूमिहीन के लिए, जितना हिन्दुओं के लिए होगा उतना ही मुसलमानों के लिए, अर्थात बिना किसी भेदभाव के सबके लिए होगो यही था गांधीजी के सुशासन का अभिप्राये दूसरी तरफ महात्मा गांधी के लिए स्वराज्य का मतलब था सत्ता का विकेन्द्रीकरणे सत्ता के केन्द्र में गांव स्थित है जिसमें सबकी सहभागीता हो गांव सबल बने इसके लिए आवश्यक है गांवों को वह सारी सुविधा उपलब्ध हो जो आवश्यक है जैसे- गांव में ग्राम पंचायत हो जहां सभी तरह के फैसले आपसी सद्भाव से किए जाएं; शिक्षा सबके लिए अनिवार्य हो, परन्तु शिक्षा का माध्यम स्थानीय भाषा रहे, बच्चों के लिए खेल-कूद का मैदान होना चाहिए, चिकित्सालय आदि सभी आवश्यकताओं की पूर्ति हो गांधीजी इस तरह की व्यवस्था के लिए ही रामराज्य जैसे प्रतीकों का इस्तेमाल करते थे उनका रामराज्य जैसे प्रत्यय का सम्बंध धर्म से नहीं थो इस शब्द का निहितार्थ बहुत व्यापक है रामराज्य का अर्थ भेदभाव विहीन समाज का निर्माण करना है भयमुक्त अहिंसक वातावरण बने समरस समाज बने सरकार भी अपनी जिम्मेदारी का निर्वाह करे शासक की भावना नहीं सेवक भाव से समाज के उत्थान का प्रयास हो जनता सर्वोपरि है गांधीजी ने कहा था, जो सबसे गरीब और कमजोर आदमी तुमने देखा हो, उसकी शक्ल याद करो और अपने दिल से पूछो कि जो कदम उठाने का तुम विचार कर रहे हो वह, उस आदमी के लिए कितना उपयोगी होगो क्या उससे, उसे कुछ लाभ पहुंचेगा? क्या उससे, वह अपने ही जीवन और भाग्य पर कुछ काबू रख सकेगा, यानी क्या उससे उन करोड़ों लोगों को स्वराज्य मिल सकेगा, जिनके पेट भूखे हैं और आत्मा अतृप्त है? कहना न होगा कि सुशासन की वह कल्पना गांधीजी की नजरों में अधूरी है जिसमें किसी का पेट न भर पाये और कोई सम्मान से वंचित हो

विचारणीय है कि यद्यपि सुशासन की दिशा में सरकार ने तमाम कोशिशें की है, किन्तु अभी भी इसकी राह में अनेक चुनौतियां विद्यमान है। राजनीति का अपराधीकरण सुशासन के रास्ते मे एक बड़ी समस्या है। 'एसोसिएशन ऑफ डेमोक्रेटिक रिफॉर्म' ADR की रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में चुने गए सांसदों में से 43% सांसद आपराधिक केस का सामना कर रहे है। भ्रष्टाचार भी भारत मे सुशासन के लक्ष्य की प्राप्ति में एक बड़ी रुकावट है। ' ट्रांसपरेंसी इंटरनेशनल ' के 'करप्शन परसेप्शन इंडेक्स' के अनुसार भारत मे भ्रष्टाचार के मामलों में लगातार बढ़ोत्तरी हो रही है। इसी तरह लैंगिक असमानता, न्याय में देरी व आर्थिक असमानता आदि सुशासन के उद्देश्यों की प्राप्ति में बड़े बाधक है। आज सुशासन एक समकालीन विमर्श का विषय है आज भी सामाजिक, राजनीतिक, आर्थिक क्षेत्र में लागू करने की कोशिश की जा रही है भ्रष्टाचार, कुरीतियों, स्वच्छता, भूख मुक्ति, शिक्षा की बात हो इन तमाम मुद्दों को सुशासन के परिप्रेक्ष्य में देखा जाता है इसमें रोजगार गारंटी की बात भी सम्मिलित है इन सारे प्रयासों में आज गांधी जी के नाम और काम से जिन चीजों की व्यापक चर्चा हुई उसमें अहिंसा का प्रमुख स्थान है इसलिए जब हम सुशासन की चर्चा करते हैं वहां दमन और दंड की कोई बात न हो।

**सूची पाठक**
**पूर्व छात्रा**
**राजनिति विज्ञान विभाग**
**( बी. एच. यू. )**

# यूपी में भगवा लहर का जलवा कायम राष्ट्रीय फलक पर योगी का बढ़ेगा कद

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश भगवा राजनीति का गढ़ बनने की दिशा में अग्रसर प्रतीत हो रहा है। 2014 लोकसभा चुनाव में मोदी लहर में भारतीय जनता पार्टी ने अपने सहयोगी दलों के साथ पहली बार 73 सीटों पर विजय प्राप्त की थी, 2017 में भी पार्टी को प्रचंड विजय मिली और अब गोरक्षपीठ के महंत योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में प्रदेश में जितने भी चुनाव हो रहे हैं हर चुनाव में भाजपा की लोकप्रियता का ग्राफ बढ़ रहा है, 2017 में नगर निगम चुनाव, 2019 के लोकसभा चुनाव, 2022 के विधानसभा चुनाव और अब 2023 के नगर निकाय चुनावों ने तो एक नया अध्याय लिखा है।



निकाय चुनाव 2023 में मुख्यमंत्री योगी जी के नेतृत्व में भाजपा ने सभी 17 नगर निगमों और उसके बाद नगर पंचायत और पालिका चुनावों में भी सीट व वोट प्रतिशत के हिसाब से अब तक की सबसे बड़ी जीत अर्जित कर एक कीर्तिमान स्थापित किया है। इसी समय हुए उपचुनावों में भाजपा ने सपा के मजबूत नेता आजम खां के अंतिम गढ़ को भी ध्वस्त कर दिया। भाजपा की इस विजय से विपक्षी दलों के उत्साह पर पानी फिर गया है और वह 2024 लोकसभा चुनावों की तैयारी में पिछड़ गये हैं वहीं भाजपा अपने सभी सहयोगी दलों के साथ सभी 80सीटों पर विजय का अभियान चलाने जा रही है। उत्तर प्रदेश में सभी 17 नगर निगमें में भाजपा को मिली विजय बहुत बड़ी है क्योंकि अब किसी भी नगर निगम में निगम संचालन करवाने के लिए निर्दलीय पार्षदों का सहारा नहीं लेना पड़ेगा। इस विजय के नायक मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ही हैं जिनकी नियत, नीति और कार्यशैली जनमानस को भा रही है। योगी आदित्यनाथ ने 13 दिनों में 43 जिलों में 50 जनसभाएं और कई रोड शो किये जिनमें नगरीय विकास तथा कानून व्यवस्था की स्थापना पर मुखर रूप से बात की गई। विधानसभा सत्र के दौरान मुख्यमंत्री का बयान, ह्लमिट्टी में मिला देंगे माफिया कोह्र और उसके बाद कई खतरनाक माफियाओं पर कार्यवाही ने आमजन का योगी जी पर विश्वास बढ़ाया वहीं मुस्लिम तुष्टिकरण की राजनीति के तहत सपा, बसपा, कांग्रेस सहित सभी सेकुलर दलों के माफियाओं के साथ खड़े हो जाने ने योगी जी की साफ नियत का डंका बजा दिया। राजधानी लखनऊ से लेकर समस्त अवध, बुंदेलखंड, पूर्व व पश्चिम के कई क्षेत्रों में भाजपा पार्षदों के कामकाज से जनता खुश नहीं थी लेकिन फिर भी प्रदेश की जनता ने पहली बार नगर निकाय चुनावों में भी कानून व्यवस्था के नाम पर कई मोहल्लों व गलियों में भाजपा को एकतरफा वोट दिया। भाजपा कार्यकर्ता निगम चुनावों में मतदाता को यह समझाने में कामयाब हो गये कि निर्दलीय व अन्य को पार्षदी के चुनाव में जिताने से कोई लाभ नहीं होने वाला क्योंकि जब एक ही दल का पार्षद विधायक व सांसद रहता है तो काम करने और करवाने में सामंजस्य बना रहता है। यह बात जनता समझती है और इसका परिणाम भी सामने आया उदाहरण के रूप में लखनऊ, जो कि पूर्व प्रधानमंत्री अटलजी संसदीय क्षेत्र रहा है, वहां एक बार फिर कमल खिला है और अबकी बार पिछली बार से भी अधिक वोट प्राप्त हुए हैं और पार्षद भी जीतने में कामयाब रहे हैं। मुख्यमंत्री का मानना है कि नगरीय निकाय चुनाव में भाजपा को मिली ऐतिहासिक जीत सुशासन, विकास और भयमुक्त वातावरण का नतीजा है जिसे मतदाताओं ने जनादेश दिया है। उप्र में वृहद सांगठनिक ढांचे, समर्पित कार्यकताओं की विशाल सेना और सुनियोजित रणनीति के बल पर भाजपा ने ऐतिहासिक विजय हासिल की है। भारतीय जनता पार्टी ने इन चुनावों में धर्म की ध्वजा पर सवार होकर जातियों का चक्रव्यूह भेदने में सफलता हासिल की है। सभी नगर निगमों में संख्याबल के आधार पर चुनाव में निर्णायक भूमिका निभाने का माद्दा रखने वाली जातियों में पैठ बनाने के लिए पार्टी ने प्रभावी मतदाता सम्मेलन आयोजित किये जिसका असर दिखाई पड़ा है। कई सीटों पर बगावती लोगों ने भी अपने तेवर दिखाने के प्रयास किये जिन्हें समझाकर या तो बिठाया गया या फिर समय रहते उन पर कड़ी कार्यवाही की गयी जिसका असर भी परिणामों पर देखा गया है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व मंत्रिमंडल के सभी सहयोगियों ने मिलकर एक कुशल रणनीति बनायी और प्रदेशभर का तूफानी दौरा किया। उम्मीदवार चयन से लेकर बूथ प्रबंधन की रणनीति को सफलतापूर्वक धरातल पर उतारकर विपक्ष के मंसूबों पर पानी फेर दिया। 2023 में भाजपा ने 2017 के मुकाबले बहुत बढ़त बनाई है। वर्ष 2017 में बीजेपी ने 14 नगर निगमों में जीत हासिल की थी और वहीं 198 नगर पालिका परिषद में 70 पालिकाओं में अध्यक्ष पद का चुनाव जीता था। इस बार भाजपा ने 199 में से 87 नगर पालिकाओं में अध्यक्ष पद का चुनाव जीता है। वर्ष 2017 में भाजपा ने 438 नगर पंचायतों में से 100 पर चुनाव जीता था और इस बार भाजपा ने 544 नगर पंचायतों में से 191 पंचायतों में अध्यक्ष पद का चुनाव जीता है। राजधानी लखनऊ के निगम इतिहास में पहली बार भाजपा के 80 पार्षद कमल खिलाने में कामयाब रहे हैं।

# ममता बनर्जी ने जो शर्त रखी है, कांग्रेस के लिए उसे पूरा कर पाना संभव नहीं होगा

कर्नाटक चुनाव में मिली बड़ी जीत के बाद अब अखिलेश यादव से लेकर नीतीश कुमार, तेजस्वी यादव और शरद पवार सहित कई विपक्षी दलों के नेताओं ने कांग्रेस को आगे बढ़कर बधाई दी। लेकिन पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कांग्रेस को बधाई देने के साथ-साथ एक कदम आगे बढ़कर यह एलान भी कर दिया कि उनकी पार्टी 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव में कांग्रेस का समर्थन करने के लिए तैयार है लेकिन राजनीति की चतुर खिलाड़ी ममता दीदी ने इस समर्थन के बदले कांग्रेस के सामने ऐसी शर्त रख दी जिसे मानना कांग्रेस जैसी राष्ट्रीय पार्टी के लिए कतई संभव नहीं है।

पश्चिम बंगाल में भाजपा के बढ़ते कद और जनाधार से परेशान ममता बनर्जी ने बड़ा दांव खेलते हुए यह कहा कि 2024 के लोकसभा चुनाव को देखते हुए जहां-जहां कांग्रेस मजबूत है वहां-वहां वो कांग्रेस का समर्थन करने के लिए तैयार है लेकिन कांग्रेस को पश्चिम बंगाल में उनके खिलाफ नहीं लड़ना चाहिए। ममता बनर्जी ने तर्क दिया कि जहां भी (जिन-जिन राज्यों में) कोई क्षेत्रीय राजनीतिक दल मजबूत होता है वहां भाजपा नहीं लड़ सकती है इसलिए वहां पर मजबूत क्षेत्रीय दल को प्राथमिकता मिलनी चाहिए। उन्होंने कहा कि वे कर्नाटक में कांग्रेस का समर्थन कर रही हैं लेकिन उसे (कांग्रेस) बंगाल में मेरे खिलाफ नहीं लड़ना चाहिए। क्या कांग्रेस के लिए ममता बनर्जी की इस मांग को मानना संभव है ? क्या लोकसभा चुनाव में भाजपा को सत्ता से बाहर करने के नाम पर कांग्रेस इतनी बड़ी कुबार्नी देने को तैयार है कि वो मजबूत क्षेत्रीय क्षत्रपों के हाथ में पूरा का पूरा राज्य सौंप दें ? कांग्रेस से निकल कर अपना-अपना क्षेत्रीय दल बनाकर अलग-अलग राज्यों में सरकार चला रहे अपने ही पूर्व नेताओं की वजह से कई राज्यों में पहले से ही अस्तित्व बचाने की लड़ाई लड़ रही कांग्रेस क्या अपनी बची-खुची पार्टी को भी इन क्षेत्रीय क्षत्रपों के सामने सरेंडर करने को तैयार है ?

सोचने वाली बात तो यह भी है कि ममता बनर्जी की वजह से कांग्रेस को कर्नाटक में कितना फायदा हुआ है ? या ममता बनर्जी राजस्थान, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ जैसे राज्यों में कांग्रेस को कितना फायदा पहुंचा सकती हैं और अगर इसका जवाब ना है तो फिर कांग्रेस बंगाल को ममता के हवाले कैसे कर सकती है ? कांग्रेस के सामने सबसे बड़ा संकट तो यह भी है कि अगर वह ममता बनर्जी की मांग मान लेती है तो फिर अन्य राज्यों से भी इसी तरह की मांगें उठनी लगेंगी। अखिलेश यादव कहेंगे कि कांग्रेस उत्तर प्रदेश में उनके खिलाफ न लड़े, नीतीश-तेजस्वी कहेंगे कि कांग्रेस बिहार में उनके खिलाफ नहीं लड़े, नेशनल कांफ्रेंस-पीडीपी इसी तरह की मांग जम्मू-कश्मीर में करेंगे, आम आदमी पार्टी कहेगी कि भाजपा को हराने के लिए कांग्रेस दिल्ली और पंजाब में चुनाव नहीं लड़े और इसी तरह की मांगें महाराष्ट्र, तेलंगाना, आन्ध्र प्रदेश और केरल जैसे राज्यों से भी आ सकती है तब कांग्रेस क्या करेगी ? ऐसे में साफ नजर आ रहा है कि ममता बनर्जी ने समर्थन देने की एवज में ऐसी शर्त थोप दी है जिसे कांग्रेस के लिए मान पाना संभव नहीं है। यही वजह है कि ममता बनर्जी का बयान सामने आते ही कांग्रेस की तरफ से तुरंत अधीर रंजन चौधरी का बयान भी सामने आ गया। गांधी परिवार के करीबी, पश्चिम बंगाल से लोकसभा सांसद और लोकसभा में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी ने ममता बनर्जी की शर्त को नकारते हुए कहा कि कर्नाटक चुनाव के पहले ममता बनर्जी ने कभी कहा है कि भाजपा को हराने के लिए कांग्रेस को वोट दो लेकिन अब बंगाल में भी कांग्रेस की पकड़ बढ़ती जा रही है और उन्हें यह लगने लगा है कि कांग्रेस के बिना बंगाल में उनका आगे बढ़ना मुश्किल है। दरअसल, ममता बनर्जी ने जो शर्त खुल कर कांग्रेस के सामने रख दी है, कुछ उसी तरह की इच्छा अन्य तमाम क्षेत्रीय क्षत्रप भी रखते हैं जो गाहे-बगाहे कांग्रेस को इस बात का अहसास दिलाते रहते हैं कि कांग्रेस उनके राज्य में कितनी कमजोर हो गई है। ये तमाम क्षेत्रीय क्षत्रप मन ही मन यह चाहते हैं कि विपक्षी दलों की एकता के नाम पर कांग्रेस उनके-उनके राज्यों में उन्हें बड़ा भाई मान ले और जितनी सीटें वो देने को तैयार है उतनी सीटों पर ही लड़े। लेकिन कांग्रेस के पुराने और अनुभवी नेता यह जानते हैं कि अगर कांग्रेस ने इन क्षेत्रीय क्षत्रपों के सामने सरेंडर कर दिया तो उसके लिए राष्ट्रीय पार्टी बने रहना भी मुश्किल हो जाएगा। ऐसे में स्पष्ट तौर पर यह नजर आ रहा है मोदी विरोध के नाम पर विरोधी दलों का साझा मोर्चा बनाने का यह अभियान लोकसभा चुनाव तक चलता रहेगा और इस बीच सीटों की संख्या और तालमेल को लेकर कांग्रेस और क्षेत्रीय दलों के बीच खींचतान भी चलती ही रहेगी।

## दुकानदार द्वारा रुपये मांगने पर दबंगो ने पीटा

प्रखर पिंडरा वाराणसी। फूलपुर थाना क्षेत्र के मंगारी में फास्ट फूड के दुकान से जबरदस्ती खाने के बाद रुपए मांगने पर मारने पीटने का आरोप लगाते हुए दुकानदार ने शिकायत की। पुलिस को दिए शिकायती पत्र में मंगारी निवासी राहुल गुप्ता ने आरोप लगाया कि बहन की शादी के लिए ब्याज पर रुपये लिए थे। जिसका चुकता भी कर दिया लेकिन चेक बाउंस करा कर उसके खिलाफ मुकदमा करा दिया गया। लेकिन इसी बीच उसके फास्ट फूड की दुकान पर जाकर उक्त दबंग जबरन दुकान से खाने के बाद चले जाते और कहते है ब्याज में खा रहे है। रुपये मांगने पर मारने पीटने की धमकी देने के साथ दो दिन पूर्व पीट दिया और गुरुवार को फिर पुलिस से शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी। जिसपर इंस्पेक्टर फूलपुर ने कार्रवाई का आश्वासन दिया।

## डिग्री के साथ व्यवसायिक और प्रबंधकीय कौशल कोर्स, युवाओं में आत्मविश्वास से आगे बढ़ने की नई ताकत



प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। श्री अग्रसेन कन्या पीजी कॉलेज वाराणसी के कैरियर एवं काउंसलिंग प्रकोष्ठ एवं एडटेक कंपनी यंग स्किल्ड इंडिया के संयुक्त तत्वावधान में डिग्री कोर्स के साथ भविष्य के कैरियर में व्यवसायिक और प्रबंधन कौशल का महत्व विषय पर कॉलेज के बुलानाला परिसर में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया` प्राचार्य एवं कैरियर एंड काउंसलिंग प्रकोष्ठ की समन्वयक प्रोफेसर मिथिलेश सिंह ने मुख्य अतिथि का स्वागत करते हुए अपने वक्तव्य में कहा की युवा प्रकृति का उपहार है जिनमें अपार क्षमताएं होती है यदि इन्हें सही मार्गदर्शन दिया जाए तो यह देश के लिए वरदान साबित हो सकते हैं` मुख्य वक्ता नीरज श्रीवास्तव, यंग स्किल्ड इंडिया के सीईओ ने बताया कि वैश्विक बेरोजगारी का मूल कारण उच्च शिक्षा प्राप्त युवाओं के बीच उनकी नियमित डिग्री के अलावा व्यावसायिक एवं प्रबंधकीय कौशल की कमी है यह एक बुनियादी आवश्यकता है जो नौकरियों के लिए अनिवार्य है तथा व्यवसाय को शुरू करने और उनकी सफलता के लिए आवश्यक है।

## निकाय चुनाव में मिली जीत के बाद भाजपा जिला अध्यक्ष ने जनपदवासियों एवं कार्यकर्ताओं का किया आभार व्यक्त

प्रखर मिजार्पुर। भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष बृजभूषण सिंह ने बरौधा कचार स्थित भाजपा जिला कार्यालय पर प्रेस वार्ता कर अपनी बात को रखते हुए जनता जनार्दन के आशीर्वाद मिजार्पुर जिले के पदाधिकारी कार्यकताओं की कड़ी मेहनत सामूहिक शक्ति का परिणाम है कि मोदी योगी की योगी सरकार की अगुवाई में हम चुनाव जीत रहे हैं। भाजपा जिलाध्यक्ष बृजभूषण सिंह ने कहा की प्रदेश भाजपा संगठन ने मीरजापुर भाजपा जिलाध्यक्ष का दायित्व मुझे सौंपा तब से देवतुल्य भाजपा कार्यकर्ताओ को साथ लेकर 2019 में लोकसभा चुनाव को जनता जनार्दन के आशीर्वाद से ऐतिहासिक जीत दर्ज की। 2022 के विधान सभा चुनाव में पांचों सीटों पर भाजपा गठबंधन की जीत हुई। 2023 के 96 विधान सभा के उपचुनाव व नगर पालिका व अहरौरा अध्यक्ष एवम सभासदों की सीटो पर भाजपा कार्यकर्ताओ ने जीत दर्ज की। विधान परिषद चुनाव में निर्विरोध निर्वाचन हुआ। भूमि विकास बैंक मीरजापुर में शाखा प्रतिनिधि का चुनाव जीते।



## शिक्षक व पत्रकार देश व समाज के मुख्य घटक : अनिल

प्रखर बदलापुर जौनपुर। शिक्षक व पत्रकार देश और समाज के मुख्य घटक है दोनों पदों के अनुरूप आचरण में जरा सी भी गिरावट आने पर उसका दंश समाज के लोगों को ही नहीं अपितु देश को भी झेलना पड़ता है। यह बातें प्रदेश के प्राथमिक शिक्षक संघ के महामंत्री अनिल यादव ने कही वह गुरुवार को कस्बे के शाहगंज मार्ग पर स्थित मिनियंस क्रैडल क्रेयान स्कूल में आयोजित एक सम्मान समारोह को संबोधित कर रहे थे उन्होंने कहा कि क्षेत्र के वरिष्ठ पत्रकार व रिटायर्ड शिक्षक शिवपूजन पांडे मुंबई जैसे महानगर में दोनों जिम्मेदारियां बखूबी निभाते चले आ रहे हैं। उनका यही आचरण उन्हें चतुर्दिक सम्मान दिलाने का काम कर रहा है। सम्मान समारोह में प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष उमेश मिश्रा नंद कुमार यादव व मंत्री राय साहब यादव ने शिक्षक व पत्रकार शिवपूजन पांडे को स्मृति चिन्ह और अंगवस्त्रम देकर सम्मानित किया। सम्मान प्राप्ति के बाद प्रशन्नता जाहिर करते हुए पाण्डेय ने कहा कि समाज में शिक्षक और पत्रकार के सम्मान में यदि खामी आयी है तो उसका महज एक कारण है कि लोगों को पढ़ाने के चक्कर में दोनों ने खुद पढ़ना छोड़ दिया इस मौके पर डॉक्टर प्रमोद मिश्रा,विजय शंकर यादव,गौरव ,निर्मलेन्दु यादव, अभिषेक, विकास आदि लोग मौजूद रहे। अध्यक्षता शिक्षक जगदीश यादव व संचालन ब्लॉक अध्यक्ष उमेश मिश्रा ने किया।



# पुलिस लाइन स्थित सभागार कक्ष में किया गया सैनिक सम्मेलन

प्रखर मिजार्पुर। पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा द्वारा पुलिस लाइन स्थित सभागार कक्ष में सैनिक सम्मेलन किया गया। सैनिक सम्मेलन के आयोजन में सर्वप्रथम जनपद के सभी थानों एवं शाखाओं से आये पुलिसकर्मियों से उनकी समस्याओं के बारें में जानकारी की गयी तथा उनके निस्तारण के लिए संबंधित को निर्देशित किया गया तत्पश्चात पुलिस अधीक्षक मीरजापुर द्वारा मासिक अपराध एवं कानून व्यवस्था समीक्षा गोष्ठी प्रारम्भ की गयी। इसी दौरान जनपद में शांति, सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था सहित यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ बनायें रखने हेतु पर्याप्त पुलिस बल के साथ अपने क्षेत्र महत्वपूर्ण/सार्वजनिक स्थलों, प्रतिष्ठानों, रोड़वेज व रेलवे स्टेशन सहित बाजरों व भीड़-भाड़ वाले इलाकों में फुट पेट्रोंलिंग, संदिग्ध व्यक्तियों/वस्तुओं/वाहनों की चेकिंग करने के निर्देश दिये गये। क्षेत्र में होटल, ढ़ाबों, सार्वजनिक स्थलों, मॉल्स, पॉर्कों, झरनों सहित विभिन्न धार्मिक स्थलों आदि स्थानों पर पर्याप्त पुलिस बल की ड्यूटी लगाकर पैदल गश्त व



चेकिंग कराने के निर्देश दिये गये। शासन द्वारा चलाये जा रहे मिशन शक्ति अभियान के तहत जनपदीय पुलिस द्वारा गांवो/मोहल्लों मे चौपाल लगाकर, स्कूल व कालेजों में जाकर महिलाओं एवं बालिकाओं को उनकी सुरक्षा, सम्मान, स्वावलम्बन के प्रति तथा उन्हे सुरक्षित परिवेश की अनुभूति, जनजागरूकता, आत्मरक्षा के बारे में, विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरो सहित साइबर अपराधों के बारें में जन जागरूकता के सम्बन्ध में आवश्यक जानकारी दी गई। अवैध/अपमिश्रित शराब व नशीले पदार्थों के रखने व बेचने वालों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान एवं शराब माफिया, भू माफिया, वन माफिया व खनन माफिया के विरुद्ध कार्यवाही करने, महिला संबंधी अपराधों में अभियुक्तों के विरूद्ध प्रभावी निरोधात्मक कार्यवाही, गैंगस्टर अधिनियम एवं गुंडा अधिनियम की कार्यवाही तथा टॉप-10 अपराधियों के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही के लिए निर्देशित किया गया। मा0 न्यायालय में चार्जशीट, एफआर का दाखिला, मालों का निस्तारण तथा मुकदमों खासकर महिला सम्बन्धित अपराध के मुकदमों के निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया। पॉक्सो एक्ट व दुष्कर्म जैसे मुकदमों की विवेचनाओं का समयबद्ध निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया गया। इनामिया अपराधियों पर नकेल लगाने हेतु समुचित विधिक कार्यवाही निगरानी व चेकिंग, पुराने अपराधियों व हिस्ट्रीशीटरों की कड़ी निगरानी व चेकिंग, दुर्घटना से संबंधित प्रकरणों में प्राथमिकता के आधार पर अभियोग करने, चरित्र सत्यापन पासपोर्ट सत्यापन तथा शस्त्र लाइसेंस की रिपोर्ट शीघ्र प्रेषित करने, आईजीआरएस एवं अन्य शिकायती प्रार्थना पत्रों का समयबद्ध निस्तारण किये जाने के संबंध में, मा0 न्यायालय द्वारा निर्गत सम्मन, वारण्ट, बीडब्ल्यू, एनबीडब्ल्यू का शत प्रतिशत समयबद्ध तामिला कराये जाने के संबंध में पुराने अभियोगों के तत्काल निस्तारण के संबंध में समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गए। उक्त गोष्ठी में अपर पुलिस अधीक्षक नगर, अपर पुलिस अधीक्षक आपरेशन, समस्त क्षेत्राधिकारीगण, आशुलिपिक, प्रतिसार निरीक्षक, आरआई रेडियो, प्रभारी डीसीआरबी, अपराध शाखा प्रभारी सहित जनपद के समस्त प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष व शाखा प्रभारीगण उपस्थित रहें।

# पुलिस की कार्यप्रणाली पर चोर पड़ रहे भारी

**तरियारी गांव में चोरों ने शिक्षक के घर को बनाया निशाना सामान चोरी कर हुए चंपत**

प्रखर केराकत जौनपुर। स्थानीय कोतवाली क्षेत्र में चोर पुलिस के लिए सरदर्द बने हुए है चोर चोरी की घटना को अंजाम दे रहे है। पुलिस डॉग स्क्वायड के साथ जांच के लिए मौके पर जा रही है,लेकिन साक्ष्य न मिलने के कारण बैरंग लौट जाती है जिस कारण चोरों के हौंसले और मजबूत हो रहे हैं। बता दे कि तरियारी ग्राम में प्राइमरी के शिक्षक अशोक पाल पुत्र स्व. रामअचल पाल रोज की भांति खाना खाने के बाद सो गए। आधी रात बाद चोर पीछे के दरवाजे पर लगे बारजे के सहारे आंगन में बने सीढ़ियो से अंदर घुस कर घर में रखा गहना,कीमती कपड़े,कैश रखा बैग,पेटी व सूटकेस लेकर चंपत हो गए। सुबह जब नींद खुली तो घर का दरवाजा खुला व सामान बिखरा देख पैरो तले से जमीन खिसक गई। इधर उधर खोजबीन की गई तो चोर घर से महज कुछ दूरी पर समान खाली कर बैग,सुटकेस,पेटी छोड़ गये थे। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस जांच पड़ताल में जुट गई पीड़ित अज्ञात चोरों के खिलाफ कोतवाली में तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई। तहरीर में गहने,कैश व कीमती कपड़े की सूची अलग से देने की बात कही गई है। वही सरौनी पश्चिम पट्टी निवासी अविनाश सिंह फौज में है। परिवार सहित सिकंदरा में रहते हैं घर पर माता पिता सहित उनके भाई प्रकाश परिवार सहित रहते हैं सोमवार की



रात छत के रास्ते से घर में घुसकर लाखो रुपए के गहने समेत नगदी चोरी कर ली। चोरी का खुलासा करने मौके पर पहुंची फॉरेंसिक टीम के साथ डॉग स्क्वाड चोरी का सुराग लगाने में असफल रही। गौरतलब है कि क्षेत्र में बढ़ती चोरी व पुलिस के लाचार रवैए से आम लोगों में दहशत का माहौल है। पुलिसिया कार्यप्रणाली सवालों के घेरे है। दिन प्रतिदिन चोर खुलेआम पुलिस को चुनौती दे रहे हैं। लेकिन पुलिस अब तक किसी चोर को पकड़ने ने असफल है।

# राज्य संयुक्त परिषद ने पुरानी पेंशन बहाली को प्रधानमंत्री को सौपा ज्ञापन

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद उत्तर प्रदेश व कर्मचारी शिक्षक संयुक्त मोर्चा उक्त प्रदेश के प्रांतीय आह्वाहन पर राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के कर्मचारियो ने विकास भवन पर गुरूवार को एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया। जिसमें प्रधानमंत्री भारत सरकार व मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार को 12 सूत्री मांगो का ज्ञापन जिलाधिकारी के प्रतिनिधि सदर के नायब तहसीलदार को सौंपा। राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के जिला अध्यक्ष दुर्गेश कुमार श्रीवास्तव ने सभा को संबोधित करते हुए बताया कि केंद्र सरकार की पुरानी पेंशन बहाली व आउटसोर्सिंग संविदा वर्क चार्ज केंद्र व राज्य के वित्त पोषित परियोजनाओं में कार्यरत कर्मियों का भविष्य सुरक्षित नीति बनाएं, सरकारी संस्थानों में निजीकरण बंद करें, और राष्ट्रीय वेतन आयोग का गठन किया जाए। माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रांतीय महामंत्री दिनेश चंद्र ने संगठन के धर्मो को पुरजोर समर्थन किया, उन्होंने आश्वस्त किया की कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर हर शिक्षक भाग लेगा और विद्यालय बंद करके आंदोलन किया जाएगा। एग्रीकल्चर मिनिस्ट्री एसोसिएशन अध्यक्ष मांधाता सिंह जनपद के अधिकारियों को आगाह किया कि कर्मचारियों का उत्पीड़न बंद करें। और साथ ही सरकार से मांग किया कि किसी भी कीमत पर पुरानी पेंशन बहाल होना चाहिए। राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के उपाध्यक्ष विपिन सिंह ने सभा को संबोधित करते हुए बताया कि लड़ाई तक तक जारी रहेगा जब तक की पुरानी पेंशन बहाल न हो जाये। तपसा के मंत्री



मानवेंद्र सिंह द्वारा सभा को संबोधित करते हुए कहा कि हर कर्मचारी संगठनों को एक होकर के आंदोलन करने का प्रयास किया जाना चाहिए। राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के चेयरमैन दिवाकर सिंह ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि अगर पुरानी पेंशन इतनी बुरी है तो विधायक और सांसद क्यों नहीं पुरानी पेंशन छोड़ देते हैं। और एनपीएस लेते हैं। रोडवेज परिषद जिला अध्यक्ष अरविंद सिंह ने 2024 के लोकसभा चुनाव में कर्मचारी शिक्षक वर्तमान सरकार को करारा जवाब देंगे। उत्तर प्रदेश ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष रोशन लाल ने कहां कि अगर आवश्यकता पड़ी तो पुरानी पेंशन बहाली के लिए हर ग्राम पंचायत का सफाई कर्मचारी रोड पर आ कर के आंदोलन करेगा।

# पुरानी पेंशन बहाली को लेकर प्राथमिक शिक्षक महासंघ के अधिकारियों कर्मचारियों ने शास्त्री घाट से जिला मुख्यालय तक निकाला पदयात्रा

प्रखर वाराणसी। पुरानी पेंशन बहाली संयुक्त मोर्चा (उ0प्र0) के प्रान्तीय कार्यकारिणी द्वारा दिनांक 18.05.2023 को प्रदेश के प्रत्येक जनपदों में दोपहर 03:00 बजे मुख्यालय पर पुरानी पेंशन अधिकार पद यात्रा का आयोजन किया गया। जिसके क्रम में जनपद वाराणसी में शास्त्री घाट वरूणापुर पर उ0प्र0 लोक निर्माण विभाग मिनिस्टीरियल एसोसिएशन, उ.प्र. प्राथमिक शिक्षक संघ, उ०प्र० पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ, यूटेक पेंशन बहाली मंच, महाविद्यालय शिक्षणेत्तर कर्मचारी परिषद, राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद, उ०प्र० जूनियर हाईस्कूल (पूर्व माध्यमिक) शिक्षक संघ, उ०प्र० विश्वविद्यायल, महाविद्यालय शिक्षक महासंघ,



उ०प्र० प्रधानाचार्य परिषद सहित समस्त विभागों/संगठनों के अधिकारी/ कर्मचारी उपस्थित रहे। मोर्चे का एकल मांग पुरानी पेंशन बहाल कराना है। अधिकारियों/ कर्मचारियों ने शास्त्री घाट से कचहरी, विकास भवन होते हुए कलेक्ट्रेट परिसर वाराणसी तक पदयात्रा किया गया पश्चात जिलाधिकारी महोदय वाराणसी के माध्यम से मा० प्रधानमंत्री जी भारत सरकार व मा० मुख्यमंत्री जी उत्तर प्रदेश सरकार को पुरानी पेंशन बहाली हेतु ज्ञापन देते हुए अपनी माँग को शासन-प्रशासन तक पहुंचाने में अपना पूर्ण समर्थन व सहयोग दिया।

# योग समापन पर झाड़ू लगाकर दिया गया स्वच्छता अभियान का संदेश

**स्वास्थ्य के साथ स्वच्छता का सन्देश : योगाचार्य धर्मेन्द्र प्रजापति**

प्रखर कुशीनगर। पिछले सात माह से गोरखपुर जिले में निःशुल्क निस्वार्थ सेवा भाव से योगाचार्य धर्मेन्द्र प्रजापति जी व उनके सभी सहायक कार्यकताओं द्वारा पूरे दिन भर में ग्यारह से अधिक पार्को में योग कक्षा निःशुल्क लगाकर योग के प्रति जागरूक करने का कार्य कर रहे जिसमें आज योग के साथ महन्त दिग्विजयनाथ पार्क में ओम फिटनेस योग संस्थान आज योग संदेश देने के साथ-साथ गोरखपुर में पहली बार झाड़ू बाबा के साथ सभी फिटनेस टीम के नारी व पुरूष शक्तियों द्वारा नौका विहार नौकायन केंद्र पर स्वच्छता अभियान चलाकर के सभी देशवासियों और वहां पर उपस्थित लोगों को जागरूक करने का कार्य किया गया। योगाचार्य धर्मेन्द्र प्रजापति जी ने कहा स्वच्छता को लेकर कहा कि जिसप्रकार स्वस्थ शरीर मे स्वस्थ मस्तिष्क का विकास होता है ठीक



उसी प्रकार स्वच्छ देश मे स्वच्छ नागरिको का वास होगा, आज हम जिम्मेदारी लेंगे तो कल स्वच्छता को लेकर पूरी भारतवासी जिम्मेदारी लेने को तैयार होगी। 2008 से स्वच्छता अभियान को बढ़ावा दे रहे झाड़ू बाबा ने भी कहा कि आने वाले कल में अपना गोरखपुर स्वच्छता के क्षेत्र में सबसे आगे होगा और जहा स्वच्छता होगी वहां कोई बीमार नही होगा। हम सभी को आगे बढ़ना चाहिए और हाथों में झाड़ू उठाकर सन्देश देना चाहिए। कार्यक्रम दौरान अपने अपने घरों से झाड़ू लाने वाले सभी फिटनेस टीम ने झाड़ू लगाकर सन्देश ज्ञापित किये। उक्त अवसर पर नागेंद्र जी , राधा कृष्ण जी , आलोक जी , विनोद कुमार शुक्ला जी , प्राभारी ब्यास चौरासिया जी , प्रमोद गौड़ जी , नीतू सिंह , रमा गुप्ता , रूबी जी, सोभा पांडेय , तारा दुबे, रागनी सिंह , अंजलि, सरिता, रानी, श्वेता दुबे , नीलम, कंचन , किरण इत्यादि सैकड़ों से अधिक योग साधको ने योगाभ्यास बाद झाड़ू लगाकर स्वच्छता अभियान चलाए।

# जिला विद्यालय निरीक्षक मिर्जापुर को राज्य सूचना आयोग लखनऊ ने किया तलब

प्रखर मिर्जापुर। जिले की आरटीआई कार्यकर्ता एडवोकेट शिवम श्रीवास्तव द्वारा जिला विद्यालय निरीक्षक मिर्जापुर से दिनांक10/ 12 /2022 को कुल 4 बिंदुओं पर सूचना उपलब्ध कराने को निवेदन किया गया था। परंतु जिला विद्यालय निरीक्षक मिर्जापुर में कोई सूचना उपलब्ध नहीं कराई उसी क्रम में आरटीआई कार्यकर्ता ने प्रथम अपील करते हुए राज्य सूचना आयोग में अपील किया जिसमें राज्य सूचना आयोग ने जिले के जिला विद्यालय निरीक्षक मिर्जापुर को तलब करते हुए 24 /05/ 2023 को राज्य सूचना आयोग लखनऊ में पेश होने के लिए आदेश दिया है। इसके पूर्व भी आरटीआई कार्यकर्ता एडवोकेट शिवम श्रीवास्तव ने जिले के विभिन्न विभागों के साथ शिक्षा विभाग की कई अनियमितताओं व अधिकारियों की पोल खोली गई है।

# पत्नी के मायके से वापस ना आने पर पति ने किया आत्महत्या

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। सैदपुर थाना क्षेत्र के जगदीशपुर गांव में एक व्यक्ति ने पत्नी के मायके से वापस नहीं लौटने पर जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या कर ली। पत्नी करीब 2 माह से मायके में रह रही थी पति के कहने पर भी वह मायके से ससुराल आने को तैयार नहीं थी। जानकारी के अनुसार जगदीशपुर गांव निवासी प्रकाश गोड़ उम्र 24 पुत्र महंगू गोड का विवाह आजमगढ़ जनपद के तरवा थाना अंतर्गत तरवा गांव निवासी प्रियंका गौड के साथ 2 साल पहले 2021 में हुआ था। उनके पास 7 माह का बेटा भी है जिसे लेकर प्रियंका मायके चली गई थी। मायके से ससुराल ना आने पर पति ने जहर खा लिया। जहर खाते ही जब हालत गंभीर होने लगी तो उसे घर के लोग आनन-फानन में सैदपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले



गए जहां उसकी मौत हो गई। वही परिवार जनों का कहना है कि जहर खाने से पहले प्रकाश बहुत देर तक पत्नी से मोबाइल पर बात किया। मोबाइल फोन पर ही पत्नी से कहा कि नहीं आओगी तो जहर खा लूंगा तो पत्नी ने कहा कि खा लो। पत्नी के इतना कहते ही वह घर में रखा चूहा मार दवा खा लिया। इस संबंध में भीमापार चौकी प्रभारी अशोक कुमार ओझा ने बताया की मौत का कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही पता चलेगा। अभी तक कोई तहरीर नहीं मिली है, तहरीर मिलने पर आगे की कार्यवाही की जाएगी।

# फ्लैट और बिजली की बढ़ती हुई रेट को लेकर बुनकर एकता जागरूक मंच के पदाधिकारियों ने प्रधानमंत्री जनसंपर्क कार्यालय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम दिया पत्र

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। बुनकरों की फ्लैट रेट बिजली को लेकर बुनकर एकता जागरूक मंच के पदाधिकारियों ने प्रधानमंत्री जनसंपर्क कार्यालय में जाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम एक पत्र कार्यालय में देकर प्रधानमंत्री को भेजने के लिए बुनकरों ने दिया इस मौके पर कार्यालय हेड पाठक जी ने कहा की बुनकरों की ये फ्लैट रेट, बिजली की रेट कम करने की मांग को प्रधानमंत्री को भेज दिया जायेगा` इस मौके पर बुनकर एकता जागरूक मंच के सचिव हाजी ओकास अंसारी ने बताया की पूरे उत्तर प्रदेश का बुनकर समाज बिजली की बढ़ी हुई फ्लैट रेट की जो नई शासना आदेश आया है उसे डर और सहम गया है मंदी दिन पर दिन बढ़ती जा रही है पावरलूम चल नही रहे है और जहा प्रति लूम 75/ रुपए के हिसाब से बिजली का बिल जमा करना पड़ता था वो बढ़ाकर



सरकार ने 400/ रुपए साथ में टैक्स अलग से और इतना पैसा बुनकर दे ही नही पाएगा जबकी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी महाराज ने कहा था की बुनकरों को जो 2006 से फ्लैट रेट बिजली मिल रही थी हमारी सरकार उससे सस्ती और अच्छी बिजली बुनकरों को देगी पर न जाने क्यू फ्लैट रेट इतना ज्यादा बढ़ गया जबकी किसानों की तर्ज पर बुनकरों को बिजली में सब्सिडी के तहत ही फ्लैट रेट बिजली मिल रही थी और अब तो किसान भाईयो को सिंचाई के लिए फ्री बिजली मिल रही है और हम बुनकरों को कई गुना ज्यादा बिजली का बिल देना पड़ रहा है अगर यही हाल रहा तो सारे पावरलूम बंद हो जाएंगे सारे बुनकर जिसमे हिंदू भाई और मुस्लिम भाइयों की बराबर की भागीदारी है सब बेरोजगार हो जायेंगे इसलिए हम सब बुनकरों ने प्रधान मंत्री नरेंद्र दामोदर दास मोदी जी से गुहार लगाई है की बिजली की जो नई फ्लैट रेट का शासना आदेश आया है उसे रद्द कर वही पुरानी 2006 की फ्लैट रेट व्यवस्था को लागू कराए पूरा बुनकर समाज प्रधानमंत्री का का ऋणी रहेगा। इस मौके पर बिस्मिल्ला अंसारी ने कहा की बढ़ी हुई रेट की वसूली IDH कज्जाकपुरा फीडर के अधिकारी और कर्मचारी जबरन वसूली कर रहे है एक महीना भी नही बीत रहा है बुनकरों की बिजली काट दे रहे है और जब बुनकर बिजली विभाग में जाता है पूछने के लिए तो ये लोग बुनकरों को डरा कर अवैध वसूली कर के उनका शोषण कर रहे है बुनकर समाज कम पढ़ लिखा है जिसका फायदा ये अधिकारी उठाकर बुनकरों को प्रताड़ित कर रहे है इस वक्त बुनकर बहुत ही गंभीर दौर से गुजर रहा है रोज बुनकरों का पलायन हो रहा है कारोबार खत्म हो गया है अब बनारस में कोई बुनकर रुकना नही चाह रहा है। हाजी ओकास अंसारी ,इदरीस अंसारी ,अब्दुल रब अंसारी , बिस्मिल्ला अंसारी , जमाल , लालू ,यासीन, लड्डू सहित इत्यादि लोग मौजूद रहे।

# रामलीला कमेटी के आजीवन सदस्य जावेद जहीर नही रहे

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर । गाजीपुर अति प्राचीन रामलीला कमेटी हरिशंकरी के वरिष्ठ सदस्य जावेद जहीर के असामयिक निधन होने से कमेटी को अपूरणीय क्षति हुई है, मंत्री ओमप्रकाश तिवारी ने बताया कि विगत तीन दशकों से जावेद जहीर जो गाजीपुर के सामाजिक एवं संभ्रांत नागरिक थे और अति प्राचीन रामलीला कमेटी के कार्यों में उत्साह पूर्वक भाग लेते थे, उनका निधन विगत 16 मई दिन मंगलवार को हो गया, परिजनों द्वारा उन्हें 17 मई दिन बुधवार को सुपुर्द खाक किया गया। स्व. जावेद जहीर कमेटी के आजीवन सदस्य होने के साथ विभिन्न पदों के दायित्वों का निर्वहन करते हुए संस्था के कार्यवाहक अध्यक्ष भी रहे हैं। कमेटी द्वारा जावेद जहीर के आकस्मिक निधन पर हरिशंकरी के राम चबूतरा स्थित कमेटी कार्यालय पर आज दिन गुरुवार को 12 बजे एक शोक सभा का आयोजन संस्था द्वारा किया गया, जिसकी अध्यक्षता वीरेश राम वर्मा ने की।

## संक्षिप्त खबरें

### जय माल के समय दूल्हे के सामने आशिक ने भर दी दुल्हन की मांग

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। इश्क नचाए जिसको यार वह फिर नाचे बीच बाजार ऐसा ही एक मामला देखने को मिला है। बिरनो थाना क्षेत्र के भवरहा गांव में मंगलवार की रात्रि में वरुयी धनेशपुर से बारातियों संग शादी करने आया दूल्हा जब जयमाल की स्टेज पर चढ़ा उसके कुछ देर बाद दुल्हन भी स्टेज पर आयी और एक दूसरे को वरमाला डालने का समय हुआ तो लड़की के गांव का ही एक युवक रामाशीष राम आया और दूल्हा के सामने ही उसने उसकी मांग सिंदूर से भर कर भागने लगा। जिसके बाद बारात में शामिल लोगों ने रामाशीष को पकड़ लिया और उसकी जमकर धुलाई करने लगे। घटना की सूचना पर मौके पर पहुँची बिरनो पुलिस ने अचेत पड़े सिरफिरे आशिक को पकड़ कर बिरनो स्वास्थ्य केंद्र ले गयी। जहां उसका इलजा कराया गया और उसके खिलाफ कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया गया।बता दें कि बिरनो थाना इलाके के वरुयी धनेशपुर गांव से मंगलवार की रात भंवरहा गांव ने बारात मेंआई हुई थी।बाराती जलपान नाश्ता कर रहे थे। इसबीच जयमाल की तैयारी शुरू हो गई। जयमाल के दौरान दूल्हा- दुल्हन एक दूसरे को वर माला डाला। उसी बीच सिंदूर लेकर सिरफिरे आशिक रामाशीष भी जयमाल के स्टेज पर पहुंचा और दुल्हन की मांग सिंदूर से भर दिया। सिरफिरे आशिक इस हरकत से मौके पर बवाल मच गया। इस बीच हो हल्ला करते हुए माहौल चीख पुकार में बदल गई। जहां शहनाई बजने का माहौल था वो माहौल शादी गमगीन हो गया। बारातियों संग आया दूल्हा ने शादी से मना कर दिया। देर तक पंचायत होने के बाद दोनो पक्ष के लेन-देन एवं खर्च को देने के लिए वर पक्ष के राजी होने हो गया। वहीं लड़की पक्ष का खर्च वापस करने पर बिना शादी बिना के बिना भोजन किए बाराती घर लौट गए। भवरहा गांव में घटना को लेकर मातमी माहौल छाया हुआ है। फिलहाल मामले में एसपी ओमवीर सिंह ने बताया कि 16 तारीख में बिरनो थाना इलाके के भवरहा गांव में बारात आई हुई थी। जहां पर जयमाल के स्टेज पर दूल्हा दुल्हन मौजूद थे उसी वक्त सिरफिरे आशिक ने जयमाल के स्टेज पर दुल्हन की मांग में सिंदूर भर दिया। जिसके बाद वहां मौजूद लोगों ने उसे पकड़ लिया। जिसकी जानकारी पुलिस को हुई तो पुलिस ने सिरफिरे आशिक को गिरफ्तार कर लिया। ये एकतरफा प्यार का मामला था। जो सिरफिरे आशिक उससे शादी करना चाहता था जब इस पूरे मामले की तहकीकात की गई तो पता चला कि पिछले साल इस बच्ची की शादी तय हुई थी वहां सिरफिरे आशिक ने शादी करवा दी थी और धमकी भी दी थी जिस के संबंध में एक अभियोग भी पंजीकृत हुआ था फिलहाल परिजनों द्वारा इस पूरे घटनाक्रम से संबंधित एक तहरीर दी गई है तहरीर में आरोप लगाया गया है कि यह सिरफिरा आशिक पिछले 7 साल से बच्ची के साथ दुराचार भी कर रहा था और उसने कोई वीडियो भी बच्ची की बना रखी है जबकि वह वीडियो अभी तक पुलिस के हाथ नहीं लगी लेकिन ऐसा आरोप है पीड़ित परिवार का सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर लिया गया है और अब उसे गिरफ्तार करके जेल भेजा जा रहा है। फिलहाल जो भी विवेचना में तथ्य आएंगे तदनुसार उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### चचेरे भाई की अर्थी देखते ही पड़ा दिल का दौरा, दोनों भाइयों की अर्थी एक साथ उठी

प्रखर जौनपुर। मछलीशहर कोतवाली थाना क्षेत्र के गांव नूरपुर में घटी एक हृदय विदारक घटना में दो भाइयों की अर्थी जब एक साथ उठी तो पूरा गांव गमगीन हो गया। ग्राम नूरपुर निवासी बृजमोहन उर्फ मुन्नू पटेल 45 वर्ष पुत्र मणिलाल पटेल पुणे में रहकर ,पान की दुकान चला कर अपना जीवन यापन करता था , ।सोमवार को उसकी पुणे में ही हार्ट अटैक से मौत हो गई जिसके बाद परिजन उसका शव लेकर पैतृक घर नूरपुर पहुंचे। देर रात घर पहुंचे शव को देखते ही बृजमोहन के चचेरे भाई लालचंद पटेल उर्फ फागू पटेल 23 वर्ष को रोते रोते अचानक दिल का दौरा पड़ा और वह गिर गए। घरवालों ने समझा कि रोते-रोते सदमे से अचेत हो गए हैं ।लेकिन जब भी हिलाने डुलाने पर और पानी के छींटे मारने पर भी कोई असर नहीं पड़ा तो परिजन उन्हें लेकर स्थानीय एक निजी अस्पताल पहुंचे ।जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। लालचंद का अभी विवाह नहीं हुआ था जबकि बृजमोहन के दो लड़के और एक लड़की है। इस घटना को जिसने भी सुना वह सकते में आ गया। सांसद सीमा द्विवेदी ने कहा कि वह अभी क्षेत्र के बाहर हैं और आने पर वह इस परिवार के ऊपर पड़ी इस दुखदाई घटना में सांत्वना देने के लिए जरूर पहुंचेंगी।

### अधिवक्ता व पूर्व उपाध्यक्ष छात्र संघ राहुल राज को मिली अग्रिम जमानत

प्रखर पूर्वांचल वाराणसी। अग्निवीर भर्ती योजना मे वाराणसी में हुए विरोध एवं हिंसक प्रदर्शन मे मुख्य रुप से अभियुक्त राहुलराज अधिवक्ता व पूर्व उपाध्यक्ष छात्र संघ को न्यायालय द्वारा एक वर्ष बाद



अग्रिम जमानत मिल गयी। इस प्रकरण में राहुल राज के ऊपर दर्जनो मुकदमें लगाये गये थे। गुरुवार को प्रेस वार्ता मे अधिवक्ता राहुल राज ने कहा कि मुझे फर्जी मुकदमें में सरकार द्वारा फसाया गया है क्योंकि मैं विपक्षी दल से राजनीति करता हूँ और 2022 विधानसभा अजगरा से कांग्रेस से चुनाव लड़ा। मैं एक वंचित दलित समाज से आता हूँ। मैं केवल सामाजिक परिवर्तन की लड़ाई लड़ता हू और समाज में समता,समानता,बन्धुता एवं भाईचारा को बनाए रखने की कोशिश करता हूँ,साथ ही हर वर्ग,हर जाति,हर मजहब का सम्मान करता हूँ बस इसी कारणो से सरकार मुझे फर्जी मामले में फंसा रही है।

### डीएम ने विद्युत विभाग के अधिकारियों को जमकर लगाई फटकार

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। विद्युत संयोजन एवं रिवेन्ज डिस्ट्रीब्यूशन सेक्टर स्कीम से सम्बन्धित बैठक जिलाधिकारी आर्यका अखौरी की अध्यक्षता में रायफल क्लब सभागार में सम्पन्न हुइ। बैठक में जिलाधिकारी ने जनपद में अधिकत्तर लाइन लॉस होने एवम विद्युत चोरी रोकने व नेवर पैड उपभोक्ताओं पर कठोर कार्यवाही करने के लिए विद्युत विभाग के समस्त अधिशासी अभियंता,सहायक अभियंता,अवर अभियंता एवम बिलिंग एजेंसियों के साथ समीक्षा की तथा विद्युत विभाग के अधिकारियो को कार्य में घोर लापरवाही को लेकर जमकर फटकार लगाते हुवे कहा कि नेवर पैड मतलब जो भी उपभोक्ता विद्युत संयोजक लिए है वैसे उपभोक्ता अभी तक अपने एक भी बिलों का भुगतान नही किया है। जिसमे भारी राजस्व



नुकसान विद्युत विभाग को हो रहा है, ऐसे उपभोक्ताओं को चिन्हित करते हुवे कठोर कार्यवाही करे एवम बकाया बिल वसूलने हेतु कार्य योजना बनाए। जिले में ओवर लोड ट्रांसफार्मर आए दिन जल रहे हैं, वही कुछ उपभोक्ताओं द्वारा मीटर बाईपास करके अवैध तरीके से विद्युत उपभोग किया जा रहा है। जिसमे लाइन लॉस अधिक हो रहा है ऐसे उपभोक्ताओं की फीडर वाइज सूची बनाकर बिजिलेंस टीम के साथ ही साथ विभागीय कर्मियों के साथ प्रतिदिन कांबिंग करते हुवे विद्युत चोरी के खिलाफ कठोर से कठोर कार्यवाही करते हुवे मुकदमा पंजीकृत किया जाय। ताकि लाइन लॉस पर सही तरीके से अंकुश लग सके। उन्होंने यह भी निर्देश दिया की जिले में जितने अवैध तरीके विद्युत चोरी हो रही है जिनका अभी तक कनेक्शन नहीं हुवा है वैसे लोगो की सर्वे टीम बनाकर विभागीय अधिकारियों द्वारा सर्वे करवाया जाय।



## आयशा ने दिशा-टाइगर के अफेयर को लकर तोड़ी चुप्पी

बॉलीवुड की जानी-मानी एक्ट्रेस दिशा पाटनी सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। दिशा पाटनी अपने फैंस के लिए अपनी तस्वीरें और वीडियो शेयर करत रहती हैं। जिसे दिशा पाटनी के फैंस काफी पसंद भी करते हैं। अपने लुक्स के अलावा दिशा पाटनी पर्सनल लाइफ को लेकर भी काफी चर्चा में बनी रहती हैं। दिशा पाटनी का नाम काफी समय से बॉलीवुड एक्टर टाइगर श्रॉफ से जोड़ा जाता रहा है। पहले इन दोनों के अफेयर की खबरें सामने आई। फिर कई मीडिया रिपोर्ट्स में इन दोनों के ब्रेकअप का दावा किया गया। इन सब के बीच अब टाइगर श्रॉफ की मां आयशा श्रॉफ ने इन दोनों के अफेयर को लेकर बड़ा खुलासा किया है।

**आयशा श्रॉफ ने किया ये खुलासा**

एक्ट्रेस दिशा पाटनी और टाइगर श्रॉफ की जोड़ी को फैंस काफी पसंद किया करते थे। लेकिन इन दोनों की ब्रेकअप की खबर ने सबको हैरान कर दिया था। लेकिन जानकारी के लिए बता दें दिशा पाटनी और टाइगर श्रॉफ ने न कभी अफेयर को लेकर अपना रिएक्शन दिया और न ही ब्रेकअप को लेकर। लेकिन इसी बीच इस खबर पर टाइगर श्रॉफ की मां आयशा श्रॉफ ने अपना रिएक्शन दिया है। आयशा श्रॉफ ने कहा कि टाइगर और दिशा पाटनी बस दोस्त है।मैं इन दोनों के अफेयर की खबर पर यकीन नहीं करती%। आयशा श्रॉफ के इस बयान के बाद दिशा पाटनी और टाइगर श्रॉफ की जोड़ी एक बार फिर चर्चा में आ गई हैं। इन दोनों के अफेयर का अफवाह फैलाने वालों की भी आयशा श्रॉफ के जवाब के बाद बोलती बंद हो गई है। आपको बता दें कि अक्सर दिशा पाटनी की तस्वीरों पर कमेंट करती हैं आयशा श्रॉफ।

## एलन मस्क की मुरीद हुई कंगना

कंगना रणौत सोशल मीडिया पर बहुत अधिक सक्रीय रहती हैं। इसी कड़ी में अभिनेत्री ट्विटर के CEO एलन मस्क की तारीफों के पुल बांधती हुई दिखाई दे रही हैं। धाकड़ अभिनेत्री ने मंगलवार को भारतीय भोजन के प्रति अपने प्यार के बारे में एलन के ट्वीट पर प्रतिक्रिया दी है। कंगना का रिएक्शन इस वक्त इंटरनेट जगत में ताबड़तोड़ वायरल होने लगा था।



**भारतीय खाने के दीवाने हैं एलन**

डैनियल नाम के एक शख्स ने भारतीय डिश से सजी खाने की थाली की एक फोटो भी शेयर की है। इसके साथ ही उन्होंने लिखते हुए कहा है कि, मुझे बेसिक भारतीय खाना बहुत पसंद है, यह बहुत अच्छा है। इस पर एलन ने प्रतिक्रिया देते हुए लिखा, सच है। वहीं, अब एलन के ट्वीट पर कंगना रणौत भी अपना रिएक्शन देती हुई दिखाई दे रही है। कंगना रणौत ने एलन मस्क के ट्वीट को री-ट्वीट करते हुए कहा है कि, आप और कितने कारण देंगे कि हम आपको और अधिक से अधिक पसंद करें। वहीं, कंगना का यह पोस्ट सामने आते ही सुर्खियों में आ ही जाते है। साथ ही ट्विटर यूजर्स इस पर ताबड़तोड़ रिएक्शन दे रहे हैं।

## प्रियंका चोपड़ा ने बेटी मालती को कांधे पर बिठा कर पार करायी सड़क, निक जोनास ने शेयर की वीडियो

निक जोनास और प्रियंका चोपड़ा ने हमेशा प्रमुख कपल गोल हासिल किए हैं। दोनों ने हर समय एक-दूसरे की तारीफ की है। कल मदर्स डे था और जहां निक ने अपनी दोनों मांओं को विश किया, वहीं प्रियंका चोपड़ा ने इस खास दिन पर विश किया। लेकिन, यह मालती मैरी चोपड़ा जोनास और उनकी हंसी थी जो आपका दिन बना देगी। निक जोनास ने अपने ट्विटर पर बेटी मालती मैरी चोपड़ा जोनास के साथ प्रियंका चोपड़ा की एक तस्वीर और एक वीडियो साझा किया। तस्वीर अनमोल है, यह वह वीडियो है जो हमारे दिल में है। प्रियंका चोपड़ा मालती को गोद में लेकर सड़क पार करती हैं और नन्ही सी बस खुशी से खिलखिलाती है। यह बहुत दिल को छू लेने वाला है और निश्चित रूप से सबसे प्यारी चीज जो आप आज देखेंगे। यह सिर्फ इसी साल नहीं है कि निक ने प्रियंका को 'अविश्वसनीय मां' कहा। उन्होंने पिछले साल भी ऐसा किया था जब उन्होंने मदर्स डे पर उन्हें विश किया था। उन्होंने लिखा था, "सभी अविश्वसनीय माताओं और देखभाल करने वालों को हैप्पी मदर्स डे, लेकिन मैं अपनी अविश्वसनीय पत्नी प्रियंका चोपड़ा को उनके पहले मदर्स डे पर एक विशेष मदर्स डे विश करने के लिए एक मिनट का समय देना चाहता हूं।

# कान 2023 के रेड कार्पेट पर बॉलीवुड हसीनाओं ने बिखेरा जलवा



कान 2023 का आगाज हो चुका है। दुनिया के इस सबसे बड़े फिल्म फेस्टिवल में कई बॉलीवुड हसीनाओं ने डेब्यू किया है। जहां एक्ट्रेस सारा अली खान ने ब्राइडल लहंगा पहनकर कान फिल्म फेस्टिवल के रेड कार्पेट पर धांसू एंट्री मारी तो वहीं एक्ट्रेस ईशा गुप्ता ने भी कान्स 2023 में डेब्यू किया। अब इस फिल्म फेस्टिवल से बॉलीवुड बालाओं की खूबसूरत तस्वीरें सामने आ रही हैं। इस रिपोर्ट में देखें ईशा गुप्ता से लेकर मिस वर्ल्ड का खिताब जीत चुकीं एक्ट्रेस मानुषी छिल्लर और उर्वशी रौतेला का रेड कार्पेट लुक।

**ईशा गुप्ता**

एक्ट्रेस ईशा गुप्ता ने भी इस साल कान्स फिल्म फेस्टिवल में डेब्यू मारी। एक्ट्रेस रेड कार्पेट पर व्हाइट कलर का गाउन पहनकर पहुंची थीं।

**मानुषी छिल्लर**

2017 में मिस वर्ल्ड का खिताब जीतने वाली एक्ट्रेस एक्ट्रेस मानुषी छिल्लर ने भी कान्स 2023 में डेब्यू किया। इस दौरान एक्ट्रेस ने व्हाइट कलर का स्लीवलेस गाउन पहना था, जिसमें वह किसी





अप्सरा से कम नहीं लग रही थीं। इस आउटफिट के साथ मानुषी छिल्लर ने ग्रीन नेकलेस पहना था, जो उनके आउटफिट को कॉम्प्लीमेंट दे रहा था।

**सारा अली खान**

एक्ट्रेस सारा अली खान ने भी दुनिया के इस सबसे बड़े फिल्म फेस्टिवल में अपना डेब्यू किया। इस दौरान एक्ट्रेस अबू जानी संदीप खोसला द्वारा डिजाइन किया हुआ लहंगा पहनें नजर आई थीं। जैसे ही सारा अली खान लहंगा पहनकर कान 2023 के रेड कार्पेट पर उतरीं तो सबकी निगाहें एक्ट्रेस की ओर जाकर थम गईं। इस तस्वीर में सारा अपनी दिलकश अदाओं से फैंस के होश उड़ा रही हैं।

**उर्वशी रौतेला**

एक्ट्रेस उर्वशी रौतेला भी कान 2023 के रेड कार्पेट पर अपना जलवा दिखाया। इस दौरान एक्ट्रेस पिंक कलर का गाउन पहनें नजर आईं। इस तस्वीर में उर्वशी किसी बार्बी डॉल से कम नहीं लग रही थीं। इस तस्वीर में उर्वशी रौतेला एक पुतले के ऊपर लेटकर खूबसूरत अंदाज में पोज दे रही हैं। फोटो में एक्ट्रेस ने अपने बालों का बन बनाया हुआ है, जो उनके लुक को कंप्लीट कर रहा है।

**श्रुति हासन**

एक्ट्रेस श्रुति हासन भी कान 2023 में हिस्सा ले रही हैं। हाल ही में श्रुति लैंगिक समानता सम्मेलन में शामिल हुई थीं। इस दौरान एक्ट्रेस ब्राउन कलर के आउटफिट में नजर आईं।





## बागेश्वर बाबा की शरण में भोजपुरी एक्ट्रेस अक्षरा सिंह

भोजपुरी फिल्म इंडस्ट्री की सुपरस्टार अक्षरा सिंह ने बागेश्वर धाम वाले बाबा धीरेंद्र शास्त्री से मुलाकात की है. बाबा के दरबार में अक्षरा सिंह कई अन्य लोगों के साथ बैठी नज़र आईं। इस दौरान उन्होंने बाबा बागेश्वर को भजन भी गाकर सुनाया।




अक्षरा के भजन को धीरेंद्र शास्त्री बड़े मन से सुनते नजर आए। बागेश्वर धाम वाले बाबा से मुलाकात वाला वीडियो खुद अक्षरा सिंह ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर किया है। उन्होंने वीडियो शेयर करते हुए लिखा, जिनको दुनिया सुनने के लिए बेताब है, उन्होंने मुझे सुन लिया, बहुत बड़ी बात है। इसके साथ उन्होंने जय सीता राम का हैशटैग लगाया और लिखा, बागेश्वर बाबा की जय।

पिछले कुछ दिनों से बागेश्वर धाम वाले बाबा धीरेंद्र शास्त्री बिहार के पटना में हैं। वहां उनका दिव्य दरबार चल रहा है। हालांकि पहले ही दिन दरबार में लाखों लोगों के पहुंच जाने की वजह से दरबार को कैंसिल करना पड़ा था। वहां चल रहे हनुमंत कथा का आज चौथा दिन है. बताया जा रहा है कि इसके बाद बाबा का दरबार गया में भी लगेगा। 31 साल की अक्षरा सिंह भोजपुरी फिल्म इंडस्ट्री का जाना माना चेहरा हैं. अक्षरा ने भोजपुरी सिनेमा में साल 2010 में फिल्म सत्यमेव जयते से अपने फिल्मी करियर की शुरुआत की थी।

## बाइक राइड के दौरान बुरे फंसे अमिताभ बच्चन और अनुष्का शर्मा



अपने फेवरेट स्टार्स को फैंस अपना आइडल मानते हैं. स्टार्स द्वारा अच्छा काम किये जाने पर उनसे प्रेरणा लेते हैं। इसलिए सेलेब्स को भी ऐसा कोई काम नहीं करना चाहिए जिससे उनके प्रशंसकों को कोई गलत संदेश पहुंचे। हाल ही में इंडस्ट्री के



शंहशाह अमिताभ बच्चन और बॉलीवुड एक्ट्रेस अनुष्का शर्मा को सोशल मीडिया पर मुंबई की सड़कों पर बिना हेलमेट पहने बाइक राइडिंग करने पर बुरी तरह से ट्रोल किया जा रहा है।


बिग बी ने इंस्टाग्राम पर-एक फोटो शेयर करते हुए कैप्शन लिखा- राइड बडी को थैंक यू... मैं तुमको नहीं जानता हूं... लेकिन मैं तुम्हारा बहुत आभारी हूं कि तुमने अपना समय निकालकर मुझे शूटिंग की लोकेशन तक पहुंचाने में मदद की। बहुत जल्दी और इस ट्रैफिक जैम में फंसने से बचाने केलिए... येलो टी शर्ट, शॉर्ट्स और कैप पहने हुए बडी को थैंक यू सुपरस्टार अमिताभ बच्चन ने तो अपने इंस्टाग्राम पर ये अपनी इस पोस्ट को शेयर किया था। जबकि एक्ट्रेस अनुष्का शर्मा का बिना हेलमेट पहने हुए वाला वीडियो पैपराजी अकाउंट द्वारा शेयर किया गया था। इस वीडियो को शेयर करते हुए कैप्शन लिखा- अनुष्का शर्मा ने अपने बॉडी गार्ड के साथ की बाइक राइड। क्योंकि जुहू में एक पेड़ गिर गया, जिसके कारण रोड ब्लॉक हो गया। जैसे ही ये दोनों वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुए तो सोशल मीडिया यूजर्स ने दोनों स्टार्स को ट्रोल करना शुरू कर दिया। यहां तक की सोशल मीडिया पर उन्हें खूब बुरा भला कहने लगे।



## अर्चना की लुक के दिवाने हुए फैंस

बॉलीवुड के डायरेक्टर रोहित शेट्टी के शो खतरों के खिलाड़ी 13 को लेकर फैंस काफी एक्साइटेड हैं। इस शो के लिए कंटेस्टेंट्स साउथ अफ्रीका रवाना हो चुके हैं। यहां ये सभी खतरनाक टास्क करने वाले हैं। इस सीजन में टीवी और बॉलीवुड के कई बड़े चेहरे एक साथ नजर आ रहे हैं, जिसमें शिव ठाकरे, ऐश्वर्या शर्मा से लेकर डेजी शाह तक का नाम है। बता दें कि इस शो में अर्चना गौतम और रूही चतुर्वेदी भी नजर आने वाली हैं। इस बीच इन दोनों की कुछ फोटोज सामने आई हैं जो कि इंटरनेट पर धड़ल्ले से वायरल हो रही हैं। अर्चना गौतम ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट को अपडेट करते हुए कुछ फोटोज शेयर की है जिसपर फैंस जमकर प्यार बरसा रहे हैं। साउथ अफ्रीका की धरती हैं अर्चना गौतम ने धमाल मचा दिया है। उनकी जो तस्वीरें सामने आई हैं उसमें वो बेहद हसीन लग रही हैं।

## कूर्ग की खूबसूरती देख आप भी हो जाएंगे मंत्रमुग्ध, स्वर्ग से कम नहीं है ये जगह



भारत के कर्नाटक राज्य में कूर्ग हिल्स स्टेशन या कोडगु पर्यटन स्थल मौजूद है। कुर्ग हिल्स स्टेशन को खूबसूरत वादियों के लिए काफी फेमस है। इस जगह की खूबसूरती का अंदाजा इस बात से लगा सकते हैं कि इस जगह को 'कर्नाटक का कश्मीर' कहा जाता है। बता दें कि प्रकृति प्रेमियों के लिए यह जगह किसी स्वर्ग से कम नहीं है। समुद्री तल से 1525 मीटर की ऊंचाई पर कुर्ग स्थित है। इसके अलावा यह जगह चाय, कॉफी, घने जंगलो के लिए भी काफी फेमस है। ऐसे में अगर आप भी चिलचिलाती धूप और भीषण गर्मी से बचने के लिए कोआ ठंडी जगह तलाश कर रहे हैं तो आप कुर्ग की इन जगहों पर घूम सकते हैं।

**कुर्ग का एबी फॉल्स**- एबी फॉल्स 70 फीट की ऊंचाई से नीचे की ओर स्थित है। यह जगह वाकई में देखने लायक है। अंग्रेजों के शासन काल में इस स्थान को जेसी फॉल्स कहा जाता था। अंग्रेजों के समय में यहां के ब्रिटिश पादरी ने अपनी बेटी की याद में इस स्थान का नाम जेसी फॉल्स रखा था। यहां पर आपको हरे-भरे कॉफी और मसालों के बागानों के बीच झरने की खूबसूरती देखने को मिलेगी। गर्मी के मौसम में आप यहां पर खुद को प्रकृति के पास पाएंगे।

**मंडलपट्टी व्यूपॉइंट, कूर्ग**- मंडलपट्टी व्यूपॉइंट यानी की बादलों का बाजार, यह करीब 4050 फीट की ऊंचाई पर स्थित है। मंडलपट्टी व्यूपॉइंट पुष्पगिरी रिजर्व फॉरेस्ट का हिस्सा है। पहाड़ी की चोटी से आप इस क्षेत्र के अद्भुत नजारों को देख सकते हैं। बता दें कि इस व्यूप्वाइंट तक पहुंचने के लिए आप दो रूट ले सकते हैं। जिनमें पहला एबी फॉल्स जंक्शन है और दूसरा मक्कंदुरु के जरिए। यहां की खूबसूरती देख आपका दिल मंत्रमुग्ध हो जाएगा।

**कूर्ग का नामद्रोलिंग मठ**- नामद्रोलिंग मठ कूर्ग हिल स्टेशन से लगभग 34 किलोमीटर दूर स्थित है। इसको स्वर्ण मंदिर भी कहा जाता है। यह मठ पर्यटकों की आस्था का केंद्र है। बता दें कि यह मठ तिब्बती बौद्ध धर्म संबंधित स्कूलों का सबसे बड़ा शैक्षणिक केंद्र माना जाता है। इसके अलावा 3 मंजिला नामद्रोलिंग मठ 5000 से अधिक भिक्षुओं और ननों का घर है। यह मठ भगवान गौतम बुद्ध की शिक्षाओं को बनाए रखने के लिए समर्पित है। ऐसे में अगर आप कुर्ग आते हैं तो स्वर्ण मंदिर का भी भ्रमण कर सकते हैं।

**पुष्पगिरी वन्यजीव अभ्यारण**- अगर आप भी ऐनिमल लवर हैं, या आपको पशु-पक्षियों को देखने का शौक है तो तो पुष्पगिरी वन्यजीव अभयारण्य आपके लिए बेस्ट ऑप्शन हो सकता है। यहां पर आप नीलगिरी फ्लाईकैचर, ग्रे हॉर्नबिल और ग्रे-ब्रेस्टेड लाफिंग थ्रश कई लुप्त और दुर्लभ पक्षियों की प्रजातियों को देख सकते हैं। इस अभ्यारण्य में एशियाई हाथी, चित्तीदार हिरण जैसे कई विदेशी जानवर भी पाए जाते हैं।

**ब्रह्मगिरि शिखर**- अगर आप ट्रेकिंग और एडवेंचर के शौकीन हैं तो ब्रह्मगिरि शिखर आपके लिए बेस्ट जगह है। बता दें कि इसको पश्चिमी घाट की सबसे ऊंची चोटी कहा जाता है। यहां पर आप ट्रेकिंग के अलावा सनराइज, पक्षी और कैंपिंग स्पॉट्स आदि का लुत्फ उठा सकते हैं।

## बाइडेन का कार्यक्रम टला क्वाड शिखर सम्मेलन रद्द

**नई दिल्ली/कैनबरा, (एजेंसी)।** आस्ट्रेलिया के सिडनी में 22 से 24 मई तक होने वाले भारत सहित चार सदस्यीय क्वाड फोरम का शिखर सम्मेलन अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन का कार्यक्रम बदलने के कारण रद्द कर दिया गया है। श्री बाइडेन ने अमेरिका की संघीय सरकार की कर्ज की सीमा बढ़ाए जाने को लेकर घरेलू राजनीतिक गतिरोध के चलते आस्ट्रेलिया जाने में असमर्थता जताई है, पर जापान में इस सप्ताह हो रही जी-7 बैठक में उनके शामिल होना है। आस्ट्रेलिया, अमेरिका, जापान और भारत के इस मंच की बैठक के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी सिडनी जाने वाले थे। बैठक अब इसी सप्ताह के अंत में जापान के हिरोशिमा में होगी।

## सलमान की बहन अर्पिता के नौकर ने की चोरी, गिरफ्तार

**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** सलमान खान की बहन अर्पिता ने पुलिस में घर पर चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने इस मामले में घर के नौकर को गिरफ्तार किया है। दरअसल सलमान खान की बहन अर्पिता खान की डायमंड की इयररिंग उनके खार स्थित आवास से चोरी हो गई थी। अब मुंबई पुलिस ने इसे बरामद कर लिया है और चोर को पकड़ लिया है। मुंबई पुलिस ने 30 वर्षीय पुरुष को गहने चोरी करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। खार पुलिस ने चोर को पकड़ लिया है। वह मुंबई के विलेपार्ले इलाके में रहता है और अर्पिता खान के घर पर बतौर डॉमेस्टिक हेल्प काम करता था। खार पुलिस इंस्पेक्टर मोहन माने में एक टीम बताई थी।

## न्यूयॉर्क : प्रिंस हैरी, पत्नी की कार का दो घंटे किया पीछा

**लंदन, (एजेंसी)।** ब्रिटेन के प्रिंस हैरी और उनकी पत्नी मेगन मर्केल की कार का न्यूयॉर्क में पीछा किया गया है। इस दौरान उनके साथ उनकी मां भी थी। रायटर्स ने ड्यूक ऑफ ससेक्स के प्रवक्ता के हवाले से बताया कि घटना मंगलवार की रात उस समय हुई जब शाही जोड़ा वीमेन ऑफ विजन अवॉर्ड सेरेमनी में शामिल होने के बाद लौट रहा था। उनके प्रवक्ता ने कहा, ये विनाशकारी साबित हो सकता था। प्रिंस हैरी और मेगन मर्केल की कार का करीब दो घंटे तक पीछा किया गया। इस दौरान हादसा होते-होते बचा। यह जोड़ा किंग चार्ल्स के राज्याभिषेक के बाद पहली बार किसी सार्वजनिक कार्यक्रम में पहुंचा था।

## छेड़छाड़ का विरोध किया तो किशोरी को जिंदा जलाया

**मैनपुरी, (एजेंसी)।** यूपी में मैनपुरी जिले के कोतवाली क्षेत्र में एक युवक ने छेड़छाड़ का विरोध करने पर पड़ोस में रहने वाली एक किशोरी को डीजल डाल कर जिंदा जला दिया। गंभीर रूप से झुलसी किशोरी को जिला अस्पताल ले जाया गया जहां हालत नाजुक होने पर उसे सैफई मेडिकल कालेज रिफर कर दिया गया जहां उसकी उपचार शुरू होने से पहले ही मौत हो गई। पुलिस के अनुसार थाना कोतवाली मैनपुरी क्षेत्र ग्राम नगला पजावा में राजेश कुमार लोधी राजपूत की 15 वर्षीय नाबालिग पुत्री कुमारी शिल्पी को पड़ोस में रहने वाला अंकित (22) पुत्र राजवीर सिंह लोधी छह महीने से परेशान कर रहा था। आए दिन उसके साथ छेड़छाड़ और अश्लील हरकतें करने से बाज नहीं आ रहा था, जिसका वह विरोध कर रही थी ।

## पर्सनल लॉ बोर्ड के सचिव जफरयाब का इंतकाल

**लखनऊ, (ब्यूरो)।** ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड (एआईएमपीएलबी) के सचिव जफरयाब जीलानी का बुधवार को निधन हो गया। वह 74 वर्ष के थे। पारिवारिक सूत्रों ने बताया कि श्री जीलानी लंबे अरसे से बीमार थे। तबीयत खराब होने पर उन्हे निशात अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां आज दोपहर करीब 11 बजकर 50 मिनट पर उन्होने अंतिम सांस ली। उनका अंतिम संस्कार लखनऊ के ऐशबाग कब्रिस्तान में किया गया। गौरतलब है कि श्री जीलानी श्रीरामजन्मभूमि मामले में बाबरी मस्जिद पक्ष के वकील थे। वह उत्तर प्रदेश के अपर महाधिवक्ता भी रह चुके थे।

## आज का इतिहास

- **1848:** जर्मनी में नेशनल असेंबली का उद्घाटन हुआ।
- **1912:** पहली भारतीय फीचर लेंथ फिल्म श्री पुंडालिक रिलीज ।
- **1933:** भारत के बारहवें प्रधानमंत्री बने एचडी देवगौड़ा का जन्म।
- **1974:** राजस्थान के पोखरण में अपना पहला भूमिगत परमाणु बम परीक्षण करके भारत परमाणु शक्ति संपन्न देशों की कतार में शामिल हो गया।
- **1991:** चॉकलेट कंपनी में कैमिस्ट के तौर पर काम करने वाली 27 वर्षीय हेलेन ने ब्रिटेन की पहली अंतरिक्ष यात्री के तौर पर सोवियत सोयूज यान से उड़ान भरी। उन्हें एक पहेली का जवाब देने पर यह मौका दिया गया।
- **2009:** श्रीलंका सरकार ने तमिल विद्रोहियो के साथ 25 वर्षों से चल रहे युद्ध की समाप्ति की घोषणा की।

## बाइक राइड विवाद पर बोले बिग बी, मैं तो बस कर रहा था मस्ती



**मुंबई, (एजेंसी)।** अमिताभ बच्चन ने कुछ दिनों पहले मुंबई की सड़कों पर एक अजनबी के साथ बाइक राइड करने की तस्वीर शेयर की थी। जिसके बाद बिना हेलमेट राइड करने के लिए वो ट्रोलर्स के निशाने पर आ गए थे। यहां तक कि कुछ लोगों ने उनकी शिकायत मुंबई पुलिस और मुंबई ट्रैफिक पुलिस से कर दी थी। इस पूरे मामले को लेकर अमिताभ बच्चन लगातार आलोचना झेल रहे हैं। वहीं, अब उन्होंने मामले को गंभीरता से लेते हुए एक बयान जारी किया है और सफाई दी है। बिग बी ने अपने ब्लॉग पर एक लंबा नोट लिखा और अपनी बाइक राइड के बारे में विस्तार से बताया। अमिताभ ने कहा, रविवार का दिन है, बल्लार्ड एस्टेट के एक लेन में शूटिंग के लिए फॉर्मल परमीशन ले ली गई है...रविवार के लिए परमिशन ली गई है, क्योंकि उस दिन सारे ऑफिस बंद होते है और कोई भीड़-भाड़ व ट्रैफिक नहीं होता है। पुलिस की अनुमति के बाद शूटिंग के लिए एरिया की एक लेन बंद कर दी गई है, जो लगभग 30-40 मीटर लंबा रास्ता है, जो कपड़े मैंने पहले है वो फिल्म के लिए मेरा कॉस्टयूम है...और मैं बाइक पर बैठकर बस टाइम पास कर रहा हूं, जो एक क्रू मेंबर की है...कहीं जा नहीं रहा हूं, लेकिन ऐसा जता रहा हूं कि टाइम बचाने के लिए मैं सवारी कर रहा हूं।

## इस साल भीषण गर्मी का सबब बनेंगी धरती पर बहती गर्म लहरें

**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** पिछले कुछ दिनों से गर्मी ने अपना तेवर दिखाना शुरू कर दिया है। आने वाले समय में तापमान और भी ज्यादा बढ़ने वाला है। बताया जा रहा है कि इस साल भीषण गर्मी पड़ने वाली है। इसका कारण है अल नीनो। अल नीनो की वजह से वैज्ञानिक इसकी चेतावनी दे रहे हैं।

अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने कहा कि अल नीनो के कारण दुनिया भर में तापमान बढ़ेगा। नासा ने सेंटीनल-6 माइकल फ्रीलिश सैटेलाइट जरिए कुछ तस्वीरें जारी की है। जिनमें धरती पर गर्म लहरें बह रही है। यह लहरें ही बाद में अल-नीनो बन रही है। इन लहरों को केल्विन वेव्स कहा गया है। वैज्ञानिकों ने चेतावनी दी है कि नासा ने अल-नीनो से जुड़ी फोटो शेयर की है। अंतरिक से कैप्चर की गई इन तस्वीरों में धरती पर गर्म लहर नजर आ रही है। प्रशांत महासागर में गर्म पानी की एक लहर दक्षिण अमेरिका के पश्चिमी तट से पूर्व की तरफ जा रही है। मई का महीना ठंडा हुआ, फिर अचानक गर्मी तेज हो गई है। हजारों किलोमीटर तक फैली है केल्विन लहरेंनासा की सैटेलाइट की तस्वीरों में केल्विन लहरें प्रशांत महासागर में भारत की तरफ आ रही है।

## पीएम मोदी ने झारखंड के परतातू में जल शोधन संयंत्र के निर्माण की सराहना की



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने झारखंड में पतरातू प्रखंड में जल शोधन संयंत्र का निर्माण कार्य पूरा होने की बुधवार को सराहना की और कहा है कि इससे उस इलाके में महिलाओं का जीवन आसान होगा।

श्री मोदी ने इस संयंत्र के बारे में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सांसद जयंत सिन्हा के ट्वीट को टैग करते हुए लिखा कि बहुत ही सराहनीय प्रयास! स्वच्छ पानी की यह सुविधा झारखंड में पतरातू की हमारी माताओं और बहनों के जीवन को बहुत आसान बनाने वाली है। श्री सिन्हा ने इस संयंत्र के चित्रों के साथ ट्वीट किया कि रामगढ़ के पतरातु प्रखंड की पंचायतों में जलापूर्ति हेतु 50 करोड़ रुपए से वाटर फिल्टर प्लांट व जलमीनार के निर्माण का कार्य पूरा कर लिया गया है। उन्होंने इसी ट्वीट में कहा है कि इससे उस क्षेत्र में अब जलापूर्ति में अत्यंत सुविधा होगी।

उन्होंने लिखा है कि क्षेत्र में जलापूर्ति सुनिश्चित करने हेतु जलमीनर बनाने का काम युद्धस्तर पर जारी है।

# आतंकियों के छिपे होने के शक में इमरान का घर पुलिस ने घेरा



**इस्लामाबाद, (एजेंसी)।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के खिलाफ शहबाज सरकार हाथ धोकर पड़ी है। इमरान जहां जल्द से जल्द चुनाव करवाने की मांग कर रहे हैं तो वहीं, उन्होंने कहा कि पाक सरकार उन्हें फिर से गिरफ्तार कर जेल भेजने की फिराक में है।

अब पाकिस्तान की पंजाब सरकार ने इमरान से जुड़ा एक सनसनीखेज दावा किया है, जिससे खलबली मच गई है। सरकार का कहना है कि इमरान के आवास जमान पार्क में 30-40 आतंकी छिपे हुए हैं। 24 घंटे के भीतर उन आतंकियों को सरकार को सौंपने के लिए कहा गया है। इमरान के घर को भी पुलिस ने चारों ओर से घेर लिया है। पंजाब के अंतरिम सूचना मंत्री आमिर मीर ने कहा है कि जियो-फेंसिंग के जरिए तकनीकी और खुफिया जानकारी भी मिली थी कि आतंकवादी इमरान खान के जमान पार्क स्थित आवास पर शरण मांग रहे हैं। उन्होंने कहा कि इन लोगों में वे लोग भी शामिल हैं जिन्होंने लाहौर कॉर्प्स कमांडर हाउस पर हमला किया था। इसलिए पीटीआई नेतृत्व से अनुरोध किया जा रहा है कि इन आतंकियों को सौंप दें। पंजाब की अंतरिम सरकार पीटीआई नेतृत्व को उन आतंकवादियों को सौंपने के लिए 24 घंटे का समय दे रही है, जो सैन्य प्रतिष्ठानों पर हमले में शामिल थे और जमान पार्क में शरण मांग रहे थे।

### इमरान ने की समर्थकों की रिहाई की मांग

पीटीआई चीफ ने कहा कि इसके अलावा, अदालत के आदेश के बावजूद पत्रकार इमरान रियाज़ खान को पेश नहीं किया गया है और उनके खिलाफ यातना की पुष्टि हुई है। उन्होंने सभी महिला नेताओं, कार्यकर्ताओं और नेताओं की महिला परिवार के सदस्यों की तत्काल रिहाई की मांग की। उन्होंने कहा कि शिरीन मजारी के इलाज और उनकी बेटी के पुरुष अधिकारियों द्वारा शारीरिक हमला किए जाने की खबरों को सुनने के बाद वह परेशान हैं। इमरान ने कहा, कि हमारी महिला समर्थकों के साथ किए गए बर्बर व्यवहार के आगे आने वाले वीडियो सबूत निंदनीय हैं। इन सभी महिलाओं को तुरंत रिहा किया जाना चाहिए। मैं इसे अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार संगठनों के सामने भी उठा रहा हूं।

### पाक में नौ मई जैसी हिंसक घटनाओं को दोहराने नहीं दिया जाएगा : सेना

**रावलपिंडी (एजेंसी)।** पाकिस्तान के सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर ने बुधवार को कहा कि सेना नौ मई जैसी घटनाएं किसी भी कीमत पर फिर से नहीं होने देगी। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के कार्यकर्ताओं ने नौ मई को पार्टी अध्यक्ष इमरान खान की गिरफ्तारी के बाद विरोध प्रदर्शन के दौरान शहीद स्मारक, लाहौर कॉर्प्स कमांडर हाउस और जनरल मुख्यालय में तोड़फोड़ की थी। पाकिस्तानी सेना प्रमुख ने शहीद स्मारक का दौरा करने के दौरान कहा कि किसी को भी हमारे शहीदों और उनके स्मारकों का अनादर करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। इस बीच, पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने वरिष्ठ पत्रकारों से बातचीत में कहा कि सैन्य प्रतिष्ठानों में तोड़फोड़ और उसे नुकसान पहुंचाने वालों पर विशेष स्थायी अदालतों में मुकदमा चलाया जाएगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि सैन्य प्रतिष्ठानों पर हमला करने वालों के मामलों की सुनवाई विशेष स्थायी अदालतों में की जाएगी। उन्होंने कहा कि निजी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने वालों पर भी आतंकवाद विरोधी अदालतों में मुकदमा चलाया जाएगा। ट्वीट में, प्रधानमंत्री शरीफ ने कहा कि नौ मई को देश, प्रतीकों और संवेदनशील प्रतिष्ठानों पर हुए हमले की जड़ें पिछले वर्ष इमरान के भाषणों की देन हैं। इमरान ने लगातार सशस्त्र बलों और मौजूदा सेना प्रमुख पर हमला किया।

## फर्जी काल सेंटर चलाकर अमेरिकी लोगों को ठगने वाला गिरोह दबोचा

### नगालैंड-मणिपुर की चार युवतियों समेत 16 आरोपी गिरफ्तार



**उदयपुर, (एजेंसी)।** राजस्थान के उदयपुर में फर्जी कॉल सेंटर पर अमेरिकी लोगों से ठगी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ कर पुलिस ने नगालैंड-मणिपुर की चार युवतियों सहित 16 जालसाजों को गिरफ्तार कर 12 लेपटॉप, 15 मोबाइल एवं अन्य उपकरण बरामद किए हैं।

एसपी विकास शर्मा ने बताया कि एसएचओ संजीव स्वामी को डीएसटी टीम से सूचना मिली की ट्रांसपोर्ट नगर सर्विस रोड स्थित होटल अन्नपूर्णा में एक अवैध कॉल सेंटर संचालित है। सूचना पर कुछ युवक-युवतियां लेपटॉप पर काम करते हुए हेडफोन लगाकर किसी से अंग्रेजी में बातचीत कर रहे थे। उनके द्वारा किए जा रहे कार्य के बारे में पूछताछ की तो बताया गया कि ये कमरे रामसिंह उर्फ मामु निवासी धमसीन जिला जालौर के नाम से बुक करवाए हैं। राम सिंह अपने सर्वर से अमरीकी नागरिकों के सिस्टम पर संदिग्ध एक्टिविटी का मेल भेज डरा कर ठगी करता है। इनके कब्जे से 12 लेपटॉप, 15 मोबाइल, 5 लेपटॉप, चार्जर व हैडफोन आदी मिले हैं।

इस मामले में मुगाई निवासी दिमापुर नगालैंड, चार्लटन निवासी सिलोंग, मेघालय, कशिश नि. फरिदाबाद, हरियाणा, थानयेम उर्फ मार्टीन कोहिमा नि. नगालैंड, वारेन उर्फ वरूण नि. फरिदाबाद, हरियाणा, टोवीटो नि. दिमापुर, नगालैंड, ऐश्वर्य बाथम नि. इंदौर, मध्यप्रदेश, जतिन आनंद शर्मा नि. पोंडी, डुगरी, उत्तराखंड हाल मुंबई, प्रितेश चौहान निवासी राजकोट, अरूण यादव नि. जिला फरिदाबाद हरियाणा, मोईनुल जुनैद अली निवासी जिला बोंगाईगांव असम, राहुल नि. खासी मेघालय, खुशी रंधावा नि. खासी, मेघालय, मुस्कान कौर निवासी खासी, मेघालय, विफ्रे नुखा उर्फ विप्स निवासी साउथ कोहिमा, नगालैंड और सीमा मेरी निवासी शिलोग, मेघालय को गिरफ्तार किया है।

### साइबर गैंग के दो और ठग बंदी

**जयपुर, (एजेंसी)।** राजस्थान में सीआईडी क्राइम ब्रांच जयपुर की टीम ने साइबर ठगी के दो और आरोपियों को गिरफ्तार किया है। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (अपराध) दिनेश एम एन ने बताया कि दोनों आरोपी सगे भाई हैं। जयपुर में रहते हुए चाय की थड़ी पर बैठकर बेरोजगार छात्रों को विश्वास में लेकर तीन हजार रुपये देकर पहले उनका विभिन्न बैंकों में खाता खुलवाते। बाद में उन खातों को साइबर ठगों को 13 हजार रुपये में बेच देते। श्री एमएन बताया कि सीआईडी क्राइम ब्रांच की टीम ने गत पांच अप्रैल को जवाहर नगर थाना क्षेत्र में फर्जी तरीके से एटीएम तैयार कर दिन में 10-12 लाख रुपए एटीएम से निकालने वाले तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार कर 11.73 लाख रुपए जब्त किए थे।

## 535 करोड़ की करेंसी लेकर सड़क के बीच में फंसा कंटेनर




**चेन्नई, (एजेंसी)।** भारतीय रिजर्व बैंक की चेन्नई शाखा से विल्लुपुरम जिले के विभिन्न बैंकों में 535 करोड़ रुपए ले जा रहे 02 कंटेनर ट्रकों में से एक राष्ट्रीय राजमार्ग पर खराब हो गया, जिसके बाद दोनों वाहनों को पास के सिद्ध अस्पताल परिसर में ले जाया गया। इसके बाद मैकेनिक ने पुलिस सुरक्षा में वाहन को ठीक करने का प्रयास किया। हालांकि, वे चेन्नई में दोनों वाहनों को आरबीआई को वापस करने की कोशिश कर रहे हैं क्योंकि वाहन की मरम्मत नहीं हो पाई है। इसके लिए उन्होंने क्षतिग्रस्त वाहन को ही निकालने के लिए रिकवरी वाहन बुलाया है। जैसे ही 535 करोड़ रुपये नकद ले जा रहा वाहन खराब हुआ, निकटतम पुलिस स्टेशन को तुरंत सूचित किया गया। इसके बाद तांबरम सहायक आयुक्त श्रीनिवासन के नेतृत्व में 200 से अधिक पुलिसकर्मी सुरक्षा में तैनात हो गए। पुलिस से इलाके में हलचल है क्योंकि अचानक खराब हुए वाहन के लिए अत्यधिक पुलिस सुरक्षा व्यवस्था की गई है, जब इस बारे में ड्राइवर से पूछा गया तो उसने कहा कि पैसे ले जाना तो आम बात है। हालांकि, उन्होंने कहा कि एक वाहन के इंजन में खराबी के कारण एक अन्य वाहन को भी रोक दिया गया। उन्होंने कहा कि एक के बाद एक यात्रा करने वाले दोनों वाहनों को रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के चेन्नई ब्रांच भेजने का फैसला किया गया है. बीच सड़क पर बाउंड करेंसी के साथ वाहन खड़े होने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया।

## अतीक-अशरफ के हत्यारों का एसआईटी कराएगी नार्को टेस्ट

**प्रयागराज, (ब्यूरो)।** अतीक-अशरफ हत्याकांड के जांच के लिए गठित एसआईटी सच जानने के लिए तीनों शूटर्स का लाई डिटेक्टर टेस्ट तथा नार्को टेस्ट कराएगी ।

एसआईटी के कई सवालो के जवाब हत्यारों द्वारा न दिए जाने के कारण कई सवालों के जवाब न मिलने के बाद इसकी कवायद शुरू की गई। अब लाई डिटेक्टर टेस्ट तथा नार्को टेस्ट के बाद हत्याकांड का सच सामने आएगा। लाई डिटेक्टर टेस्ट के बाद साजिश से भी पर्दा उठ सकता है बता दें कि बीते माह कॉल्विन हॉस्पिटल में अतीक-अशरफ की हत्या हुई थी ।

## राजस्थान में 350 नवीन पद के साथ चिकित्सा सुविधाओं का होगा विस्तार

**जयपुर, (ब्यूरो)।** राज्य सरकार द्वारा प्रदेश में चिकित्सा सुविधाओं का निरंतर विस्तार किया जा रहा है। सीएम अशोक गहलोत ने 10 चिकित्सा संस्थाओं में सुविधाओं का विस्तार करते हुए कुल 440 बैड्स की वृद्धि तथा 350 नवीन पदों के सृजन के प्रस्ताव को मंजूरी दी है।

इस निर्णय से राजकीय चिकित्सालय कुचामन सिटी नागौर में 150, सैटेलाइट मोतीडूंगरी जयपुर में 100, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सेडवा बाड़मेर में 45, भीनमाल जालौर में 25 तथा हिंडौली बूंदी, कोटकासिम अलवर, टपकूडा अलवर, बड़ाउ झुंझुनूं, गुढाचंद्रजी करौली व रामगढ़ सीकर में प्रत्येक में 20-20 अतिरिक्त बैड्स से आमजन को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध हो सकेंगी।

**आदेश** मणिपुर हिंसा पर सुप्रीम कोर्ट ने संबंधित पक्षों की सुनीं दलीलें, कहा

# संयम से काम लें, भड़काऊ बयान न दें

**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** उच्चतम न्यायालय ने मणिपुर में कानून-व्यवस्था की स्थिति पर बुधवार को कहा कि संवैधानिक अधिकारी संयम से काम लें और भड़काऊ बयान न दें। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़, और न्यायमूर्ति पी एस नरसिम्हा और जेबी पारदीवाला की पीठ ने संबंधित पक्षों की दलीलें सुनने के बाद कहा कि वह यह सुनिश्चित करेगा कि राजनीतिक कार्यपालिका मणिपुर में कानून-व्यवस्था की स्थिति पर आंख नहीं मूंदें।

पीठ ने साथ ही इस बात पर भी जोर दिया कि वह'राजनीतिक क्षेत्र'में प्रवेश नहीं करेगी।पीठ ने मुख्यमंत्री के आधिकारिक हैंडल से किए गए कथित भड़काऊ ट्वीट्स की एक वकील की शिकायत पर सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता से कहा,' यह सुनिश्चित करें कि संवैधानिक अधिकारी संयम से काम लें और भड़काऊ बयान न दें।शीर्ष अदालत ने राज्य सरकार को निर्देश दिया कि हिंसा से प्रभावित लोगों की सुरक्षा के साथ-साथ राहत और पुनर्वास के लिए किए गए उपायों पर एक नई स्थिति रिपोर्ट दाखिल करें।

पीठ ने अपने आदेश में कहा,''हमें बताएं कि मणिपुर में (सुरक्षा और राहत को लेकर) क्या कदम उठाए गए हैं।''पीठ ने सुनवाई के दौरान कहा कि वह मणिपुर उच्च न्यायालय के 27 मार्च के फैसले से उत्पन्न कानूनी मुद्दों से नहीं निपटेगी, जिसमें बहुसंख्यक मेइती को अनुसूचित जनजाति के रूप में आरक्षण दिया गया था। वजह यह कि आदेश को चुनौती देने वाली याचिका उच्च न्यायालय की बड़ी खंडपीठ के समक्ष लंबित है।

शीर्ष अदालत ने उच्च न्यायालय के आदेश को पूरी तरह तथ्यात्मक रूप से गलत बताया, लेकिन साथ ही यह भी कहा कि आदिवासी आरक्षण के मुद्दे से जुड़े मुद्दों को लेकर उच्च न्यायालय की उस खंडपीठ में जा सकते हैं।पीठ ने कुकी और अन्य आदिवासी समुदायों की सुरक्षा संबंधी आशंकाओं के मद्देनजर भी आदेश दिया।

पीठ ने कहा कि राज्य के मुख्य सचिव और उनके सुरक्षा सलाहकार आदिवासियों द्वारा बताए गए गांवों में शांति सुनिश्चित करने के लिए आकलन कर जरूरी कदम उठाएंगे।शीर्ष अदालत के समक्ष राज्य सरकार ने अपनी स्थिति रिपोर्ट में कहा, ''47,914 से अधिक लोगों के साथ कुल 318 राहत शिविर खोले गए हैं।

## Filmi तड़का

### कान फिल्म फेस्टिवल



## उर्वशी रौतेला ने रेड कार्पेट पर बिखेरा जलवा

### गले में पहना खास हार

नई दिल्ली। फ्रेंच रिवेरा में 76वें कान फिल्म फेस्टिवल का बिगुल बज गया है। मंगलवार से इसकी शुरुआत हो गई है, जिसमें देश-विदेश के तमाम सितारे पहुंचे हैं। बॉलीवुड की भी कुछ हस्तियों ने अपने ग्लैमर का तड़का लगाया है। अनुष्का शर्मा, मानुषी छिल्लर, सारा अली खान, ईशा गुप्ता, प्रियंका चोपड़ा के अलावा उर्वशी रौतेला भी पहुंचीं। कान 2023 के रेड कार्पेट पर पहले ही दिन पागलपंती एक्ट्रेस ने सबका ध्यान अपनी तरफ खींच लिया। वे ऊपर से नीचे तक तो खूबसूरत लग रही थीं, लेकिन उन्होंने अपने गले के साथ जो किया, उससे सच में मन घिना गया। अब आप सोच रहे होंगे कि ऐसा क्या है। आइए बताते हैं। कान 2023 के रेड कार्पेट पर उर्वशी रौतेला ने अपना अलग अंदाज दिखाया। जहां सारा अली खान लहंगा पहनकर पहुंची। वहीं, उर्वशी ने गुलाबी रंग का गाउन कैरी किया हुआ था। साथ ही बालों को भी बांधकर उसका हाई बन बनाया था। इसकी उन्होंने ढेर सारी फोटोज भी पोस्ट की। कुछ ने तारीफ की और कुछ ने ऋषभ पंत का नाम लेकर इनको चिढ़ाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। मगर इन सबके बीच जो सबसे ज्यादा घिना देने वाला था वो इनके गले का हार। उर्वशी ने अपने गले में कोई हीरे-मोती का जड़ाऊ हार नहीं पहना था, बल्कि उन्होंने मगरमच्छ और गिरगिट से बना हुआ नेकलेस अपने बदन पर सजाया हुआ था। इतना ही नहीं, उनके कान में भी इसी के मैचिंग के रेप्टाइल्स सजे हुए थे, जो कि उन्हें एकदम अलग लुक तो दे रहे थे। वहीं सोशल मीडिया यूजर्स को उल्टी का एहसास करा रहे थे। लोगों ने कमेंट सेक्शन में भी उनके नेकलेस को डरावना बताया।

## हार्मोनल इंजेक्शन लेकर बड़ी हुईं हंसिका मोटवानी?





**नई दिल्ली।** चाइल्ड एक्ट्रेस के तौर पर ग्लैमर इंडस्ट्री में कदम रखने वालीं हंसिका मोटवानी ने अपने अब तक के करियर में कई प्रोजेक्ट्स में काम किया है। हंसिका ने कच्ची उम्र में ही टेलीविजन और बॉलीवुड दोनों इंडस्ट्री में काम करना शुरू कर दिया। बड़ी हुईं, तो तेलुगू इंडस्ट्री में भी पांव जमाया। हंसिका हमेशा ही अच्छी एक्टिंग करने को लेकर चर्चा में रहीं, लेकिन इसी के साथ उन्हें हार्मोनल ग्रोथ के लिए इंजेक्शन्स लेने का आरोप भी झेलना पड़ा।

शाका लाका बूम बूम शो से बतौर चाइल्ड आर्टिस्ट फेमस हुईं हंसिका ने ऋतिक रोशन के साथ कोई मिल गया में काम किया। जैसे-जैसे हंसिका के पास प्रोजेक्ट्स आते गए, वैसे-वैसे उनका स्टारडम भी बढ़ता चला गया। कुछ टाइम के ब्रेक के बाद हंसिका, हिमेश रेशमिया के म्यूजिक एल्बम आप का सुरूर में नजर आईं, तो उनकी कद काठी देख लोग हैरत में पड़ गए और यहीं से शुरू हुआ हार्मोनल इंजेक्शन लेने के आरोप लगने का सिलसिला। कहा जाने लगा कि हंसिका को उनकी मां ने इंजेक्शन दिए। चाइल्ड आर्टिस्ट से लीड एक्ट्रेस के तौर पर डेब्यू करने वालीं हंसिका और साथ ही उनकी मां ने भी इन आरोपों पर चुप्पी तोड़ी है।

# बर्फीली वादियों की गोद और समुद्र तल से 1317 मीटर की ऊंचाई पर 9 साल बाद धर्मशाला में पृथ्वी का शो..

हिमाचल प्रदेश के धर्मशाला स्थित दुनिया के सबसे खूबसूरत क्रिकेट स्टेडियम में से एक एचपीसीए स्टेडियम में पंजाब किंग्स और दिल्ली कैपिटल्स के मैच के साथ ही एक बार फिर 9 साल बाद आईपीएल मैच की दस्तक ने यहां की फिजा में चार चांद लगा दिए। दरअसल, धर्मशाला को देशभर में सबसे ज्यादा बारिश का केंद्र माना जाता है और इत्तेफाक से यहां दुनिया की सबसे ज्यादा हाईस्पीड पिचों वाला और धौलाधार की बर्फीली वादियों की गोद में बना खूबसूरत स्टेडियम भी है, जहां देश की हर टीम आकर खेलना चाहती है। 19 मई को भी इसी मैदान पर पंजाब की टीम राजस्थान रॉयल्स से भिड़ेगी। हिमाचल पर्यटन विभाग के अनुसार, हफ्ते भर पहले से ही 20 मई तक कांगड़ा घाटी के सभी होटलों, गेस्ट हाउस और होम स्टे 100 प्रतिशत एडवांस बुक है। यहां पहला आईपीएल मैच 2010 और अंतिम 2013 में खेला गया था। बाद में धर्मशाला क्रिकेट स्टेडियम को 2013 में भारत और इंग्लैंड के बीच एकदिवसीय मैच के साथ अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम का दर्जा मिला। पहला टी-20 मैच 2015 में भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच खेला गया था। खेल के दौरान यहां से दिखने वाले व्यू की तारीफ कई विदेशी क्रिकेटर भी कर चुके हैं।

**2003**
में एचपीसीए के पूर्व अध्यक्ष अनुराग ठाकुर ने करवाया था इसका निर्माण

**27000**
हजार लोगों के बैठने की हैं दर्शक क्षमता इस स्टेडियम में

**2013**
में खेला गया था यहां 9 साल पहले लास्ट आईपीएल मैच

**09**
पिचों का निर्माण किया गया है इस मैदान में कुल

**10**
अंतर्राष्ट्रीय टी-20 मैचों की मेजबानी कर चुका हैं यह मैदान अब तक




### बरमूडा घास वाला देश का पहला स्टेडियम, मौसम के अनुरुप रंग बदलती है यहां की घास

धर्मशाला स्टेडियम देश का पहला क्रिकेट स्टेडियम है, जहां बरमूडा की नई किस्म की घास लगाई गई है। पसप्लम नामक यह घास गर्मी और सर्दी के मौसम में अलग-अलग रंग में नजर आती है। इस घास की सबसे बड़ी खासियत है कि लगाने के बाद इसे 8 साल तक बदलना नहीं पड़ता है। इस किस्म की घास ज्यादातर गोल्फ मैदान में लगाई जाती है। जब गोल्फर शॉट लगाता है तो गेंद एक जगह न रुककर आगे निकल जाती है।

# धर्मशाला पहुंचकर भी धर्मसंकट में फंसी प्रीति की टीम

## आईपीएल सीजन 16: दिल्ली ने पंजाब की प्लेऑफ में पहुंचने की उम्मीदों को दिया करारा झटका




**धर्मशाला।** दिल्ली कैपिटल्स ने राइली रूसो (82 नाबाद) और पृथ्वी शॉ (54) के अर्द्धशतकों से धर्मशाला में खेले गए आईपीएल मैच में पंजाब किंग्स को 15 रन से हराकर प्रीति जिंटा की टीम की प्लेऑफ में पहुंचने की उम्मीदों को करारा झटका दिया। दिल्ली ने पंजाब के सामने 214 रन का विशाल लक्ष्य रखा। जवाब में पंजाब लियाम लिविंगस्टन (94 रन) की जुझारू पारी के बावजूद 198 रन तक ही पहुंच सकी। रूसो ने 37 गेंद पर छह चौकों और छह छक्कों की मदद से 82 रन की नाबाद पारी खेली। छह मैच बाद टीम में वापसी कर रहे शॉ ने भी इस सीजन का अपना पहला अर्द्धशतक जड़ा जिसकी मदद से दिल्ली 2023 में पहली बार 200 रन का आंकड़ा पार कर सकी। लक्ष्य का पीछा करते हुए पंजाब ज्यादातर समय जीत से दूर रही, हालांकि मैच के अंतिम तीन ओवर रोमांच और उत्साह से भरे रहे। पंजाब ने 18वें ओवर में तीन छक्के लगाकर 21 रन जोड़े, जबकि दिल्ली ने 19वें ओवर में दो विकेट लेकर मात्र पांच रन दिए। पंजाब को जब आखिरी ओवर में 33 रन की जरूरत थी, तब इशांत शर्मा ने पहली गेंद डॉट डालने के बाद दूसरी और तीसरी गेंद पर 10 रन दिए। लिविंगस्टन ने चौथी गेंद पर भी छक्का जड़ा और अंपायर ने उसे नो बॉल करार दे दिया। पंजाब को तीन गेंदों में सिर्फ 16 रन की जरूरत थी। इशांत ने हालांकि अपना संयम बनाए रखा और अगली दो गेंदों पर कोई रन दिए बिना तीसरी गेंद पर लिविंगस्टन को आउट कर दिया। पंजाब 13 मैचों में 12 अंकों के साथ तालिका में आठवें स्थान पर है और अपना आखिरी लीग मैच जीतने पर भी उसकी प्लेऑफ में पहुंचने की संभावनाएं कम हैं। दिल्ली के 13 मैचों में 10 अंक हैं और वह प्लेऑफ की दौड़ से पहले ही बाहर हो चुकी है।

### आईपीएल 2023 अंक तालिका

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|
| गुजरात टाइटंस | 13 | 09 | 04 | 18 | 0.835 |
| चेन्नई सुपर किंग्स | 13 | 07 | 05 | 15 | 0.381 |
| लखनऊ सुपर जायंट्स | 13 | 07 | 05 | 15 | 0.304 |
| मुंबई इंडियंस | 13 | 07 | 06 | 14 | -0.128 |
| रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 12 | 06 | 06 | 12 | 0.166 |
| राजस्थान रॉयल्स | 13 | 06 | 07 | 12 | 0.140 |
| कोलकाता नाइट राइडर्स | 13 | 06 | 07 | 12 | -0.256 |
| पंजाब किंग्स | 13 | 06 | 07 | 12 | -0.308 |
| दिल्ली कैपिटल्स | 13 | 05 | 08 | 10 | -0.572 |
| सनराइजर्स हैदराबाद | 12 | 04 | 08 | 08 | -0.575 |

### स्कोर बोर्ड

| दिल्ली कैपिटल्स | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| डेविड वॉर्नर कै. धवन बो. करन | 46 | 31 | 5/2 |
| पृथ्वी शॉ कै. तायडे बो. करन | 54 | 38 | 7/1 |
| राइली रूसो नाबाद | 82 | 37 | 6/6 |
| फिल सॉल्ट नाबाद | 26 | 14 | 2/2 |

**अतिरिक्त:** 5, **कुल:** 20 ओवर में दो विकेट पर 213 रन **विकेट पतन:** 1-94, 2-148, **गेंदबाजी:** सैम करन 4-0-36-2, कगिसो रबाडा 3-0-36-0, अर्शदीप सिंह 2-0-21-0, नेथन एलिस 4-0-46-0, राहुल चाहर 4-0-35-0, हरप्रीत बराड़ 3-0-39-0,

| पंजाब किंग्स | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| प्रभसिमरन कै. धुल बो. अक्षर | 22 | 19 | 4/0 |
| शिखर धवन कै. अमन बो. इशांत | 00 | 01 | 0/0 |
| अथर्व तायडे रिटायर्ड आउट | 55 | 42 | 5/2 |
| लिविंगस्टोन कै. अक्षर बो. इशांत | 94 | 48 | 5/9 |
| जितेश शर्मा कै. खलील बो. नोर्जे | 00 | 03 | 0/0 |
| शाहरुख कै. अक्षर बो. खलील | 06 | 03 | 0/1 |
| सैम करन बो. नोर्जे | 11 | 05 | 1/1 |
| हरप्रीत बराड़ रन आउट | 00 | 01 | 0/0 |
| राहुल चाहर नाबाद | 00 | 00 | 0/0 |

**अतिरिक्त:** 10, **कुल:** 20 ओवर में आठ विकेट पर 198 रन **विकेट पतन:** 1-0, 2-50, 3-128, 4-129, 5-147, 6-180, 7-180, 8-198 **गेंदबाजी:** खलील अहमद 3-1-20-1, इशांत शर्मा 3-0-36-2, अनरिख नोर्जे 4-0-36-2, मुकेश कुमार 4-0-52-0, अक्षर पटेल 3-0-27-1, कुलदीप यादव 3-0-21-0,

### ऑरेंज कैप




1 फाफ डु प्लेसिस 631

| मैच | सर्वश्रेष्ठ | औसत | चौके | छक्के | 50 | 100 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 12 | 84 | 57.36 | 48 | 34 | 7 | 0 |

### पर्पल कैप




1 मोहम्मद शमी 23

| मैच | विकेट | इकोनॉमी | बेस्ट बॉलिंग | 4/5 विकेट |
|---|---|---|---|---|
| 13 | 23 | 7.54 | 11/4 | 2/0 |

## अस्तित्व एनर्जी ने केकेआर को 177 रन से हराया



**भोपाल।** अलहम्द ग्रुप विधायक चैंपियंस ट्रॉफी के तीसरे मैच में अस्तित्व एनर्जी ने केकेआर को 177 रन से हराया। अस्तित्व एनर्जी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 198 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। अस्तित्व एनर्जी के लिए अभिषेक ने 29 गेंदों में सर्वाधिक 75 रन की ताबड़तोड़ पारी खेली। जबाव में केकेआर की टीम कुछ खास नहीं कर सकी। मात्र 21 रन पर केकेआर की पूरी टीम पवेलियन लौट गई। भोपाल शहर मध्य प्रदेश का यह सबसे लो स्कोर का रिकॉर्ड कायम किया गया। अस्तित्व एनर्जी की ओर से विनोद पाल ने 3 ओवर में 12 रन देकर 6 विकेट लिए। विनोद को यलगार टाइम्स के चीफ एडिटर जनाब मोहम्मद आरिफ साहब द्वारा मैन ऑफ द मैच के पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

## राज्य स्तरीय कराते के लिए जिला टीम घोषित



**भोपाल।** 20 मई को भोपाल में होने वाली राज्य स्तरीय कराते प्रतियोगिता के लिए भोपाल जिला टीम का चयन किया गया है। राज्य स्तरीय कराते के बाद चयनित मप्र टीम 31 मई से 2 जून तक दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेगी। **भोपाल जिला टीम :** सारिका विश्वकर्मा, केशवी सोनवने, दूर्वा बोरीकर, आज्ञा द्विवेदी, आरोही हंगल, प्रीति राजपूत, भूवी आचार्य, रुचिका गुप्ता, तनुज महोबिया, युसूफ अली, अनुज शेरपुरवार, संस्कार राठौर, रितिश गुप्ता, प्रभव कैलाशी, श्लोक सिंह, अक्षत महोले, दीक्षांत कटारिया, दीपक प्रजापति, अभिषेक सिंह, अंकित बाथम।

## राज्य स्तरीय पंजा कुश्ती में मनीष, अरविंद, रजनी और अयोध्या ने मारी बाजी

**भोपाल।** राज्य स्तरीय दिव्यांगजन पंजा कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन भोपाल में बुधवार को किया गया। इस प्रतियोगिता में मनीष कुमार, अरविंद रजक, रजनी प्रजापति और अयोध्या प्रजापति अलग-अलग वर्ग में प्रथम स्थान पर रहे। पुरुष वर्ग-60 कि.ग्रा. से अधिक में ग्वालियर के मनीष कुमार प्रथम, बड़वानी के मनोज पटेल द्वितीय और तृतीय स्थान पर देवास जिले के भगवान सिंह बंजारा रहे। वहीं 60 कि.ग्रा. से कम वर्ग में भिण्ड के अरविंद रजक पहले, मुरैना के निरंजन गुर्जर दूसरे और इंदौर जिले के अंकित चौहान तीसरे स्थान पर रहे। महिला वर्ग-40 कि.ग्रा. से अधिक में ग्वालियर जिले की रजनी प्रजापति प्रथम, मुरैना जिले की रामविलासी राठौर द्वितीय और देवास जिले की सुनीता सोलंकी तृतीय स्थान पर रहीं। वहीं 40 कि.ग्रा. से कम वर्ग में मुरैना जिले की अयोध्या प्रजापति ने प्रथम और ग्वालियर की सोनम राठौर ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण मंत्री प्रेम सिंह पटेल ने प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत किया। इस मौके पर प्रेमसिंह पटेल ने भोपाल के स्पर्श भवन में कहा कि दिव्यांग खिलाड़ी काफी मेहनत कर आगे आ रहे हैं। उन्हें राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में भाग लेने योग्य बनाने के लिए हर संभव सहायता की जाएगी। इस मौके पर प्रो पंजा लीग के को-फाउण्डर एवं फिल्म स्टार प्रीति झिंगियानी और प्रवीण डबास मौजूद थे।



# मसूरी में बादलों के बीच छिपा है ये खूबसूरत व्यू प्वॉइंट, देखते ही रह जाएंगे यहां के नजारे

अप्रैल महीने से ही गर्मी ने अपना प्रचंड रूप दिखाना शुरू कर दिया है। गर्मी को देखते हुए मई-जून में तो सुकून सिर्फ ठंडी जगह ही दे सकती है। गर्मियों में वैसे तो कई लोग घूमने का प्लान बनाते हैं और घूमने के लिए भी कई बेस्ट हिल स्टेशन है। लेकिन दिल्ली से महज 6-7 घंटे का सफर तय कर आप मसूरी हिल स्टेशन पहुंच सकते हैं।

मसूरी में वैसे तो घूमने के लिहाज से कई आकर्षक जगह हैं। लेकिन क्या आप यहां पर बादलों में छिपी हुए जगह के बारे जानते हैं। मसूरी की इस जगह को क्लाउड एंड के नाम से भी जाना जाता है। आप गाड़ी व टैक्सी से महज एक से डेढ़ घंटे में इस जगह पर पहुंच सकते हैं। आइए जानते हैं क्लाउड एंड के बारे में...

क्लाउड्स एंड व्यूपॉइंट यहां की खूबसूरत पहाड़ी पर स्थित है। यह स्थान घने ओक और देवदार के जंगलों से घिरा है। यहां पर आप बेनोग वन्यजीव अभयारण्य से ट्रेक करते हुए आ सकते है। अभयारण्य से क्लाउड एंड की दूरी सिर्फ 2 किमी की है। यहां आने के बाद पहाड़ी हवा, खूबसूरत नजारे और ट्रेकिंग प्वाइंट आपको जन्नत में होने का एहसास कराते हैं। इन नजारों को देखकर एक बार तो आपको यह भी लगने लगेगा। जैसे स्वर्ग खुद पृथ्वी पर उतर आया है। इस




जगह से बादल बहुत करीब दिखते हैं। इसी कराण यह जगह क्लाउड एंड के नाम से प्रसिद्ध है।

क्लाउड्स एंड व्यूपॉइंट की खूबसूरती निहारने के बाद आप यहां पर अंग्रेजी वास्तुकला से भी रूबरू हो सकते हैं। साल 1838 में ब्रिटिश अधिकारी मेजर स्वेतेन्हम ने इस इमारत का निर्माण कराया था। बता दें कि यह मसूरी की सबसे पुरानी इमारत में से एक है। हालांकि अब इस इमारत को हेरिटेज होटल में बदल दिया गया है। अब इसको क्लाउड्स एंड फॉरेस्ट रिजॉर्ट के रूप में जाना जाता है। लेकिन आज भी यह इमारत अपनी पुरानी वास्तुकला, फर्नीचर, चित्रों, किताबों को अपने आप में समेटे है। इसके अलावा आप यहां पर फोटोग्राफी, हिल क्लाइंबिंग आदि का भी लुत्फ उठा सकते हैं।

**आसपास घूमने की जगह ?**
ज्वाला देवी मंदिर
बेनोग वन्यजीव अभयारण्य
सोहम हेरिटेज एंड आर्ट सेंटर
कैमल्स बैक रोड
लाल टिब्बा
गन हिल
हैप्पी वैली
लाइब्रेरी बाजार

**घूमने के लिहाज से अच्छा समय**- क्लाउड एंड मे आप कभी भी घूमने के लिए जा सकते हैं। क्योंकि यहां पर पूरे साल मौसम बहुत अच्छा रहता है। बारिश के मौसम में आपको यहां पर जाने से बचना चाहिए। क्योंकि पहाड़ी इलाका होने के कारण यहां के रास्ते काफी पतले हैं। ऐसे में बारिश में आप किसी मुश्किल में फंस सकते हैं। विंटर्स और गर्मियों में आप यहां घूमने आ सकते हैं।

**ऐसे पहुंचे क्लाउड एंड मसूरी ?**- मसूरी शहर से लगभग 6 किलोमीटर पश्चिम में क्लाउड्स एंड स्थित है। आप इस जगह पर जीप या टैक्सी करके पहुंच सकते हैं। इसके अलावा यहां पर सबसे पास आपको देहरादून रेलवे स्टेशन मिलेगा और जॉली ग्रांट एयरपोर्ट इस जगह से करीब 60 किमी दूर है।



वैसे तो वॉकिंग सभी के लिए फायदेमंद है, इसके बहुत से हेल्थ बेनिफिट्स हैं। लेकिन अगर आप अपने ओवर फैट को जल्द बर्न करना चाहते हैं तो वॉकिंग करते समय यहां बताई जा रही कुछ बातों का जरूर ध्यान रखें।

# जब करें फैट बर्निंग वॉक इन बातों पर करें गौर

फिटनेस

अंजू जैन

अगर आप अपनी हेल्थ के प्रति एलर्ट हैं और वॉकिंग करते हैं या वॉक शुरू करना चाहते हैं, तो इससे जुड़ी कुछ खास बातों को जान लेना फायदेमंद होगा। यहां बताई जा रही किसी भी वॉक को शुरू करने से पहले शुरुआती 4-5 मिनट तक सामान्य गति से टहलकर वार्मअप कर लेना फायदेमंद रहेगा। लगभग 12 हफ्ते तक रेग्युलर और सही तरह से वाकिंग करने के बाद आपको रिजल्ट दिखने लगेंगे।

### ब्रिस्क वॉक



यह साधारण गति की, मॉडरेट इंटेंसिटी वाली वॉकिंग होती है। इसमें अपनी बोरियत दूर करने और साथ देने के लिए आप अपने मित्रों, पारिवारिक सदस्यों या सहकर्मियों को वॉक करने के लिए इनवाइट कर सकते हैं। इसमें आपको जरा जल्दी-जल्दी चलना होता है, जैसे आप किसी से मिलने की जल्दी में हों। इसमें वॉक करने की गति करीब 4-5 किलोमीटर प्रति घंटा रखनी होती है। सप्ताह में कम से कम दो बार ब्रिस्क वॉकिंग करनी चाहिए। शुरू के चार हफ्ते 20-30 मिनट तक और बाद में 30-40 मिनट रेग्युलर ब्रिस्क वॉकिंग करना फायदेमंद रहेगा।

### स्पीड वॉक

स्पीड वॉकिंग में ब्रिस्क वॉकिंग से भी ज्यादा तेज यानी, करीब 5-6 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चला जाता है। शुरुआती चार हफ्तों में हर हफ्ते कम से कम तीन बार (25 मिनट) स्पीड वॉकिंग करें। इसके बाद पांचवें से बारहवें हफ्ते तक प्रति हफ्ते कम से कम दो बार स्पीड वॉक करें। इसमें वॉकिंग की गति धीरे-धीरे भी बढ़ाई जा सकती है।

### चैलेंज वॉक

जैसा चैलेंज वॉक के नाम से ही जाहिर है, इसमें खुद को चुनौती देते हैं हैं कि आप कितनी तेजी से वॉक कर सकते हैं। इसे कम से कम चार हफ्तों तक ब्रिस्क वॉक या स्पीड वॉक के बाद ही करें। पांचवें हफ्ते में चैलेंज वॉक शुरू करें। आठवें हफ्ते तक इसे ऐसे करें कि 10 मिनट खूब तेज दौड़ें फिर अपनी साधारण गति से वापस स्टार्टिंग प्वाइंट पर आएं। 9 से 12 हफ्तों में दौड़ने का समय बढ़ाकर 15 मिनट कर दें।

### वॉकिंग करते समय रखें ध्यान

अगर आप अपनी वॉकिंग से अधिक फायदा पाना चाहते हैं और ज्यादा कैलोरी बर्न करना चाहते हैं तो वॉकिंग करते सतय यहां बताए जा रहे नियमों का पालन भी जरूर करें-

- वॉकिंग करते समय अपने पैरों पर नहीं 10 से 20 फीट दूरी पर नजर रखें। यानी दौड़ते समय आपकी नजर सामने होनी चाहिए।
- वॉकिंग करते समय अपने कंधे पीछे और नीचे की ओर रखें। दौड़ते समय आपके कंधे ऊपर की ओर नहीं होने चाहिए।
- वॉकिंग करते समय अपने दोनों हाथों की मुट्ठी बंद रखें और हाथ (कुहनी से) 90 डिग्री पर मुड़े रहें।
- वॉकिंग करते समय अपने हाथों को लगातार आगे-पीछे करते रहें, यानी हाथों को टाइट ना रखें।
- वॉकिंग करते समय अपने शरीर का ऊपरी भाग यानी धड़ बिल्कुल सीधा रखने के बजाय हल्का सा आगे की ओर (करीब 5 डिग्री) झुकाकर रखें।
- वॉकिंग करते समय आगे बढ़ते वक्त एक पैर की एड़ी को जमीन पर टिकाएं और दूसरे पैर के अंगूठे पर दबाव डालकर आगे बढ़ें।
- वॉकिंग करते समय कदम छोटे-छोटे लें और तेजी से बढ़ाएं। इससे टहलने में आसानी होता है। *

# डेली पिएं मेडिसिनल वॉटर आप रहेंगे स्वस्थ-निरोग



वैसे तो पानी को जीवन के लिए जरूरी और अमृत के समान गुणकारी माना जाता है। लेकिन अगर इसमें कुछ घरेलू मसाले, पत्तियां या हर्ब्स मिलाकर निर्देशानुसार रोज पिया जाए तो ये मेडिसिनल वॉटर, मैजिकल वॉटर की तरह फायदा पहुंचाते हैं। हम यहां ऐसे ही कुछ मेडिसिसनल-मैजिकल वॉटर को बनाने और सेवन विधि के बारे में बता रहे हैं।

हेल्थ एडवाइस

डॉ. संजना शर्मा

आयुर्वेदिक चिकित्सक, दिल्ली

पानी इस दुनिया में सबसे प्रभावी और सरलता से उपलब्ध होने वाली औषधि के समान है। आयुर्वेद में बताया गया है कि दिन के अंत में यानी रात में सोने से पहले दूध पीना चाहिए और रात के अंत में यानी सुबह खाली पेट पानी पीना श्रेयस्कर होता है। वह पानी चाहे पेट साफ करने के लिए पिया जाने वाला सादा पानी हो या फिर रसोई में प्रयोग किए जाने वाले मसालों, पत्तियों या हर्ब्स की मदद से बनाया जाने वाला मेडिसिनल मैजिक वॉटर। सुबह नियमित रूप से ऐसे पानी को पीने से आप कई बीमारियों से बचे रह सकते हैं। आप अपनी किचन में उपलब्ध सामग्री से कई तरह के मेडिसिनल मैजिक वॉटर बना सकते हैं और हेल्दी रह सकते हैं। घर में आसानी से बनने वाले कुछ मेडिसिनल मैजिक वॉटर इस तरह हैं-

### दालचीनी वॉटर

रात को 2 इंच लंबा दालचीनी का टुकड़ा एक गिलास पानी में भिगो दें। सुबह पानी को एक उबाल देकर छान लें। थोड़ा ठंडा होने पर पी लें। इस पानी के नियमित सेवन से डायबिटीज कंट्रोल करने में मदद मिलती है। शरीर में जमा अतिरिक्त फैट बर्न हो जाएगा। अनिद्रा की शिकायत दूर होगी, बदन दर्द में आराम मिलता है, मेटाबॉलिज्म बढ़ता है और इम्यूनिटी भी मजबूत होती है।



### जीरा वॉटर

रात में 2 चम्मच जीरा को एक गिलास पानी में भिगो दें। सुबह एक उबाल देकर छानकर पिएं। कब्ज, गैस जैसी पेट संबंधी समस्याओं, शरीर में आयरन की कमी होने, ओबेसिटी को कम करने में यह पेय बहुत मदद करता है।

### सौंफ-धनिया वॉटर

50-50 ग्राम सौंफ और धनिया को दो गिलास पानी में रात को भिगो दें। सुबह धनिया, सौंफ को हाथ से अच्छी तरह मसलकर छान लें। इस पानी को दिन भर में थोड़ा-थोड़ा कर पी लें। कफ-पित्त और वात रोगों में यह पेय सहायक है। इसे रेग्युलर पीने से पाचन प्रक्रिया मजबूत होगी, जिससे पेट संबंधी समस्याओं में राहत मिलेगी।

### तेजपत्ता वॉटर

रात को गिलास में एक तेजपत्ता भिगोकर रखें। सुबह पानी उबालकर और छान कर पिएं। इसे दालचीनी के साथ भी मिलाकर पी सकते हैं। डायबिटीज कंट्रोल करने में यह बहुत कारगर होता है।



### जौ वॉटर

इसे दो तरीके से बनाया जा सकता है। एक गिलास पानी में 2 चम्मच जौ रात को भिगो दें। सुबह पानी को एक बार उबाल लें। उसी में मसलकर छानकर पी लें। अन्यथा रात को भिगोया जौ का पानी बिना गर्म किए छान कर पी सकते हैं। जिन लोगों के शरीर में क्रेटेनिन का लेवल 0.9-1.4 से ज्यादा है, उन्हें किडनी की समस्या रहती है। नियमित रूप से जौ के पानी का सेवन करने से क्रेटेनिन, डायबिटीज, ब्लड प्रेशर को कंट्रोल किया जा सकता है।

### बथुआ वॉटर

2 चम्मच बथुए के बीज रात को भिगो दें। सुबह पानी उबालकर मसलकर छान लें। आप चाहें तो 10-12 बथुआ और 4-5 नीम के पत्तो को एक गिलास पानी में अच्छी तरह उबालें। पानी आधा रह जाने पर छान कर गुनगुना पानी पी लें। इसमें चुटकी भर काला नमक और भुना-पिसा जीरा पावडर भी मिलाकर पी सकते हैं। यह पानी किडनी, लिवर, मूत्र रोग, नजर कमजोर होने, किडनी में स्टोन जैसी समस्याओं में राहत देता है। इसके अलावा यह इम्यूनिटी बढ़ाने की रामबाण दवा भी है।

### अजवायन वॉटर

रात को एक गिलास पानी में एक चम्मच अजवायन भिगो लें। सुबह पानी उबालें। पानी की भाप इन्हेल करें। इससे ब्लॉक नेजल पैसेज खुलेगा। छान कर पानी थोड़ा ठंडा करके पिएं। पेट संबंधी समस्याओं को दूर करने, यूरिक एसिड, गठिया, अस्थमा और सांस लेने में दिक्कत होने जैसी समस्याओं में यह वॉटर पीना लाभकारी है।

### मूली वॉटर

मूली को कद्दूकस कर उसके लच्छे को निचोड़ लें। इसमें निकला पानी पीना फायदेमंद है। यह पानी मुंह, गला, पेट और आंत के कैंसर, किडनी में स्टोन जैसी समस्याओं में लाभकारी है।

### मेथीदाना वॉटर

एक गिलास पानी में रात को 2 चम्मच मेथी दाना भिगो दें। सुबह खाली पेट इसे छानकर बिना गर्म किए पी लें। मोटापा कम करने, ब्लड प्रेशर कंट्रोल करने, गुड कोलेस्ट्रॉल लेवल बढ़ाने में सहायक है। इसके अलावा जोड़ों के दर्द, कोलन कैंसर, डायबिटीज, किडनी के स्टोन जैसी बीमारियों में भी मेथीदाना पानी पीना बहुत लाभकारी है।



### काली मिर्च वॉटर

एक गिलास पानी में एक छोटा चम्मच काली मिर्च डालकर पौना गिलास पानी रहने तक उबाल लें। छानकर थोड़ा ठंडा होने पर पिएं। काली मिर्च का अर्क मिला यह पानी इम्यूनिटी बूस्ट करने, खून पतला-साफ करने, ब्लड सर्कुलेशन को बढ़ाने, ब्लड प्रेशर कंट्रोल करने, वजन कम करने, सर्दी-जुकाम, पाचन प्रक्रिया दुरुस्त करने, आंतों को स्वस्थ रखने, कब्ज जैसी पेट संबंधी समस्याओं को दूर करने में मदद करता है। यहां बताए गए मेडिसिनल वॉटर को डॉक्टर की सलाह पर डेली पी सकते हैं, इससे आप स्वस्थ रहेंगे और कई रोगों से भी आपका बचाव होगा। *

प्रस्तुति : रजनी अरोड़ा

## इन्हें पी सकते हैं कुछ दिन

**कुछ ऐसे** मेडिसिनल मैजिक वॉटर भी हैं, जिन्हें रोजाना पीने के बजाय बीमारी के हिसाब से डॉक्टर की सलाह पर कुछ दिन पिया जा सकता है-



**लौंग-तुलसी वॉटर:** 5-7 लौंग और 5-7 तुलसी के पत्ते एक गिलास पानी में उबालें। आधा होने पर छान लें। थोड़ी-सी मिश्री मिलाकर लंच से 10 मिनट पहले इसे पीना चाहिए। भूख न लगना, उल्टी-दस्त, जी घबराना, एसिडिटी जैसी समस्या में यह पेय बहुत लाभ पहुंचाता है। इस पानी को पीने से जठराग्नि प्रबल होती है, भूख लगती है, खाना अच्छी तरह डाइजेस्ट होता है, पेट संबंधी समस्याएं कम होती हैं।

**कुटकी चिरायता वॉटर :** चिरायता की जड़ को छोटा-छोटा तोड़कर एक बाउल में रखें। एक गिलास पानी डालकर रात को भिगो दें। सुबह इसे छानकर पिएं। इसे 15 दिन तक ले सकते हैं। पेट साफ करने, डायबिटीज पेशेंट्स में ब्लड शुगर नियंत्रित करने, रक्त शुद्धि करके चर्म रोगों से निजात दिलाने में मदद करता है। इसे पीने से इम्यूनिटी मजबूत होती है। मेटाबॉलिज्म बूस्ट होने पर फैट कम होता है, बैड कोलेस्ट्रॉल कम होने से हृदय रोगों से बचाव होता है।

**कुलथी दाल वॉटर :** रात को एक गिलास पानी में 2 चम्मच कुलथी दाल भिगो दें। सुबह छानकर खाली पेट पिएं। एक महीने तक यह पानी किडनी में स्टोन को गलाकर बाहर निकालने में मदद करता है। शरीर के वजन को कम करने, डायबिटीज को कंट्रोल करने, हार्ट बीट को सूचारु रूप से चलाने में मदद करता है। *

# ओवर वर्कआउट करना हो सकता है हार्मफुल

हेल्थ न्यूज

शरीर को हेल्दी-फिट बनाए रखने के लिए एक्सरसाइज करना बहुत बेहतरीन और कारगर उपाय है। लेकिन शारीरिक क्षमता से अधिक या कई-कई घंटे लगातार व्यायाम करना नुकसानदायक हो सकता है। जी हां, किसी भी तरह से खुद को फिट रखने के जुनून में शरीर के साथ की गई अतिसक्रियता शरीर को नुकसान पहुंचा सकती है। अगर आप लोगों को पार्क, जिम या सोशल मीडिया वीडियोज में वर्कआउट करते हुए देखते हैं, तो आप पाएंगे कि वे हमेशा अधिक तीव्रता और लंबे टाइम के लिए खुद को वर्कआउट करने के लिए प्रेरित करते हैं। फिटनेस लेवल के टॉप पर बने रहने के लिए वर्कआउट करने में कोई बुराई नहीं है, लेकिन एक सीमा से अधिक व्यायाम करना समस्याएं पैदा कर सकता है।

विशेषज्ञों के अनुसार, एक सीमा से अधिक व्यायाम करने से आपको कोई फायदा नहीं होने वाला है बल्कि इससे आपको नुकसान उठाना पड़ सकता है। ज्यादा एक्सरसाइज करने से जोड़ों और हृदय की समस्याएं हो सकती हैं और आपकी मौत भी हो सकती है। मेयो क्लिनिक प्रोसीडिंग्स नामक पत्रिका में प्रकाशित 2021 के एक शोध ने साप्ताहिक व्यायाम और मृत्यु दर के परिणामों के बीच संबंधों की जांच की गई। जांच में करीब नौ हजार युवाओं के लॉन्ग टर्म डेटा का उपयोग करते हुए अध्ययन में पाया गया कि सही तरीके और मात्रा में किए जाने वाले वर्कआउट से असामयिक मृत्यु की आशंका में 70 प्रतिशत तक की कमी हो सकती है।



एक अन्य शोध में पाया गया है कि बहुत अधिक व्यायाम दिल को नुकसान पहुंचा सकता है। शोधकर्ताओं ने पाया कि हैवी वर्कआउट धमनियों के सख्त और मोटा होने के कई रूपों से जुड़ा होता है। ज्यादा कसरत ने एंजाइमों में असंतुलन को भी बढ़ावा दिया, जो दिल के संकुचन और विश्राम को नियंत्रित करते हैं।

हार्वर्ड मेडिकल स्कूल की एक टीम ने एक नए अध्ययन में पाया कि व्यायाम से जुड़े अधिकांश लाभों के लिए दैनिक व्यायाम के घंटों को बढ़ाने की आवश्यकता नहीं होती है। हार्ड एक्सरसाइज जैसे दौड़ना, तैरना, साइकिल चलाना आदि हर हफ्ते पचहत्तर से एक सौ पचास मिनट तक करना पर्याप्त है। वहीं लाइट वर्कआडट हर हफ्ते एक सौ पचास मिनट कर सकते हैं। ऐसा करने से आपको बेहतर स्वास्थ्य लाभ मिलेंगे और आप हेल्दी-फिट लाइफ जी सकेंगे। *

प्रस्तुति : अजेश कुमार

प्याज में एंटीइंफेक्शन और एंटीएलर्जिक गुण पाए जाते हैं। इसके सेवन से आप कई रोगों से बचाव और उपचार कर सकते हैं। गर्मी के मौसम में इसका सेवन विशेष रूप से लाभकारी है। इस बारे में आपको जरूर जानना चाहिए।

# कई रोगों का करे इलाज प्याज

घरेलू औषधि

प्याज एक ऐसी सब्जी है, जिसका भरपूर उपयोग छोटे- छोटे गांव से लेकर बड़े महानगरों तक लगभग हर घर में होता है। भोजन के साथ इसके खाने के कई तरीके हैं-सलाद के रूप में, चटनी में, दाल, सब्जी में तड़का और छोले भटूरे के साथ तो प्याज खाने का स्वाद ही अलग है।

### लू से बचाव में कारगर

गर्मी की दोपहर में शरीर को झुलसा देने वाली (लू) गर्म हवाएं और मौसमी व्याधियों से बचाने में प्याज किसी संजीवनी से कम नहीं होता है। लू लग जाने, धूप की तपन के कारण होने वाली शारीरिक जलन और उल्टी, दस्त की परेशानी में प्याज रामबाण की तरह काम करता है। गर्मियों में सीमित मात्रा में प्याज का नियमित सेवन अवश्य करें। दिन में कितनी भी भीषण लू चल रही हो, प्याज को जेब में रखकर चलें लू से बचाव होगा।

### कई रोगों में लाभकारी



- प्याज रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने में सक्षम है। इसमें शरीर का पोषण करने वाले कई तत्व पाए जाते हैं, जैसे- फास्फोरस, मैगनीशियम, पोटैशियम, विटमिन सी आदि। ये सब शरीर की इम्यूनिटी बढ़ाने में मददगार हैं।
- कैंसर जैसे घातक रोग में प्याज का सेवन लाभकारी होता है। उच्च रक्तचाप (हाई ब्लड प्रेशर) में इसका सेवन लाभकारी होता है।
- प्याज का सेवन हृदय रोगों में, पाचन क्रिया को सबल करने में, खून के बहाव को नियमित करने में और कई प्रकार के संक्रमणों से बचाव में भी सहायक हैं।
- कमजोर हड्डियों के लिए दूध का प्रयोग तो हितकर है ही, लेकिन प्याज में पाया जाने वाला कैल्शियम भी हड्डियों को ताकत देने की क्षमता वाला होता है।
- आज कई बच्चों से लेकर बड़ों तक को बालों की समस्या से जूझना पड़ता है। बालों में रूसी, असमय बालों का गिरना, सफेद होना आदि की शिकायत हो तो इसके रस को बालों की जड़ में लगाना लाभकारी है।
- भागदौड़ भरे जीवन, असमय खान-पान से तनाव और अनिद्रा होना स्वाभाविक है। नींद पूरी नहीं होने से कई समस्याएं हो सकती हैं। इसके लिए रात के भोजन के साथ प्याज का सेवन अवश्य करें।
- खांसी और जुकाम में प्याज का सेवन हितकर है। सोते समय प्याज को छील कर छोटे-छोटे टुकड़े कर लें फिर इनको जुराब (मोजे) में रखकर पहन लें। रात भर पांव के तलवों के संपर्क में रखने से सर्दी-जुकाम के साथ कई संक्रमणों से बचाव में सहायक है।
- दांतों में कीड़ा लगने या कोई संक्रमण होने पर कच्चे प्याज को प्रतिदिन कुछ मिनट चबाना लाभकारी है।
- गठिया की सूजन पर प्याज का रस लगाना लाभकारी है।
- खांसी आने पर इसका रस और शहद बराबर मात्रा में मिलाकर सेवन करना फायदेमंद होता है।

### इनका रखें ध्यान

प्याज का सेवन कुछ मामलों में नुकसान भी पहुंचा सकता है। बेहतर होगा कि यहां बताए गए किसी भी उपाय, उपचार को आजमाने से पहले आयुर्वेद विशेषज्ञ से सलाह अवश्य करें।

- प्याज का अधिक सेवन मधुमेह रोगियों के रक्त में शर्करा स्तर को कम कर सकता है।
- इसके अधिक सेवन से गर्भवती महिलाओं को पेट में जलन की शिकायत हो सकती है। गैस, उल्टी, एलर्जी, त्वचा पर दाने जैसी शिकायत हो सकती है। *

-वैद्य हरिकृष्ण पांडेय 'हरीश'


खान-पान से जुड़ी अनेक सुनी-सुनाई बातें लोग बिना फैक्ट जाने मानते हैं। इससे अकसर हम गलत फूड हैबिट फॉलो करने लगते हैं। हम यहां आपको कुछ ऐसे ही डाइट रिलेटेड मिथ्स और उनके फैक्ट के बारे में बता रहे हैं।

# डाइट से जुड़े मिथ कितने सच-कितने झूठ

अवेयरनेस

किरण भास्कर


खाने के मामले में सैकड़ों मिथ हमारे जीवन में अपनी जगह बना चुके हैं। जरूरी यह है कि तमाम मिथकों से जुड़ी सच्चाई को जानें। यहां कुछ ऐसे ही मिथ्स और उनकी सच्चाई के बारे में आपको बता रहे हैं।



**धारणा: नेगेटिव कैलोरी जैसी कोई चीज नहीं होती है।**

आमतौर पर माना जाता है कि कुछ ऐसे खाद्य उत्पाद होते हैं, जिनमें इतनी कम कैलोरी होती है कि उन्हें पहचानने की प्रक्रिया में उनमें शामिल कैलोरी से भी ज्यादा कैलोरी खर्च हो जाती है। डायबिटिक एक्सपर्ट्स के मुताबिक, फ्री फूड की अवधारणा ऐसे खाने से जुड़ी है, जिसमें इतनी कम कैलोरी होती है कि उन्हें जितना जी चाहे खाया जा सकता है। फ्री फूड को आम भाषा में नेगेटिव कैलोरी फूड्स भी कहा जाता है यानी ऐसा खाना, जो पानी आधारित होता है। इनमें घुलने वाले न्यूट्रिएंट्स और फाइबर होता है।

**फैक्ट:** गुरुग्राम के आर्टिमिस हेल्थ इंस्टीट्यूट में हेड ऑफ न्यूट्रिशन एंड डाइटेटिक्स की प्रमुख डॉ. ज्योति अरोड़ा कहती हैं, 'नेगेटिव कैलोरी जैसी कोई चीज नहीं होती है। अजवाइन या खीरे जैसी कम कैलोरी वाले कुछ खाद्य पदार्थों को नेगेटिव कैलोरी फूड्स माना जाता है, लेकिन यह कुछ और नहीं बल्कि सिर्फ हमारी गलतफहमी है।' मुंबई की न्यूट्रिशनिस्ट नैनी सीतलावाड़ का कहना है, 'ज्यादातर फलों और सब्जियों में फाइबर खूब होता है। वे धीरे-धीरे एनर्जी रिलीज करते हैं।' डॉ. ज्योति के मुताबिक, 'आमतौर पर डाइजेस्टिव प्रक्रिया में ली जाने वाली कैलोरी में से सिर्फ 10 फीसदी का इस्तेमाल होता है। फ्री फूड्स के साथ यह मात्रा 20-30 फीसदी तक पहुंच जाती है।'



**धारणा : ज्यादा प्रोटीनरिच डाइट लेने से मसल्स बनाने में मदद मिलती है।**


प्रोटीन मसल्स बनाने में इस्तेमाल होने वाला ईंधन है। स्पोर्ट्स और एक्सरसाइज स्पेशलिस्ट श्यामलाल वल्लभजी के अनुसार, 'अमीनो एसिड प्रोटीन का अहम हिस्सा है। मसल्स की ग्रोथ और रिकवरी के लिए इसे महत्वपूर्ण माना जाता है।'

**फैक्ट :** नैनी सीतलवाड़ के मुताबिक अतिरिक्त प्रोटीन न केवल आपके शरीर में कैलोरी बढ़ाने का काम करता है, बल्कि हड्डियों से कैल्शियम भी कम करता है। इसलिए इस बात पर नजर रखना जरूरी है कि आप कितनी मात्रा में प्रोटीन ले रहे हैं। शरीर मजबूत बनाने और मसल्स तैयार करने के लिए नेशनल स्ट्रेंथ एंड कंडिशनिंग एसोसिएशन, शरीर के वजन के हर एक किलोग्राम पर 1.5-2 ग्राम प्रोटीन लेने की सलाह देता है।' यानी अगर आपका वजन 60 किलो है तो आप 120 ग्राम प्रोटीन लीजिए, उससे ज्यादा नहीं।

**धारणा : नॉन-वेज या हैवी फूड रात में खाने से बचना चाहिए।**

यह बात इस बहुप्रचालित सिद्धांत पर आधारित है कि अपने भोजन या खान-पान का ज्यादातर हिस्सा सूरज ढलने से पहले ले लेना चाहिए। विशेषज्ञों के मुताबिक हमारे शरीर को भोजन पचाने, उसे सोखने और वेस्ट अलग करने में 10-12 घंटे का वक्त लगता है।

**फैक्ट :** विशेषज्ञों के मुताबिक अगर आप सेहतमंद वजन रखना चाहते हैं तो दिन भर में ली जाने वाली कैलोरी का हिसाब रखना होगा। इसके लिए ली जाने वाली कैलोरी और बर्न की जाने वाली कैलोरी के बीच संतुलन बनाना सीखना होगा। *



# राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ ने बीएसए को सौंपा ज्ञापन

प्रखर वाराणसी। प्रेरणा पोर्टल पर छात्र नामांकन एवं परिवार सर्वेक्षण की खराब स्थिति के लिए जिम्मेदार विद्यालय के समस्त प्रधानाध्यापक/शिक्षक/शिक्षामित्र/अनुदेशक का मई माह का वेतन अवरुद्ध करने हेतु जिला बेसिक शिक्षाधिकारी कार्यालय वाराणसी द्वारा जारी आदेश का क्रियान्वयन रुकवाने के लिए राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ वाराणसी के

## मई माह का शिक्षकों का वेतन अवरुद्ध करने का मामला

प्रतिनिधिमंडल ने प्रदेश संयुक्त मंत्री एवं जिलाध्यक्ष शशांक कुमार पांडेय 'शेखर ' के नेतृत्व में जिला बेसिक शिक्षाधिकारी अरविंद पाठक से उनके कार्यालय में मुलाकात करके सकारात्मक वार्ता किया और वेतन रोकने का आदेश वापस लेने हेतु ज्ञापन सौंपा।

वार्ता के दौरान जिलाध्यक्ष शशांक कुमार पाण्डेय ने बीएसए महोदय को बताया कि विगत वर्ष पांच वर्ष तक के छात्रों के नामांकन



का शासनादेश होने से विद्यालयों में ऐसे छात्रों का बड़े पैमाने पर एडमिशन किया गया परंतु इस वर्ष शासन ने छह वर्ष के छात्रों का नामांकन करने का आदेश जारी कर दिया जिससे नामांकन में व्यावहारिक दिक्कत आ रही है। इस वर्ष छह आयुवर्ष के बच्चे बहुत कम मिल रहे हैं तथा जो मिल भी रहे हैं वे पहले से ही अन्य विद्यालयों में पढ़ रहे हैं। इसके अलावा उत्तर प्रदेश शासन द्वारा शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत दुर्बल आय वर्ग के छात्रों को मुफ्त शिक्षा योजना के अंतर्गत प्रतिवर्ष प्राइवेट विद्यालयों के कुल नामांकन क्षमता के 25 प्रतिशत सीटों पर अपनी तरफ से नामांकित कराने जैसा दोहरा नियम अपनाया जाता है जिससे भी सरकारी विद्यालयों में छात्र नामांकन हेतु उपलब्ध होते हैं क्योंकि ज्यादातर अभिभावक सरकार की उक्त नीति का लाभ उठाने के लिए प्राइवेट विद्यालयों में ही अपने बच्चों का नामांकन कराते हैं। ऐसे में कम छात्र नामांकन के आधार पर अध्यापकों पर वेतन रोकने जैसे कठोर कार्यवाही के बजाय उन्हें छात्र नामांकन हेतु और प्रयास करने के लिए मोटिवेट करने की आवश्यकता है।

जिस पर बीएसए ने प्रेरणा पोर्टल पर अब तक दर्ज हुए छात्र नामांकन की सूची प्रतिनिधिमंडल को दिखाते हुए बताया कि इस सूची में नगर क्षेत्र हरहुआ और अन्य ब्लाकों के सैकड़ों ऐसे स्कूल हैं जिनमें एक भी छात्र नामांकन विगत दो महीने में नहीं हुआ है। बिना नवीन छात्र नामांकन के शिक्षकों का ही सर्वाधिक नुकसान होने जा रहा है क्योंकि कम छात्र नामांकन से जहां पदोन्नति हेतु नवीन पदों का सृजन नहीं होगा उल्टे जो पद हैं वह भी समाप्त हो जायेगे साथ ही कम छात्र नामांकन से जनपद के तमाम शिक्षक सरप्लस हो जायेंगे जिनका बेवजह समायोजन होगा।

बीएसए ने राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ वाराणसी के प्रतिनिधिमंडल से कहा कि मैं शिक्षकों के वेतन रोकने जैसे कार्यवाही का पक्षधर नहीं हूं इसलिए आप लोगों के आग्रह पर अपने आदेश को फिलहाल होल्ड कर रहा हूं परंतु छात्र नामांकन बहुत जरूरी है जिसके लिए मैं राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के आप सभी पदाधिकारियों से भी आग्रह करता हूं कि आप लोग जनपद के शिक्षकों से आह्वान करें की अगले तीन दिन में अधिक से अधिक नामांकन करके प्रेरणा पोर्टल पर अपलोड करें जिससे वाराणसी में छात्र नामांकन की स्थिति में कुछ सुधार हो और पदोन्नति हेतु मैं कुछ पद सृजन कर सकूं क्योंकि आज तक के नामांकन के आधार पर जनपद में 100 प्रमोशन करना भी मेरे लिए संभव नहीं होगा।

बीएसए से मुलाकात के दौरान जिला महामंत्री आनंद कुमार सिंह,जिला उपाध्यक्ष डॉक्टर अरविंद द्विवेदी,जिला संयुक्त महामंत्री आशुतोष कुमार पांडेय,जिला संयुक्त मंत्री संजीव कुमार त्रिपाठी, जिला सह संगठन मंत्री प्रशांत मोहन गिरी, कार्यकारी अध्यक्ष ब्लॉक आराजी लाइन्स अमिताभ राय,ब्लॉक अध्यक्ष चोलापुर पवन कुमार सिंह,ब्लाक अध्यक्ष पिण्डरा संजय कुमार पाण्डेय तथा महामंत्री दानबहादुर सिंह,सौरज सिन्हा,मनीष मणि पांडेय आदि शिक्षक उपस्थित रहे।

## दीवार से टकराई स्कॉर्पियो, एक की मौत, एक घायल

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। मुहम्मदाबाद कोतवाली क्षेत्र के गौसपुर गांव के पास सड़क दुर्घटना में स्कार्पियो सवार दो युवक बुरी तरह से जख्मी हो गए जिसमें से एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे स्थानीय लोगों की मदद से जिला अस्पताल भिजवाया गया। सूचना के बाद मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने दोनों युवकों की पहचान कर बताया कि मृतक युवक मोहम्मदाबाद कस्बे से सटा सलेमपुर गांव का रहने वाला है। जिसका नाम गुड्डू जायसवाल उम्र 42 वर्ष तथा दूसरा घायल व्यक्ति का नाम पप्पू खा 41 वर्ष जो मोहम्मदाबाद कस्बे के भठठी मोहल्ला का रहने वाला है तथा मोहम्मदाबाद में ही तहसील तिराहे



पर मोबाइल की दुकान है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार यह दोनों लोग गाजीपुर की तरफ से किसी मीटिंग पार्टी से वापस घर आ रहे थे कि 4 बजे भोर में गौसपुर गांव के पास पलक झपक गई और दीवाल में जाकर गाड़ी जोरदार टक्कर मार दी। जिससे पप्पू के हाथ और पैर पूरी तरह से जख्मी हो गए हैं साथ ही सीने में भी गंभीर चोट लगा है। जिनको आसपास के लोगों ने किसी तरह स्कॉर्पियो गाड़ी से बाहर निकाला। वही गुड्डू जायसवाल की मौके पर ही मौत हो गई। गुड्डू जायसवाल गेहूं चावल एवं गल्ले का बड़ा व्यवसायी था। उसके दो पुत्र एवं एक पुत्री है तीनों की अभी शादी नहीं हुई है। घटना की सूचना मिलते ही पूरे सलेमपुर गांव में कोहराम मच गया वही पत्नी बेटे एवं पूरे परिवार का रो रो कर बुरा हाल हो गया।

## लखनऊ से बिहार की दूरी हुई कम, बलिया से बक्सर पुल हुआ चालू

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। पूर्वांचल एक्सप्रेसवे से बिहार जाने वाले राहगीरों के लिए खुशखबरी है। 3 वर्षों से बक्सर पुराने पुल से बड़े वाहनों पर पूरी तरह से रोक थी, ऐसे में बड़े वाहनों को बलिया, गाजीपुर, मऊ, आजमगढ़, अंबेडकरनगर, सुल्तानपुर आदि जिलों में घूमकर जाना पड़ता था। यूपी को बिहार से जोड़ने वाला बक्सर-बलिया गंगा पूल को भारी वाहनों के लिए खोल दिया गया है।अब भारी वाहनों को उत्तर प्रदेश से विभिन्न राज्य जैसे राजस्थान, दिल्ली, हरियाणा, पंजाब व जम्मू तक पूर्वांचल एक्सप्रेसवे तथा आगरा-लखनऊ एक्सप्रेवे से होते हुए कम समय मे जा सकते है। पुल के चालू हो जाने से दिल्ली गाजियाबाद, कानपुर, जयपुर, आगरा, लखनऊ, पटना, कोलकाता, सिलीगुड़ी, गुवाहाटी आदि शहरों तक पहुचने में कम समय लगेगा। पूर्वी राज्य जैसे बिहार, झारखंड, बंगाल, उड़ीसा तथा आसाम तक पहुचना आसान होगा जिससे कम दूरी तय करनी होगी। इससे समय और ईंधन दोनों की बचत होगी। पूर्वांचल एक्सप्रेसवे के पीएम पुनीत सिंह ने बताया कि बक्सर पुल चालू होने से दिल्ली और लखनऊ से बिहार की दूरी कम हो जायेगी साथ ही साथ कम समय में हल्के और भारी वाहन आसानी से अपने गंतव्य स्थान को पहुंच सकते है। यह बताया कि पूर्वांचल एक्सप्रेवे के सभी टोलप्लाजा पर फास्टटैग की सुबिधा उपलब्ध है। पूर्वांचल एक्सप्रेवे पर फ्री पार्किंग वाहन मरम्मत गैरेज के साथ साथ वाहन चालक को खाना खाने व विश्राम कैंटीन, शौचालय के साथ साथ टाय और मेडिकल की सुविधा भी उपलब्ध है।



## गला रेतकर हत्या कर शव को रेलवे ट्रैक पर फेंका



प्रखर जौनपुर। जफराबाद थाना क्षेत्र के अन्तर्गत मिसिरपुर गांव में मिश्री लाल के घर में एक 25 वर्षीय युवक हत्या कर शव को जौनपुर इलाहाबाद रेल प्रखण्ड के रेलवे ट्रैक के किनारे फेक दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार गुरुवार सुबह राहगीरों ने रेलवे ट्रैक के किनारे शव को देखकर जफराबाद पुलिस को सूचना दी।

सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल कर डॉग स्क्वायड की टीम को बुलाया । डॉग स्क्वायड ने सूंघकर कहां हत्या हुई थी और जहां पर शव को फेंका गया था वहां पहुंच गया, और मृतक की पहचान संदीप पुत्र लालमन ग्राम इंजरी जलालपुर थाना क्षेत्र हुई, प्राप्त जानकारी के अनुसार मिश्रीलाल की दो पुत्रियां थी इनमे से बड़ी पुत्री की शादी सैदनपुर गांव में हुई है । तथा दूसरी बेटी की शादी जिसका नाम कुमारी शर्मा है उसकी शादी शहर में ही हुई थी लेकिन पति से अनबन होने के कारण उसमें अपने देवर से ही कोर्ट मैरिज कर अपने ही घर रहने लगी थी इसी बीच ऑटो चालक संदीप पुत्र लालमन से संबंध हो गया और घर आने जाने लगा बीती रात संदीप पुत्र लालमन की अपने ही घर में हत्या कर शव को जैनपुर इलाहाबाद रेल प्रखण्ड के रेलवे ट्रैक के किनारे फेंक दिया तथा मौके पर पहुंची पुलिस ने छानबीन किया तो मौके वारदात पर चाकू और कुल्हाड़ी, घर में खून के छीटे पाई गई तथा घटनास्थल पर पहुंचे पुलिस के आला अधिकारी सीओ सिटी, और एसपी सिटी, ने बताया कि हत्या का कारण अभी स्पष्ट नहीं हो पा रहा है जो जांच का विषय है और मौके से सभी लोग फरार हैं, तथा जांच कर इस घटना में संलिप्त सभी आरोपियों को जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## ट्रांसपोर्ट नगर के भूमि अधिग्रहण में महिलाओं व बच्चियों के साथ हुऐ अत्याचार के खिलाफ अधिवक्ता ने अपर पुलिस आयुक्त को सौंपा ज्ञापन



प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। ट्रांसपोर्ट नगर के भूमि अधिग्रहण में महिलाओं व बच्चियों के साथ हुऐ अत्याचार के खिलाफ कांग्रेस विधि विभाग ने संज्ञान लेते हुए कांग्रेस पार्टी विधि विभाग के प्रदेश उपाध्यक्ष अशोक कुमार सिंह एडवोकेट के नेतृत्व में अपर पुलिस आयुक्त संतोष कुमार सिंह को ज्ञापन सौंपा ज्ञापन के माध्यम से विधि विभाग ने मांग की है कि मामले का यथा शीध्र जांच कराकर दोषियों के खिलाफ कार्यवाही किया जाये अन्यथा कांग्रेस पार्टी पदाधिकारी बेमियादी अनशन पर बैठेंगे।

# लक्ष्य के प्रति छात्रों में संस्कार निर्माण करें शिक्षक

**समर्पण सफलता के लिए आवश्यक, जल संरक्षण व पौधरोपण से सुरक्षित होगा भविष्य**

प्रखर तेजीबाजार (जौनपुर)। जी एस इंटरनेशनल स्कूल गैरी कला में आयोजित पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में छात्रों अभिभावकों को संबोधित करते हुए पूर्व सांसद जदयू नेता धनंजय सिंह ने कहा शिक्षक आधुनिक शिक्षा के साथ छात्रों में अच्छे संस्कारों के सृजन करे संस्कारवान बालक युवा की भूमिका राष्ट्र व समाज निर्माण के लिए अत्यंत उपयोगी है छात्र लक्ष्य निर्धारित कर अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहे तभी जीवन में सफलता प्राप्त होगी प्रकृति ने हमें हवा और पानी निशुल्क प्रदान किया है जिसके लिए हमें वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम का उपयोग करने के साथ जल संरक्षण करना चाहिए तभी हमारी भावी पीढ़ी को पानी मिल पाएगा सभी छात्रों को पौधरोपण का संकल्प दिलाते हुए कहा सभी छात्र एक पौधा अवश्य लगाएं पौध रोपण से पर्यावरण प्रदूषण से मुक्ति मिल पाएगी रिटायर्ड मुख्य आयकर आयुक्त गौरी शंकर सिंह ने कहा अच्छे संस्कारवान बालक परिवार समाज व राष्ट्र की पूंजी हैं।राष्ट्र निर्माण में इनकी महत्वपूर्ण भूमिका है परिवार और शिक्षक मिलकर संयुक्त रुप से आदर्श नागरिक का निर्माण कर सकते हैं खेल शारीरिक व मानसिक विकास हेतु आवश्यक है खेल से बच्चों में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा उत्पन्न होती है ऐसे में शिक्षा के साथ शारीरिक शिक्षा भी आवश्यक है इस दौरान पूर्व जिला पंचायत सदस्य श्याम राज सिंह, जितेंद्र सिंह, विद्यालय प्रधानाचार्य समेत सैकड़ों लोग मौजूद रहे।




# शीएट कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट में आईडियाथन - 2023 का हुआ आयोजन

प्रखर वाराणसी। शीएट कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट, बाबतपुर में आईडियाथन -2023 का भव्य अयोजन किया गया जिसमें उद्यमी इनक्यूबेशन फाउंडेशन के अंतर्गत संपन्न कराया गया, जिसमें बनारस के विभिन्न विद्यालय तथा कॉलेज के बच्चों ने भाग लिया । प्रमुखतः सनबीम कॉलेज फॉर वुमेन भगवानपुर, सनबीम कॉलेज वरुणा,आनंदराम जयपुरिया, स्कूल ऑफ मैनेजमेंट साइंसेस (एस एम एस), शिएट कालेज ऑफ पैरामेडिकल स्टडीज तथा शिएट कालेज ऑफ इंजीनियरिंग ने अपनी अपनी सहभागिता दर्ज की । इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विभिन्न प्रकार के बिजनेस आइडिया पर विचार और प्रस्तुति करना था तथा बच्चों ने समाज में व्यापार की नई दिशा को बखूबी प्रस्तुत किया। जिससे नए नए व्यापार के दृष्टिकोण को समझा जा सके तथा उससे आने वाली पीढ़ी लाभ उठा सकें । कार्यक्रम में बच्चों द्वारा ग्रीन टेक्नोलॉजी क्लीन टेक्नोलॉजी जैसे मुख्य विषयों पर व्यापारिक विचार प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम में निर्णायक मंडल के रूप डॉ. खुशबू शर्मा (आइडिया एक्सपर्ट) तथा विजय कुमार उपाध्याय (मुख्य पेटेंट विशेषज्ञ) के रूप में उपस्थित थे।



इस आयोजन के विजेता प्रतिभागी टीम पावनी जायसवाल-मुसाफिर, टीम आदित्य पाण्डेय-आमोद, टीम ओम जायसवाल-हॉस्पॉट रहे जिन्हे पुरस्कार स्वरूप नकद धनराशि दी गई । इसके अलावा एक विशेष बिजनेस आइडिया को पेटेंट भी कराया गया। जिसके पश्चात सभी प्रतिभागियों ने एक दूसरे को बधाई दी और आगे भी ऐसे नवाचारी कार्यक्रम में भाग लेने की इच्छा प्रस्तुत की।

कार्यक्रम के दौरान चेयरमैन श्री वीरेंद्र सिंह, वाइस चेयरमैन श्री विनोद सिंह, मैनेजिंग डायरेक्टर श्री विवेक विक्रम सिंह जी, डायरेक्टर प्रोफेसर के. बी. गुप्ता, डायरेक्टर (सीआरसी) विनय कुमार सिंह, हेड ऑफ शीएट स्कूल ऑफ बिजनेस थे` साथ ही कार्यक्रम की आयोजिका श्रीमती निवेदिता वर्मा, कोऑर्डिनेटर निमिषा खत्री, नितिन केशरी, रागी टी.एस, डॉ. आशुतोष द्विवेदी, डॉ. गिरधर गोपाल, तारा शंकर चटर्जी, प्रवीण श्रीवास्तव, उदल वर्मा तथा डॉ. हनी गुप्ता मौजूद थे।

## एनडीआरएफ ने एनसीसी कैडेट्स को दिया आपदा प्रबंधन का प्रशिक्षण

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। आपदा जोखिम न्यूनीकरण और प्रबंधन योजना के तहत मनोज कुमार शर्मा, उप महानिरीक्षक के दिशा-निर्देशन में 11एनडीआरएफ वाराणसी की टीमें विभिन्न संस्थानों और हितधारकों को सशक्त बनाने के लिए एनडीआरएफ की टीमें आपदा से बचाव एवं प्रबंधन हेतु वृहद पैमाने पर मॉक अभ्यास, क्षमता निर्माण कार्यक्रम व जन जागरुकता के अभियान चला रही है तथा शिक्षण संस्थानों में आपदा से बचाव हेतु स्कूलों में स्कूल सुरक्षा एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित कर रही है` उसी कड़ी में 17 मई 2023 को सनबीम वूमंस कॉलेज वरुणा वाराणसी में वार्षिक प्रशिक्षण शिविर के दौरान, 97 यू.पी. बटालियन एनसीसी के कैडेट्स के लिए विशेष आपदा प्रबंधन एवं क्षमता निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। एनडीआरएफ के प्रशिक्षित एवं अनुभवी टीम द्वारा भूकम्प से बचाव, सीपीआर, गले में फंसी बाहरी वस्तु के निकालने के तरीके, शारीरिक चोटों का अस्पताल पूर्व उपचार, तात्कालिक स्ट्रेचर बनाना, लिफ्टिंग और मूविंग के तरीके, विभिन्न जल बचाव तकनीकें, जल संरक्षण तकनीकें, सड़क सुरक्षा, हीट स्ट्रोक, दामिनी ऐप, मौसम ऐप, भूकंप ऐप के इंस्टॉलेशन और उपयोग आदि विभिन्न विषयों पर प्रशिक्षण प्रदान किया गया` कार्यक्रम मे उपस्थित लेफ्टिनेंट कर्नल एन एम रहमान, 97 यू.पी. बटालियन एनसीसी ने एनडीआरएफ का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि एनडीआरएफ टीम द्वारा आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम बहुत प्रशंसनीय और शिक्षाप्रद है।




## संक्षिप्त खबरें

### बनारस में अग्निवीर योजना में युवाओं को भड़काने के मुख्य आरोपी राहुल राज की हुई जमानत, प्रेस कॉन्फ्रेंस कर खुद को बताया निर्दोष



प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। सेना भर्ती से जुड़े अग्निवीर योजना मामले में पिछले साल पूरे देश में जमकर बवाल हुआ` इस क्रम में बीते दिनों 17 जून को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी में भी अग्निवीर योजना के खिलाफ छात्रों ने जमकर बवाल काटा था ` वाराणसी में हुए इस बवाल में सरकारी संपत्ति में तोड़फोड़ के साथ प्राइवेट गाड़ी को नुकसान भी हुआ इसी मामले में मुख्य अभियुक्त रहे कांग्रेस नेता राहुल राज को अब जिला न्यायालय से जमानत मिल गई है बताते चलें कि इस पूरे बवाल के बाद कमिश्नरेट पुलिस ने कार्रवाई करते हुए इस मामले में राहुल राज को मुख्य अभियुक्त बनाकर विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया था राहुल राज महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के पूर्व छात्र संघ उपाध्यक्ष एवं एनएसयूआई के नेता है इस मामले के बाद पिछले 9 महीने से फरार चल रहे थे` बता दें कि वाराणसी जिले के तीन थानों में राहुल राज के खिलाफ सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने तोड़फोड़ करने शांति व्यवस्था भंग करने के अलावा कई धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था राहुल राज को इस मुकदमों में वाराणसी जिला सत्र न्यायालय से अग्रिम जमानत के बाद वो कचहरी स्थित अंबेडकर पार्क पहुंचे जहां उनका भव्य स्वागत किया गया` मीडिया से बातचीत में राहुल राज ने हुंकार भरी और कहा मुझे गलत तरीके से फंसाया गया था जब इस तरह की घटना हुई तब मैं बीमार था और मुझे पीलिया रोग हुआ था, मुझे जान बूझकर फंसाया गया है इसके साथ ही राहुल राज ने यह भी कहा कि मैं हमेशा अग्नि वीरों के साथ हूं मैं उनके हर संघर्ष में उनका साथ दूंगा।

### विष्णु कान्त दूबे बने जिला अध्यक्ष

प्रखर मिजार्पुर। आल इंडिया फेयर प्राइज शाप डीलर्स फेडरेशन उत्तर प्रदेश ईकाई की बैठक मिजार्पुर में सम्पन्न हुई। जिसमें मुख्य अतिथि प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष गिरीश तिवारी जी थे।बैठक में नये कार्यकारिणी का गठन किया गया। विष्णु कान्त दूबे को सर्वसम्मति से जिला अध्यक्ष घोषित किया गया।तथा अन्तिम कुमार तिवारी को कार्यकारी अध्यक्ष गिरीश अवस्थी को जिला उपाध्यक्ष नीरज सिंह जिला उपाध्यक्ष विजय शंकर सिंह को महासचिवतथा सन्तोष दूबे जिला सचिव बनाया गया।बैठक में वाराणसी जिला उपाध्यक्ष लक्ष्मी पाण्डेय पवन पांडेय आदि लोग मौजूद थे।

### रात में बाहर निकले युवक की अज्ञात लोगों ने की हत्या

प्रखर जौनपुर। सुजानगंज थाना क्षेत्र के अजीया गांव में बुधवार की रात करीब 12 बजे घर से बाहर हवा लेने निकले एक युवक की कुछ अज्ञात लोगों ने हत्या कर दी। घटना को अंजाम देने के बाद शव को घर के पास ही स्थित नाहर में फेंक दिया। सुबह नहर में औंधे मुंह शव मिलने पर परिजनों में कोहराम मच गया। नजदीक जाकर देखा गया तो उसके सिर में पीछे की तरफ किसी रॉड या लाठी से वार किया गया है। उसके कान के पास भी खून के धब्बे लगे हैं। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया है। घटना कैसे हुई अभी इसकी जांच की जा रही है। परिवार के लोगों ने बताया कि 23 वर्षीय दिवाकर उर्फ सूरज पुत्र बृजलाल रात में अपने घर में सोया था। करीब 12 बजे अचानक बिजली कटी तो गर्मी से परेशान होकर वह बाहर निकला लेकिन पूरी रात वापस नहीं लौटा। सुबह कुछ लोगों ने घर से करीब 50 मीटर की दूरी पर स्थित नहर में औंधे मुंह गिरा हुआ देखकर परिजनों को सूचना दी। परिजन नजदीक जाकर देखे तो शव सूरज का था। तत्काल उसे बाहर निकाला गया और मामले की जानकारी पुलिस को दी गई। सीओ बदलापुर शुभम तोंडी व पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की।

### चोलापुर थाना क्षेत्र में विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

प्रखर दानगंज वाराणसी। चोलापुर थाना क्षेत्र के चंदापुर में बुधवार को एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। सूचना मिलने पर पहुंचे विवाहिता के मायके वालों ने ससुराल वालों पर दहेज हत्या का आरोप लगाया है। जानकारी के अनुसार ग्राम सोकहना थाना जीयनपुर जनपद आजमगढ़ निवासी परमेश की पुत्री सुनीता (22) का विवाह चोलापुर थाना क्षेत्र के चंदापुर निवासी पप्पू के पुत्र शिव शंकर के साथ 2019 में हुई थी। विवाहिता के पिता ने आरोप लगाया है कि विवाह के बाद से ही ससुराल वालों ने दहेज के लिए मेरी बेटी को प्रताड़ित करते थे कई बार गांव के लोगों के बीच पंचायत के माध्यम से समझौता हुआ दिनांक 17/5/2023 बुधवार को मेरी बेटी सुनीता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई।लड़के के पिता द्वारा मुझे इसकी सूचना दी गई।जिस पर मैंने मेरे पहुंचने से पहले अंतिम संस्कार करने से मना कर दिया था।लेकिन देर रात में पहुंचने से पहले ही साक्ष्य छुपाने के उद्देश्य से मेरी बेटी का दाह संस्कार कर दिया गया था। मृतका को 2 वर्षीय लड़की है। मृतका के पिता के तहरीर पर थाना चोलापुर में मृतका के पति शिवशंकर, ससुर पप्पू तथा देवर विशाल के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।



प्रखर पूर्वांचल

RNIUPHIN/2016/68754

मुद्रक प्रकाशक 'पंकज सिंह' के लिए सम्पादक 'अरूण सिंह' द्वारा 'गायत्री प्रिंटिंग प्रेस' सकलेनाबाद नियर दुर्गा चौक, गाजीपुर पिन कोडः 233001 से छपवाकर कनेरी गाजीपुर से प्रकाशित

सम्पादकीय कार्यालयः 9/10, टैगोर मार्केट, कचहरी, गाजीपुर पिन कोडः 233001

सम्पर्क सूत्रः 0548-2223833, +91-8858563779 +91-9450208067, +91-9452844802

सभी विवाद गाजीपुर न्यायालय के अधीन होगें।

ताजा खबर पढ़ने के लिए लॉगइन करें हमारी वेबसाइट
https://prakharpurvanchal.com
Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com

सांध्य दैनिक प्रखर पूर्वांचल अखबार के सभी पद अवैतनिक हैं